

भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद बोले- राहुल गांधी एक गंभीर नेता नहीं -12



भारत की बेरोजगारी दर जी-20 देशों में सबसे कम, केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ने कहा-12



जेलेंस्की ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ लगाने का किया समर्थन-13



अब हमारा पूरा ध्यान एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप पर : हरमनप्रीत सिंह- 14


आज का मौसम 34.0° अधिकतम तापमान 26.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 05.54 सूर्यास्त 06.26

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

अश्विन कृष्ण पक्ष द्वितीया 06:29 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 9 सितंबर 2025, वर्ष 6, अंक 290, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


न्यूज ब्रीफ

### मुख्तार के बेटे अब्बास अंसारी की विस की सदस्यता बहाल

**लखनऊ।** बाहुबली स्व. मुख्तार अंसारी के पुत्र और मऊ से विधायक अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता बहाल हो गई है। विधानसभा सचिवालय ने सोमवार को सदस्यता बहाली का आदेश जारी कर दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे ने उनकी सदस्यता बहाली का आदेश जारी कर दिया। बता दें कि मऊ से विधायक अब्बास अंसारी को स्थानीय अदालत ने बीती 31 मई को फौजदारी के मुकदमे में दो वर्ष की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गई थी।

### आरएसएस महासचिव एम्स-जोधपुर में भर्ती

**जोधपुर/नई दिल्ली।** आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले को सोमवार को उच्च रक्तचाप के कारण अचानक बीमार पड़ने के बाद एम्स-जोधपुर में भर्ती कराया गया। अस्पताल के चिकित्सकों ने यह जानकारी दी। चिकित्सकों की एक टीम आरएसएस के सरकार्यवाह होसबाले का इलाज कर रही है। एम्स जोधपुर के चिकित्सक के अनुसार, उनकी हालत बेहतर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। चिकित्सक ने कहा, दोपहर में होसबाले की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तुरंत एम्स लाया गया, जहां उनका रक्तचाप उच्च होने का पता चला। आरएसएस के राष्ट्रीय प्रचार एवं मीडिया विभाग के प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि होसबाले अब ठीक हैं और पूरी तरह से स्वस्थ हैं।

### एयरलाइंस प्रतिनिधियों संग समीक्षा बैठक की

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने सोमवार को एयरलाइंस उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ मासिक समीक्षा बैठक की जिसमें सुरक्षा, विमानों के बेड़े के प्रदर्शन और यात्री सुविधा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में नागर विमानन मंत्रालय और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारी भी शामिल हुए। नायडू ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि इन नियमित समीक्षाओं को परिचालन संबंधी मामलों में निगरानी और समन्वय मजबूत करने के लिए संस्थागत रूप दिया गया है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि एयरलाइंस सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करें।



## अल्काराज बने यूएस ओपन चैंपियन

**न्यूयॉर्क, एजेंसी** : स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने एथलेटिक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इटली के स्टार यानिक सिनर को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीत लिया। 22 वर्षीय इस खिलाड़ी ने आर्थर ऐश स्टेडियम में रविवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में सिनर को 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से हराया। अब वह विश्व टेनिस के शिखर पर पहुंच गए हैं। इस जीत के साथ अल्काराज ने 2022 में यूएस ओपन और 2023 में विंबलडन में जीत के बाद अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया।

विस्तृत खेल पेज पर

# महाभारत के बहुत रिश्ते जेल में होंगे: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्ववर्ती सरकार एक पद पर चला रही थी कई नियुक्तियों का धंधा
- नियुक्तियों में भ्रष्टाचार की जल्द आएगी सीबीआई जांच रिपोर्ट: योगी

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में एकबार फिर भ्रष्टाचारियों पर सीधा हमला बोला। आरोप लगाया की पूर्ववर्ती सरकार एक पद पर कई नियुक्तियों का धंधा चला रही थी। उन्होंने ऐसे कई मामलों की सीबीआई जांच रिपोर्ट जल्द आने की जानकारी देते चेतावनी दी कि महाभारत के बहुत रिश्ते जेल में होंगे।

मुख्यमंत्री योगी ने लोकभवन में सोमवार को 1112 कनिष्ठ सहायक और 22 एक्सरे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में वर्ष 2016 समेत उससे पहले की भर्ती प्रक्रियाओं पर निशाना साधा। कहा कि हमें कई भर्तियों की जांच सीबीआई को देना पड़ा। एक व्यक्ति आठ-आठ जगह नाम लिखाकर पैसा लिए जा रहा था, जब जांच हुई तब पता चला। यह एक परिवार के वही लोग हैं, जो पैसा लेकर भर्ती करते थे और यूपी की जनता को लूटते थे। अभी भी जांच चल रही है। समय पर जांच हो जाएगी तो महाभारत के बहुत रिश्ते अपना बाकी जीवन जेल में बिताने को मजबूर होंगे।

**अब डॉक्टर, दवा और बिजली तीनों एक साथ :** योगी ने कहा पहले अस्पताल बंद, डॉक्टर नहीं, दवा गायब और बिजली भी नहीं होती थी। आज हर जिले में आईसीयू, डायलिसिस, डिजिटल एक्सरे व ब्लड बैंक तक की सुविधा है। कहा, आप ईमानदारी से काम करें, किसी की सिफारिश से नहीं आए हैं।



लखनऊ के लोकभवन में नव चयनित कनिष्ठ सहायकों और एक्स रे टेक्निशियनों को नियुक्ति पत्र वितरित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### मुख्यमंत्री के हाथों इन्हें मिला नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री के हाथों हरदोई की प्रीति, सुल्तानपुर से जनेश्वर द्विवेदी, सीतापुर से अंजू देवी, बाराबंकी से पुनीत, अयोध्या से काजल, लखनऊ से मो. रफद, लखनऊ से कनक, अंबेडकरनगर से नुरुद्दीन, गोरखपुर से अनुराधा, सीतापुर से राहुल, लखनऊ से कोमल, लखनऊ से सौरभ सिंह, बाराबंकी से स्नेहा वर्मा, सीतापुर से शिवशंकर, अयोध्या से प्रियंका, लखनऊ से विदित मौर्य, अंबेडकरनगर से सविता, रायबरेली से सोनू लाल नियुक्ति पत्र मिला। जबकि एक्सरे टेक्नीशियन सीतापुर से विश्वनाथ, लखनऊ से साक्षी, सीतापुर से मोहनलाल, सीतापुर से विपिन को नियुक्ति पत्र मिला।

# नेपाल की संसद में घुसे प्रदर्शनकारी, पुलिस फायरिंग में 20 की मौत, 300 से ज्यादा घायल

## सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर सरकार के प्रतिबंध का विरोध, गृह मंत्री रमेश लेखक का इस्तीफा

काठमांडू, अमृत विचार नेटवर्क/ एजेंसी

- जेन जी के बैनर तले स्कूली छात्रों समेत हजारों युवाओं की दंगा-रोधी पुलिस के साथ झड़प

नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाए जाने के विरोध में राजधानी काठमांडू और कुछ अन्य इलाकों में सोमवार को युवाओं ने हिंसक प्रदर्शन किया। इस दौरान कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 300 से अधिक घायल हो गए। काठमांडू में हालात को नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों को सेना को तैनात करना पड़ा। नेपाल के गृह मंत्री रमेश लेखक ने काठमांडू व देश के अन्य हिस्सों में हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद इस्तीफा दे दिया।

काठमांडू में 'जेन जी' के बैनर तले स्कूली छात्रों समेत हजारों युवा संसद भवन के सामने इकट्ठा हुए और प्रतिबंध को तुरंत हटाने की मांग करते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए। हालांकि, मौतों की आधिकारिक संख्या के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवाओं का प्रदर्शन उस समय हिंसक हो गया जब कुछ प्रदर्शनकारी संसद परिसर में घुस गए, जिसके बाद पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियों का इस्तेमाल करना पड़ा। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों में छह लोग ट्रॉमा सेंटर, तीन सिविल अस्पताल, तीन एवरेस्ट अस्पताल, एक काठमांडू मेडिकल कॉलेज (केएमसी) और एक त्रिभुवन यूनिवर्सिटी टीचिंग अस्पताल में है।

'जेन जी' आंदोलन में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। नेपाल पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि दो सुरक्षाकर्मियों समेत 300 लोग घायल हुए हैं और उनका इलाज वर्तमान में काठमांडू के सिविल अस्पताल में चल रहा है।

सैन्य अधिकारियों ने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सेना को तैनात किया गया है। हिंसा के बाद स्थानीय प्रशासन ने राजधानी के कई हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया। यह विरोध प्रदर्शन दूसरे शहरों में भी फैल गया है।



काठमांडू में संसद को घेरकर प्रदर्शन करते युवा।



प्रदर्शनकारी को दबोचे पुलिसकर्मी।

### भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ी

**लखनऊ, अमृत विचार** : नेपाल के मौजूदा हालात को देखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। सशस्त्र सीमा बल ने सीमा पर अतिरिक्त टुकड़ियों और सर्विलांस की तैनाती की है। भारत-नेपाल बॉर्डर की सुरक्षा एसएसबी के जिम्मे है और हालात को देखते हुए निगरानी और भी सख्त कर दी गई है। इस बीच इंटेलीजेंस विंग भी वहां की स्थितियों की टोह ले रहा है।

### 26 सोशल मीडिया मंचों पर 4 सितंबर को लगाया था प्रतिबंध

नेपाल सरकार ने अनिवार्य पंजीकरण प्रक्रिया का पालन नहीं करने पर 4 सितंबर को फेसबुक, व्हाट्सएप और एक्स सहित 26 सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार ने अपना रुख स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध उन्हें विनियमित करने के लिए लगाया गया है, लेकिन आम जनता में धारणा यह है कि इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला होगा और सेंसरशिप की नौबत आ सकती है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने देश में अपंजीकृत सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध लगाने के अपने सरकार के फैसले का समर्थन करते हुए रविवार को कहा कि राष्ट्र को कमजोर किए जाने के प्रयास कभी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

# पहचान के लिए आधार को बनाएं 12वां दस्तावेज

नई दिल्ली, एजेंसी

बिहार एसआईआर मामला



- निर्वाचन आयोग को निर्धारित दस्तावेज के रूप में शामिल करने का दिया निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आधार को 12वें निर्धारित दस्तावेज के रूप में शामिल करे। फिलहाल, बिहार में एसआईआर के लिए 11 निर्धारित दस्तावेज हैं जिन्हें मतदाताओं को अपने प्रपत्रों के साथ जमा करना होगा।

हालांकि, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने स्पष्ट किया कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं होगा और आयोग मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए मतदाता द्वारा प्रस्तुत आधार कार्ड संख्या की वास्तविकता का पता लगा सकता है। न्यायालय ने कहा कि कोई भी नहीं चाहता कि निर्वाचन आयोग अवैध प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करे। पीठ ने कहा कि यह स्पष्ट होना चाहिए कि केवल वास्तविक नागरिकों को ही मतदान करने की अनुमति हो और जाली दस्तावेजों के आधार पर वास्तविक होने का दावा करने वालों को मतदाता सूची से बाहर रखा जाए। शीर्ष अदालत ने मतदाताओं से आधार कार्ड स्वीकार नहीं करने के लिए निर्वाचन अधिकारियों को जारी कि, गए कारण बताओ नोटिस पर भी आयोग से स्पष्टीकरण मांगा। आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने दलील दी कि मसौदा मतदाता सूची में शामिल 7.24 करोड़ मतदाताओं में से 99.6 प्रतिशत ने दस्तावेज जमा कर दिए हैं और याचिकाकर्ताओं द्वारा 'आधार' को 12वें दस्तावेज के रूप में शामिल करने के अनुरोध से कोई व्यावहारिक उद्देश्य पूरा नहीं होगा। पीठ ने कहा कि यह नागरिकता का प्रमाण नहीं है, लेकिन इसे पहचान के प्रमाण के रूप में माना जा सकता है।

# मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, दो जवान शहीद

श्रीनगर, एजेंसी

- कुलगाम में तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर चलाई गोलियां, सेना का सर्च ऑपरेशन जारी

जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में सोमवार को मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और सेना के दो जवान शहीद हो गए। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने गुडार वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तलाश अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाए जाने के बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी।

सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा, पुलिस को खुफिया सूचना मिलने के बाद भारतीय सेना, पुलिस व सीआरपीएफ ने संयुक्त तलाश अभियान चलाया। सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और आतंकवादियों को ललकारा, जिसपर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। दोनों ओर से भीषण गोलीबारी हुई और एक आतंकवादी मारा गया, वहीं एक जूनियर कमीशन अधिकारी घायल हो गया। मारे गए आतंकवादियों में से एक स्थानीय था, जबकि दूसरा विदेशी आतंकवादी था, जिसका कोड नाम रहमान भाई था। शहीद जवानों में सूबेदार प्रभात गौड़ और हरियाणा के कैथल जिले के गांव रोहेड़ा निवासी लांस नायक नरेंद्र सिंह सिंधु हैं।



# एंटी करप्शन टीम ने 12 हजार रिश्वत लेते दरोगा पकड़ा

संवाददाता, सहसवान



- बरेली एंटी करप्शन टीम ने कोतवाली उझानी में दर्ज कराई रिपोर्ट
- जानलेवा हमले के तीन भाइयों को जेल भेजने के नाम पर मांगे रुपये

**अमृत विचार :** सहसवान कोतवाली क्षेत्र में एंटी करप्शन की टीम ने दरोगा को 12 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। दरोगा ने वादी से जानलेवा हमले के आरोपियों को जेल भेजने के नाम पर रुपयों की मांग की थी। टीम ने कोतवाली उझानी में रिपोर्ट दर्ज कराई और दरोगा को साथ ले गई। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने आरोपी दरोगा को निलंबित कर दिया है।

सहसवान कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अल्लेहदादपुर धोबई निवासी दिनेश मिश्रा ने 17 जुलाई को तहरीर देकर बताया था कि उन्होंने ट्रैक्टर से गांव निवासी तीन भाई वेदप्रकाश, रामकुमार और हरिबाबू के खेत की जुताई की थी। उनपर दिनेश मिश्रा के एक हजार रुपये थे। रुपये मांगने पर वह लोग टालमटोल कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें जमकर पीटा था और जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। हल्का नंबर चार पर तैनात दरोगा कमलेश सिंह विवेचना कर रहे थे। दरोगा ने दिनेश को डराया। कहा कि उन्होंने झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई है। दिनेश मिश्रा ने अधिकारियों से शिकायत की थी। आरोप है कि दरोगा ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज मुकदमा में धाराएं बढ़ाने और जेल भेजने के नाम पर रुपयों की मांग की। दिनेश ने कहा कि उनपर ही जानलेवा हमला हुआ है तो वह रुपये क्यों दें। वह रुपये नहीं दे पाएंगे। दरोगा ने धमकाया तो उन्होंने परेशान होकर रुपये देने की हामी भरते हुए बरेली एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। दरोगा की कार्यशैली के बारे में बताया और संबंधित साक्ष्य भी उपलब्ध कराए थे।

# उपराष्ट्रपति कौन... आज होगा तय

नई दिल्ली, एजेंसी



- लोस और रास के सदस्य अपने वोट के माध्यम से करेंगे फैसला
- सुबह 10 बजे से शुरू होगा मतदान, देर शाम तक नतीजे

लोकसभा व राज्यसभा के सदस्य मंगलवार को अपने वोट के माध्यम से यह फैसला करेंगे कि सीपी राधाकृष्णन और बी सुदर्शन रेड्डी में से देश का अगला उपराष्ट्रपति कौन होगा। राधाकृष्णन, सत्तारूढ़ राजग के उम्मीदवार हैं, जिनका सीधा मुकाबला विपक्ष के संयुक्त प्रत्याशी सुदर्शन रेड्डी से है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान मंगलवार 9 सितंबर को सुबह 10 बजे शुरू होगा और शाम 5 बजे समाप्त होगा। मंगलवार देर शाम तक नतीजे घोषित होने की उम्मीद है।

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी ने कहा कि मतदान मंगलवार को संसद भवन के कमरा संख्या एफ-101, वसुधा में होगा। देश के 17वें उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए, निर्वाचक मंडल में रास के 233 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में पांच सीटें रिक्त हैं), तथा 12 मनोनीत सदस्य और लोस के 543 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में एक सीट रिक्त है) शामिल हैं। निर्वाचक मंडल में कुल 788 सदस्य (वर्तमान में 781) हैं।

### वोटिंग से दूर रहेगी बीजद-बीआरएस

ओडिशा की प्रमुख विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) ने कहा कि उसके सांसद मतदान से दूर रहेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता वाली पार्टी ने कहा कि उसने राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और कांग्रेस-नीत इंडिया गठबंधन से समान दूरी बनाए रखने की अपनी नीति के तहत यह फैसला लिया है। उधर, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने कहा कि उनकी पार्टी नौ सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव से दूर रहेगी।

सख्ती | मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर यूपी के सभी शिक्षण संस्थानों में मान्यता व प्रवेश की होगी जांच

# राज्य के विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों की होगी सघन जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रत्येक जिले में विशेष जांच टीम बनेगी, कोर्सेज की सूची व स्वीकृति पत्र की होगी पड़ताल
- प्रक्रिया पर मंडलायुक्त रखेंगे नजर, 15 दिन के भीतर शासन को रिपोर्ट भेजना अनिवार्य

> यह कवायद सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य और शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा है। जांच की पूरी प्रक्रिया पर मंडलायुक्त प्रत्यक्ष निगरानी रखेंगे। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। - **योगी आदित्यनाथ**, मुख्यमंत्री

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों की मान्यता व प्रवेश प्रक्रिया की गहन जांच के आदेश दिए हैं।

जनपद स्तर पर जांच पूरी कर 15 दिन के भीतर शासन को समेकित रिपोर्ट भेजना अनिवार्य होगा। दरअसल, राज्य सरकार ने बाराबंकी में श्रीरामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय(एसआरएमयू) में सामने आई अनियमितताओं के बाद यह कदम उठाया है।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अब प्रत्येक मंडलायुक्त अपने-अपने मण्डल के तहत आने वाले सभी जिलों में विशेष जांच टीम गठित करेंगे। इन टीमों में एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, एक पुलिस विभाग का अधिकारी और एक शिक्षा विभाग का अधिकारी अनिवार्य रूप से शामिल होगा। यह टीम जमीनी स्तर पर जांच कर संस्थानों की मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया की हकीकत सामने लाएगी। जांच के दौरान प्रत्येक शैक्षणिक संस्था से शपथ पत्र लिया जाएगा।

इसमें यह स्पष्ट करना होगा कि संस्थान केवल उन्हीं कोर्सों का संचालन कर रहा है, जिन्हें नियामक निकाय, विश्वविद्यालय या बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। इसके साथ ही, संचालित सभी कोर्स की सूची और उनके मान्यता-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि किसी भी छात्र का दाखिला बिना मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम में नहीं होना चाहिए। यदि जांच में किसी संस्थान में अवैध प्रवेश या बिना मान्यता के कोर्स संचालित पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं, ऐसे संस्थानों को छात्रों से लिया गया संपूर्ण शुल्क ब्याज सहित वापस करना होगा। सरकार ने साफ कर दिया है कि छात्रों का भविष्य किसी भी हाल में दांव पर नहीं लगाया जाएगा।



### ब्याज सहित लौटानी होगी फीस

मुख्यमंत्री से आदेश पाते ही प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल ने सभी मंडलायुक्तों को जारी शासनादेश में कहा है कि जो भी शैक्षणिक संस्थान अवैधानिक प्रवेश या बिना मान्यता वाले कोर्स संचालित करते पाए गए तो उनके खिलाफ न केवल सख्त कानूनी कार्रवाई होगी बल्कि ऐसे संस्थानों को छात्रों से लिए गए पूरे शुल्क को ब्याज सहित वापस करना होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कागजों में हेरफेर कर सरकारी जमीन कब्जाई

**पुवायां, अमृत विचार :** सरकारी दस्तावेजों में हेरफेर कर सरकारी जमीन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। भाकियू कार्यकर्ताओं ने शिकायती पत्र देकर बताया गांव में नवीन परती की कुछ भूमि है, जिस पर गांव के ही दो युवक कब्जा किए हैं। इस मामले में उक्त लोगों ने सरकारी दस्तावेजों में हेरफेर कर नवीन परती को आबादी में दर्ज करवा दिया, जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले में जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### निरीक्षण भवन में सिंचाई बन्धु की बैठक आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सितंबर की जनपद सिंचाई बन्धु बैठक मंगलवार को सुबह 11 बजे निरीक्षण भवन शारदा नहर खण्ड बाईबाग पुवायां रोड में होगी। जिसकी अध्यक्षता अमरजीत सिंह उपाध्यक्ष सिंचाई बन्धु द्वारा की जाएगी। उक्त बैठक में नहरों एवं नलकूपों से सिंचाई के संबंध में एजेंडानुसार चर्चा व समीक्षा की जाएगी। जानकारी शारदा नहर खंड अधिशासी अभियंता ने दी।

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के साक्षात्कार 10को

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष–2025–26 के लिए, जनपद में राजमिस्त्री, कुम्हार ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण कराया जाएगा। जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया कि 7 तक ऑनलाइन आवेदित सभी अभ्यार्थियों का साक्षात्कार व चयन मुख्यालय द्वारा निर्धारित स्कोर कार्ड के आधार पर 10 को सुबह 11 बजे से साक्षात्कार किया जाएगा। सभी लाभार्थी अपने मूल प्रमाण–पत्रों सहित कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र में साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### आयुष बने विद्यार्थी परिषद के महानगर मंत्री

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्रज प्रांत शाहजहांपुर महानगर की नवीन सत्र 2025–26 की कार्यकारिणी का गठन स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में किया गया। जिसमें आयुष श्रीवास्तव को महानगर मंत्री शाहजहांपुर बनाया गया। इस मौके पर संगठन मंत्री राहुल गंगवार, जिला संगठन मंत्री संदीप, जिला संयोजक वैभव सक्सैना, भानू प्रताप, अभय शुक्ला, अतितोष सिंह, अंशु, अनुज आदि ने हर्ष व्यक्त किया।


आयुष श्रीवास्तव।

# जलमग्न कॉलोनियों से पंपिंग सेट से निकाला जाएगा पानी: डीएम

## बाढ़ से उत्पन्न हालातों से निपटने एवं प्रभावितों को राहत को डीएम का आदेश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में बाढ़ से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए एवं बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों तक अविलंब राहत सामग्री पहुंचाने के लिए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विभागों के साथ बैठक कर उनको दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। साथ ही उन्होंने विभागवार सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी बांटते हुए, उसका ठीक से निर्वहन करने को कहा है। उन्होंने तहसील सदर, तिलहर, जलालाबाद एवं कलान समेत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जलमग्न हुए क्षेत्रों के प्रभावितों का विस्तृत सर्वे कर सूची बनाते हुए प्रभावित परिवारों को शासन से निर्धारित राहत किट उपलब्ध कराई जाए, जलमग्न हुई फसलों का सर्वे दो दिन में पूर्ण कराते हुए राहत सहायता प्रभावित किसानों को वितरित करा दी जाए। इसके साथ ही नाव, नाविक, लंच पैकेट, बाढ़ राहत किट आदि का भुगतान संबंधित फर्मों को एक सप्ताह में कराने को कहा है। राहत सामग्री को जन-प्रतिनिधियों के माध्यम से कैम्प लगाकर वितरित कराया जाए। किसी भी बाढ़ पीड़ितों को कोई दिक्कत न आए, इसके लिए कहा है।

### जिलाधिकारी ने विभागवार बांटी जिम्मेदारियां

**नगर निगम एवं पंचायतराज विभाग**

- ग्रामीण और नगर में जलजमाव वाले क्षेत्रों में साफ–सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाए।
- प्रभावित क्षेत्रों में चूने व एन्टीलार्वा आदि का छिड़काव कराया जाए।
- प्रभावित क्षेत्रों में अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए एक सप्ताह तक फॉगिंग कराया जाए।
- नगर निगम की ओर से जिला अस्पताल व ऐसी विभिन्न कालोनियां जहां जल जमाव है, वहां पंप से पानी की निकासी कराई जाए।

**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग**

- जलमग्न हुए समस्त मोहल्लो व कालोनियों में डॉक्टर व स्टाफ की ड्यूटी लगाते हुए मेडिकल कैम्प संचालित करते हुए जरूरतमंदों को दवाएं व चिकित्सीय सेवाएं प्रदान की जाए।
- संभावित जलजनित बीमारियों की रोकथाम को जन–जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा ब्लीचिंग पाउडर, चूने आदि का जगह–जगह छिड़काव कराया जाए।
- स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दवा, जीवनरक्षक औषधियों, क्लोरीन टैबलेट्स, एंटीस्नेक वेनम, एन्टी रेबीज आदि का समुचित भंडारण किया जाए।

**पशुपालन विभाग**

- बाढ़ के कारण जलमग्न हुई निजामपुर गौटिया, नवादा आदि गोशालाओं पर साफ–सफाई सुनिश्चित कराई जाए।
- गौशालाओं में चूने आदि का छिड़काव तथा बीमार व चोटिल पशुओं का तत्काल उपचार सुनिश्चित करें।
- पशुओं को सुनियोजित ढंग से डिस्पोज करने को कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही पूर्ण कराई जाए।

**लोक निर्माण विभाग**

- बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को तत्काल मरम्मत कराया जाए।
- मुख्य मार्गों को यातायात हेतु शीघ्र चालू कराने के लिए अस्थायी मरम्मत करा लिए जाए।
- क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलों, भवनों व अन्य का सर्वेक्षण कर आंकलन रिपोर्ट शासन को भेजना सुनिश्चित करें।

**विद्युत विभाग**

- बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए ट्रांसफार्मर, तार, पोल आदि का सर्वे कर उन्हें तत्काल बदलवा दिया जाए।
- जल जमाव वाले क्षेत्रों में विद्युत से यदि किसी भी प्रकार क्षति होती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

बाढ़ के बाद उत्पन्न हुई स्थितियों से निपटने के लिए बैठक कर साफ –सफाई को लेकर विभागों को दिशा निर्देश दिए। जिला पंचायत को दिशा निर्देश दिए गए हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलवाकर एंटी लार्वा छिड़काव नियमित कराएं और तीन से चार दिन विशेष अभियान चलाकर रिपोर्ट दे, साथ ही स्वास्थ्य टीमें जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर लोगों को बुखार की दशा में दवा वितरण आदि करेगी। इसको लेकर सीएमओ को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। नगर निगम को बोला है कि जिन वार्डों में पानी भरा हुआ है, उसको तत्काल निकालने के लिए पंप बगैरह लगवाएं।
– **धर्मेंद्र प्रताप सिंह**, डीएम




प्रशिक्षण में छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ● अमृत विचार

# युवा अपने कौशल को पहचानें व निखारें

- मेरा युवा भारत द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रोजा स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन हो गया। इस अवसर पर मेरा युवा भारत शाहजहांपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में केंद्र सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए युवाओं को प्रेरित किया और उनको अपने कौशल को पहचानने और निखारने पर बल दिया। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से विभिन्न योजनाओं के जनजागरूकता अभियानों के नेतृत्व के लिए आग्रह क़िया। समाजसेवी मुकेश परिहार ने युवाओं को गीत के माध्यम से प्रेरित करते हुए कौशल भारत मिशन, पीएमकेवीवाई पर प्रकाश डाला। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रूपक श्रीवास्तव ने डिजिटल इंडिया व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनाओं पर प्रकाश डाला। नमामि गंगे परियोजना से डीपीओ डॉ. विनय सक्सेना ने नदी एवं पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कराई। सचिव इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी डॉ. विजय जौहरी ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं पर प्रकाश डाला। जन शिक्षण संस्थान के निदेशक सुशील मिश्रा ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया सहित अन्य युवा कौशल की योजनाओं पर प्रकाश डाला और विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। बैंक ऑफ बड़ौदा से एलडीएम रवि कुमार ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जन धन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, स्टैंड अप इंडिया योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित अन्य युवा हितकारी बैंकिंग वित्तीय योजनाओं के संबंध में अवगत कराया।

जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने हाल ही में सरकार द्वारा किए गए नए जीएसटी रिफॉर्म्स के बारे में अवगत कराते हुए इसके लाभों के बारे में बताया और मेरा युवा भारत पोर्टल पर उपलब्ध विभिन्न अवसरों, अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम, वालंटियर फ़ॉर भारत सहित पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, सीएम युवा योजना सहित अन्य योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए और सभी को नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर कृष्ण मुरारी, कृष्ण कुमार, चंद्राणी राय, संजय सिंह, रविन्द्र कुमार, हिमांशु सक्सेना, शैलेन्द्र सिंह, नीतीश कुमार, अमलेश सिंह, वेदप्रकाश, अमित कश्यप सहित सैकड़ों युवा व आईटीआई के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं से मारपीट कर छीने कुंडल और जंजीर

- रविवार शाम को डॉक्टर के यहां से दवा लेकर लौटते समय तीन लोगों ने की मारपीट और लूट

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार:** ग्राम मालौ की मजरा तितुरी निवासी सतेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया रविवार शाम 7:30 बजे वह कलान कस्बे में स्थित डॉ. मानसिंह वर्मा के क्लीनिक से दवा लेकर बाइक से घर लौट रहा था।

उसके साथ कासगंज जनपद थाना सोरौ क्षेत्र के ग्राम मुसावली निवासी महेंद्रपाल की पत्नी मीना देवी और अमर सिंह की पत्नी राजनश्री भी थीं। आरोप है जैसे ही वे तितुरी और मालौ गांव के बीच पहुंचे, घात लगाए बैठे तीन लोगों ने लाठी-डंडों और लात-घूसों से हमला कर दिया। हमलावरों ने बाइक पर बैठी राजनश्री के सोने के कुंडल और जंजीर छीन लिए। हमले में सतेंद्र समेत दोनों महिलाएं घायल हो गईं। रात में ही तीनों थाने पहुंचे, जहां से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

प्राथमिक उपचार के बाद मीना देवी और राजन श्री की गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बदायूं रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि हमलावर तितुरी गांव के ही निवासी बताए जाते हैं।

# नशे में ग्रामीण की मोबाइल और 10 हजार रुपये निकाले

**कलान, अमृत विचार:** ग्राम बहेलियां नगला निवासी हरिपाल सिंह यादव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसका मोबाइल और 10 हजार रुपये ढाबा मालिक ने निकाल लिए।

हरिपाल सिंह ने बताया वह रविवार को भैंस खरीदने बदायूं गया था, लेकिन भैंस न मिलने पर लौट आया। रास्ते में उसने शराब पी ली, जिसके बाद बाइक चलाना मुश्किल हो गया। रात 10:30 बजे वह स्टेट हाईवे मुरादाबाद–फर्रुखाबाद मार्ग पर चांदपुर गांव के पास एक ढाबे पर रुक गया। उसके अनुसार, नशे की हालत में ढाबा मालिक ने उसका मोबाइल और 10 हजार रुपये निकाल लिए।

# कंबाइन मशीन बिना एसएमएस यंत्र के न हो संचालित

- पराली प्रबंधन-प्रदूषण नियंत्रण को डीएम सख्त, किसानों को पराली जलाने से रोका जाएगा
- पराली जलाने वाले किसानों की गन्ने की पर्ची सट्टे होंगे निरस्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


डीएम पराली प्रबंधन को बैठक करते हुए। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** डीए धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में खरीफ फसल अवशेष विशेषकर धान की पराली जलाने से उत्पन्न होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम को कलेक्ट्रेट में बैठक हुई। डीएम ने पराली जलाने की घटनाओं की समीक्षा करते हुए पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसडीएम, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे कि धान की फसल कटाई के दौरान कोई भी कंबाइन मशीन बिना आधुनिक एसएमएस यंत्र के संचालित नहीं होगी। यदि कोई कंबाइन मशीन मालिक इस निर्देश की अवहेलना करते पाए जाते हैं तो उसे तत्काल जब्त कर लिया जाएगा।

उन्होंने किसानों को स्पष्ट संदेश दिया कि पराली जलाने वाले किसानों की गन्ने की पर्ची सट्टे निरस्त की जाएगी और धान बेचने के लिए किए गए रजिस्ट्रेशन का सत्यापन नहीं किया जाएगा, जिससे वह सरकारी क्रय केंद्र पर धान बेचने में असमर्थ होंगे। इसके अतिरिक्त यह भी कहा कि ऐसे किसानों को सरकारी योजनाओं से वंचित किया जाएगा, ताकि वह इस अनैतिक प्रथा से दूर रहें। पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए गांव-वार ड्यूटी लगाई जाएगी और रात्रि चौपाल लगाकर किसानों को दुष्परिणाम और जुर्माने की जानकारी दी जाएगी, ताकि वे स्वेच्छा से इस प्रवृत्ति से बचें। खंड विकास अधिकारियों को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वह ब्लॉक वॉर लक्ष्य निर्धारित कर गौशालाओं तक पराली पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बच्चों के माध्यम से भी जागरूकता बढ़ाने को हर सप्ताह विद्यालयों में प्रार्थना सभा में पराली जलाने के कुप्रभाव और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा की जाएगी, ताकि वह अपने घरों में भी पराली न जलाने के प्रति सजगता का संदेश दें।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

- जलभराव हटाने और सफाई व्यवस्था पर जोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते मेयर अर्चना वर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** महापौर अर्चना वर्मा और नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा ने नगर निगम अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत न्यू सिटी ककरा स्थित नंदीशाला से हुई, जहां नंदी सामान्य अवस्था में पाए गए और हरा चारा, भूसा व पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई।

इसके बाद महापौर और नगर आयुक्त ने अजीजगंज, वनफूलनगर कॉलोनी, नवादा इंदेपुर, मघई टोला और गदियाना वार्ड का दौरा किया। उन्होंने जलभराव वाले स्थलों पर सक्शन मशीन और पंप से पानी निकालने, सफाई अभियान और कीट नियंत्रण कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। महापौर ने लोगों से अपील की कि किसी भी नगर निगम से संबंधित आवश्यकता होने पर कंट्रोल रूम (फोनः 05842-225437, मोबाइलः 7355003882, टोल फ्रीः 1533) पर संपर्क करें। निरीक्षण के दौरान जोनल अधिकारी और मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक भी मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर निकाली साक्षरता रैली

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर सोमवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से बीएसए दिव्या गुप्ता, बीईओ सुरेंद्र कुमार मौर्या ने हरी झंडी दिखाकर साक्षारता रैली को रवाना किया गया। उक्त रैली के बच्चों ने किला क्षेत्र में भ्रमण किया और महानगरवासियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए शिक्षक शिक्षकों एवं बच्चों के माध्यम से नारे लगवाए गए शिक्षा संबंधित गीत भी गाए गए। इस अवसर पर बीएसए ने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक आगे बढ़ने की अपील की गई। साथ ही उन्होंने अभिभावकों व बच्चों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।


बीएसए दिव्या गुप्ता ने बच्चों के साथ। ● अमृत विचार

# जीएसटी दरों में सुधार पर जताया आभार

- जिले के व्यापारियों ने डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ के नेतृत्व में नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता के साथ पदाधिकारियों ने मोदी सरकार की ओर से जीएसटी की दरो में ऐतिहासिक सुधार के लिए प्रधानमंत्री को एक धन्यवाद ज्ञापन डीएम के माध्यम से भेजा। व्यापारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को दिए गए ज्ञापन में बताया प्रधानमंत्री को समस्त जिला इकाइयों व प्रदेश के व्यापारी समाज की ओर से हृदय से धन्यवाद दिया गया। जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने कहा हमारा संगठन लंबे समय से व्यापारी हित में यही मांग कर रहा था। अपने दूरदर्शी एवं सशक्त निर्णय लेते हुए जीएसटी को दो स्लैब में लागू करके ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस साहसिक एवं दुरगामी कदम के लिए व्यापारी समाज आपका हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता है। इस मौके पर प्रदेश मंत्री धर्मपाल रैना, सुल्तान अहमद खां, सुनील गुप्ता, नाजिम खान, नीरज गुप्ता, अतुल गुप्ता, सतनाम चावला समेत अन्य मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंची स्वास्थ्य टीम


बाढ़ प्रभावित गांवों में मरीजों का इलाज करते स्वास्थ्य टीम के डॉक्टर और कर्मचारी।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सीएचसी जरियनपुर की स्वास्थ्य टीम ने बोट एंबुलेंस से बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचकर शिविर लगाया।

इस दौरान इस्लामनगर फर्स्ट में 222 मरीजों और इस्लामनगर सेकंड में 228 मरीजों का उपचार किया गया। वहीं दोनों गांवों में कुल 160 लोगों की विभिन्न प्रकार की जांचें की गईं। स्वास्थ्य कैम्प में जरियनपुर सीएचसी की टीम सक्रिय रही। इस टीम में डॉ. विकास, डॉ. गौरव, डॉ. अक्षिता, सचिन कुमार, शिवम मिश्रा और सौरव दूवेदी शामिल रहे। टीम के सदस्यों ने बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया और आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया।

**मिला रोजगार** | जिले के छह कनिष्ठ सहायकों को कलेक्ट्रेट सभागार में नियुक्ति पत्र किए गए वितरित

# डीएम बोले, दायित्वों को ईमानदारी से निभाएं

- एक्सरे टेक्नीशियन के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के तहत निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से चयनित 1,112 कनिष्ठ सहायक एवं 22 एक्सरे टेक्नीशियन के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम लखनऊ में आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में भी किया गया, जहां जिले के 6 कनिष्ठ सहायकों को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, महापौर अर्चना वर्मा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ डा.अपराजिता सिंह, सीएमओ डॉ. विवेक कुमार मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं नव चयनित 6 कनिष्ठ सहायक मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नवचयनित कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और उन्हें अपने पदीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक एवं जिम्मेदारी से निर्वहन करने की अपेक्षा व्यक्त की।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नव चयनित कनिष्ठ सहायकों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपने कर्तव्य एवं दायित्वों को पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाएं। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए यह भी अपेक्षा व्यक्त की कि वे निरंतर प्रगति करते रहे।


कलेक्ट्रेट में जनपद के 6 कनिष्ठ सहायकों को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

# बाढ़ की त्रासदी में मदद को आगे आए जनप्रतिनिधि

**रौसर कोठी/ शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जनपद में बाढ़ की विभीषिका ने काफी तबाही मचाई है। गर्रा और खन्नौत नदियों के उफान ने सैकड़ों परिवारों को प्रभावित किया। मेडिकल कॉलेज परिसर तक पानी भर आया, दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर दो फीट पानी जमा हो गया और कई कॉलोनियों में लोग घरों में कैद हो गए। इसी बीच पूर्व विधान परिषद सदस्य संजय मिश्रा ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने सुभाष नगर कॉलोनी, न्यू आनंदपुरम कॉलोनी, काशीराम कॉलोनी समेत आसपास के गांवों में जरूरतमंद परिवारों को भोजन के पैकेट वितरित किए। समाजसेवी हरिशरण बाजपेई, नीरज वाजपेयी, सर्वेश मिश्रा और पूर्व प्रधान पुत्र संजीव मिश्रा सहित अन्य सहयोगी भी साथ रहे। उधर, नवादा इन्देपुर में पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्र ने अपनी टीम से बाढ़ पीड़ितों के लिए भोजन तैयार कराया और प्रभावित के पास पहुंच कर वितरण किया।


भोजन तैयार कराते पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### शादी का झांसा देकर करता रहा दुष्कर्म

पुवायां, अमृत विचार : सिंधौली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती ने शादी का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म करने वाले युवक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि सगी बहन के देवर ने उसे रिश्तेदारी के बहाने अपने घर बुलाकर शारीरिक संबंध बनाना शुरू किया। युवती ने बताया कि आरोपी उसे मेलों और अन्य स्थानों पर घुमाने ले जाता था और लगातार संपर्क में रखकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस दौरान युवती दो बार गर्भवती हुई, लेकिन आरोपी ने बच्चा गिराने की दवा खिला दी। बाद में युवक ने कहीं अन्य जगह शादी तय कर ली। युवती को जानकारी मिली तो वह युवक के घर गई, लेकिन उसकी मां और भाई सुमित ने उसे पीटकर घर से भगा दिया। पीड़िता ने तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त सोनू यादव निवासी हुण्डाल खेल कोतवाली को जिला प्रशासन ने जिला बदर किया था। पुलिस ने उसे क्षेत्र में घूमता हुआ पाए जाने पर गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

### मकान के अंदर बुजुर्ग का शव मिला

रोजा/शाहजहांपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श नगर कॉलोनी में पुलिस ने एक मकान का दरवाजा तोड़कर 72 वर्षीय अवधेश गुप्ता का शव सड़ी गला अवस्था में बरामद किया है। मोहल्ले वालों को मकान से दुर्गंध आई तो पुलिस को सूचना दी। शव तीन दिन पुराना है। मोहल्ले वालों ने पुलिस को बताया कि अवधेश गुप्ता अकेले मकान में रहते थे। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे। पिछले पांच दिन से उनको बाहर आते नहीं देखा गया। रविवार की शाम मकान से दुर्गंध आई तो कुछ शक हुआ। उसके शव का चूहें, बिल्ली आदि नोच कर खा गए थे। घटना के समय टीवी चालू हालत में मिला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### बिजली की चपेट में आने से दो भैंसों की मौत

तिलहर, अमृत विचार : आकाशीय बिजली गिरने से सोमवार दोपहर धनकपुर गांव निवासी विश्राम यादव की दो भैंसों की मौत हो गई। हादसे के समय दोनों भैंसें घर के सामने पेड़ के नीचे बंधी थीं। लगभग 1:30 बजे जोरदार धमाके के साथ बिजली गिरने से दोनों की मौत हो गई। किसान को इससे 80 हजार का नुकसान हो गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर मुआवजे की मांग की है।

# नल की सरिया हाईटेंशन लाइन से टकराई, दो लोगों की मौत

## कलान क्षेत्र के गांव तिलौआ में हुआ हादसा, एक ही गांव के दो लोगों की मौत से हड़कंप

संवाददाता, कलान

अमृत विचार: गांव तिलौआ में सोमवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां नल की सरिया ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्टेज की विद्युत लाइन से टकरा गई। करंट लगने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में मातम छा गया।

गांव तिलौआ निवासी सत्यवीर (35) अपने घर के नल में खराबी के कारण सोमवार सुबह करीब 6 बजे उसकी सरिया निकाल रहे थे। सरिया की लंबाई 35 से 40 फीट थी। जिस जगह पर सत्यवीर सरिया निकाल रहे थे, उसके ऊपर से बिजली की हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी।

सरिया निकालते समय वह बिजली लाइन पर ध्यान ही नहीं दे पाए और सरिया ऊपर उठाते चले गए। जैसे ही सरिया ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन से छू गई और करंट दौड़ गया। सत्यवीर की मौके पर ही मौत हो गई। यह लाइन वाराकला से गांव की तरफ आ रही थी। इसी दौरान समीपवर्ती गांव बारा खुर्द


कमल देव


सत्यवीर

• नल की मरम्मत के लिए छड़ निकालते समय हुआ हादसा

निवासी कमलदेव (34) खेत देखने के लिए तिलौआ आए थे। वह उसी स्थान पर मौजूद थे। सरिया उनसे भी छू गई, जिससे वे भी करंट की चपेट में आ गए और उनकी भी मौके पर मौत हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही घरों में कोहराम मच गया। मृतक सत्यवीर की पत्नी आरती, पुत्री प्रियंका (8) और पुत्र अंशुल (6) का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतक कमलदेव अविवाहित थे और अपने भाइयों में सबसे छोटे बताए जाते हैं। घटना की जानकारी पाकर वाराकला पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप सिंह रावत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया।


करंट लगने के बाद मौके पर लगी भीड़। • अमृत विचार

### मिक्सर मशीन में हाईटेंशन लाइन छू जाने से मजदूर की मौत



तिलहर, अमृत विचार : लिंटर डालने वाली मिक्सर मशीन के हाईटेंशन लाइन छू जाने से एक मजदूर की मौके परी झुलसकर मौत हो गई, जबकि पांच लोग मामूली रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। क्षेत्र के रतूली गांव निवासी सुरजीत कुमार मिक्सर मशीन से लिंटर डालने का काम करते हैं। सुरजीत ट्रैक्टर से मशीन लेकर गुलचंपा गांव में लिंटर डालने सोमवार की दोपहर जा रहा था। मशीन और ट्रैक्टर पर लगभग 11 मजदूर सवार थे। डभौरा गांव के पास कच्चे रास्ते पर झूलती हुई हाईटेंशन बिजली लाइन से मशीन छू गई। मशीन और ट्रैक्टर में करंट आ गया और ट्रैक्टर के पहिए तेज धमाके के साथ फट गए। करंट लगने से मशीन पर बैठे रतूली गांव के 20 वर्षीय विमलेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जगदीश कुमार, सोनू मौर्य, अजय मौर्या, भगवान दास व राजीव मौर्या जान बचाते समय ट्रैक्टर से गिरकर चोटिल हो गए। मृतक विमलेश के भाई बबलू एवं राजन का रो रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई और लोगों ने बिजली विभाग के कार्यों पर नाराजगी जताई है।

### खेत पर संदिग्ध अवस्था में मिला ग्रामीण का शव

शाहजहांपुर, अमृत विचार: बंडा थाना क्षेत्र के गांव दिउहना में एक व्यक्ति का शव खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक एक झाले पर काम करता था और तीन दिन से घर नहीं लौटा था। शव पर चोट के निशान नहीं मिले, हालांकि चेहरा सूजा हुआ था। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं।

सुधीर कुमार (45) गांव के पास स्थित एक झाले पर काम करता था। रोज शाम को काम के बाद वह घर लौट आता था, लेकिन तीन दिन से नहीं आया। परिवार ने सोचा वह झाले पर ही सो गया होगा। सोमवार सुबह करीब 8 बजे ग्रामीणों ने खेत में शव पड़ा देखा। पहचान करने पर पता चला कि शव सुधीर का है। सूचना पाकर उसका भाई ऋषि कुमार मौके पर पहुंचा। परिजनों के अनुसार सुधीर शुक्रवार को खेत में कीटनाशक दवा छिड़क रहा था। शव दो दिन पुराना बताया जा रहा है। मृतक की पत्नी का नाम विमला देवी है और उनके सात बच्चे हैं। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर बंडा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि अभी तक परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जूनियर हाईस्कूल की दीवार गिरी, महिला की मौत

संवाददाता, जलालाबाद

अमृत विचार: गांव मुडिया कला में रविवार शाम 4 बजे जूनियर हाई स्कूल की दीवार सड़क पर गिर गई। दीवार के सामने स्थित धन देवी के मकान के पास उनका परिवार बैठा हुआ था। मलबे में तीन लोग दबकर घायल हो गए।

हादसे में धन देवी (60) पत्नी शंकर, उनके पोते विनमोल और लवकुश गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें फर्रुखाबाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। वहीं दोनों पोते की पैर टूट गए और उनका इलाज फर्रुखाबाद में चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2019 और


गिरी हुई स्कूल की दीवार।

• मुडिया कला गांव में हादसे में तीन लोग दबे, दो गंभीर रूप से घायल

2020 में जूनियर हाई स्कूल की दीवार मानकों के विपरीत बनाई गई थी। बरसात में दीवार धीरे-धीरे कमजोर होकर गिर गई। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत



सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार : रविवार दोपहर खेत देखने गए व्यक्ति पर आकाशीय बिजली गिर गई। देर शाम तक घर वापस नहीं आने पर परिजन खेत पहुंचे तो उसे मृत पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। गांव साहबगंज निवासी सोमवीर (35) धान की फसल देखने गया था। फसल देखते समय अचानक आई जोरदार बारिश से बचने के लिए सोमवीर भागकर खेत में खड़े शीशम के पेड़ के नीचे पहुंच गया। उसी समय पेड़ पर गिरी बिजली ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। देर शाम तक वह लौटकर वापस नहीं आया तो परिजन गांव में तलाश करते हुए खेत की तरफ गए। ग्रामीणों ने उन्हें पड़े के नीचे पड़े होने की जानकारी दी। जब परिवार वाले वहां पहुंचे तो सोमवीर को मृत पाया। मृतक अपने पीछे पत्नी सुनीता, बेटियां चांदनी, वंदना और उजाला और बेटे शिवू को छोड़ गए।

# बाढ़ के पानी में डूबे दोनों युवकों के शव 24 घंटे बाद मिले

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: रिंग रोड पर राईखुर्द गांव के सामने बाढ़ के पानी में रील बनाते समय डूबे दो युवकों के शव 24 घंटे बाद बरामद हुए। हादसे में उनके तीन दोस्त किसी तरह बच गए थे। पांचों युवक घर से बिना बताए निकले थे।

घुसवारी निवासी रिंकू (18) और कमल (18) रविवार दोपहर तीन दोस्तों छोटे, बृजेश और वीरेंद्र के साथ दो बाइकों से रिंग रोड पहुंचे थे। दोनों बाइकों को सड़क किनारे खड़ा कर सभी बाढ़ के पानी में उतर गए। रिंकू और कमल किनारे खड़े थे। कमल मोबाइल से रील बना रहा था, जबकि रिंकू अपना मोबाइल घर पर ही छोड़ आया था। उनके तीनों दोस्त बीच पानी में खड़े थे। अचानक पानी के


कमल।


रिंकू।

तेज बहाव में रिंकू और कमल बह गए। तीनों दोस्तों ने किसी तरह बाहर निकलकर घरवालों को सूचना दी। परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। देर शाम तक एसडीआरएफ टीम ने तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। सोमवार दोपहर पहले रिंकू का शव और आधे घंटे बाद कमल का शव बरामद हुआ। मृतक कमल कक्षा आठ का छात्र था। उसकी मां का नाम रामश्री है और वह चार भाइयों में सबसे छोटा था। रिंकू की मां का नाम भी रामश्री है। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था और मजदूरी करता था।

### जलभराव का एडीएम ने लिया संज्ञान

शाहजहांपुर, अमृत विचार: नगर पंचायत निगोही में मुख्य सड़क से थोडी दूरी पर जलनिकासी ठीक से न होने के कारण जलभराव की स्थिति बनी हुई है। जिसको लेकर वहां से निकलने वाले रहगीरों व वाहनों को दिक्कत हो रही है।

निगोही से आ रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एडीएम प्रशासन रजशीन कुमार मिश्रा ने सोमवार को निगोही का निरीक्षण किया। उन्होंने जलभराव वाली जगह पर जलनिकासी कराने व पंप लगाकर पानी निकलवाने के लिए ईओ को निर्देश दिए। एडीएम ने कहा कि जिन सड़को,गली में पानी की निकासी ठीक से नहीं, करा ली जाए। जिससे नागरिकों को कोई दिक्कत न आए। इस दौरान ईओ, सभासद आदि मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर से कंटेनर के केबिन में लगी आग

संवाददाता, खुटार

अमृत विचार: खुटार-पूरनपुर रोड पर सोमवार दोपहर मैगी लदे कंटेनर के केबिन में चालक और हेल्पर खाना बना रहे थे। इसी दौरान गैस सिलेंडर से रिसाव हुआ और आग भड़क उठी। आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई। चालक और हेल्पर ने भागकर जान बचाई। सूचना पर मौके पर पुलिस, दमकलकर्मी और ग्रामीण पहुंचे और किसी तरह आग पर काबू पाया। हालांकि हादसे में लाखों का नुकसान हुआ।

बिहार के जिला मधुबनी के कस्बा लगनिया के गांव डलोखर निवासी चालक रामविलास यादव (54) और हेल्पर जितेंद्र कुमार (22) कंटेनर में मैगी लादकर उत्तराखंड के रुद्रपुर से श्रीरामपुर (कोलकाता) जा रहे थे। सोमवार दोपहर 12:15 बजे वे खुटार-पूरनपुर


दमकलकर्मी आग बुझाने में जुटे हुए। • अमृत विचार


हाईवे पर धू-धू कर जलता कंटेनर। • अमृत विचार

• खाना बनाते समय हुआ हादसा पुलिस और दमकल कर्मियों ने बुझाई आग, लाखों का नुकसान

मार्ग पर गांव सिहुरा मोड़ के पास पहुंचे और सड़क किनारे कंटेनर रोककर केबिन में गैस सिलेंडर से खाना बनाने लगे। तभी अचानक सिलेंडर लीक हो गया और आग लग गई। दोनों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। जान का खतरा बढ़ता देख वे कंटेनर से बाहर कूद गए। देखते ही देखते कंटेनर का अगला हिस्सा धूं-धूकर जलने लगा। हादसे के बाद हाईवे पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार रावत पुलिस बल और दमकल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

आग से कंटेनर का अगला हिस्सा और उसमें रखे सामान का बड़ा भाग जलकर राख हो गया। हालांकि मैगी के गट्ठे बड़े पैमाने पर चपेट में आने से बच गए। पुलिस के अनुसार हादसे में करीब चार लाख रुपये की क्षति होने का अनुमान है। आग बुझने के बाद चालक और हेल्पर ने राहत की सांस ली और इसकी सूचना कंटेनर मालिक को दी।

# हादसे के बाद कार में लगी आग, तीन कूदने से घायल

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर

अमृत विचार: सीतापुर हाईवे पर बरतारा गांव के सामने सोमवार सुबह पशु को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर अज्ञात वाहन से टकरा गई और सड़क किनारे खाई में जा गिरी। टक्कर के बाद कार में आग लग गई कार सवार चालक समेत तीन लोग कूदने से घायल हो गए। दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

टक्कर के बाद इंजन से निकली चिंगारी से कार में आग भड़क उठी। आग की लपटें उठते ही चालक समेत तीनों लोग दरवाजा खोलकर कूदकर भागे और जान बचाई। राहगीरों ने तुरंत रोजा थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग को


हाईवे किनारे धूं-धूकर जलती कार।

सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं, अग्निशमन अधिकारी बीएन पटेल दो दमकल वाहनों के साथ पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में कार सवार अर्णव और संभव निवासी मोहल्ला बहादुरगंज, थाना सदर बाजार सहित तीन लोग घायल हुए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा।

### महिला की चाकू मारकर हत्या का आरोप, हंगामा

बंडा, अमृत विचार: चाकू मारकर विवाहिता की हत्या का आरोप लगाते हुए परिजनों ने सोमवार देर रात बंडा थाने में हंगामा किया।

बंडा के मोहल्ला चरनदास कॉलोनी निवासी अवधेश राठौर की पत्नी सोमवती देवी ने बताया उसकी पुत्री सोनी देवी ने छह साल पहले मोहल्ले के ही बबलू राठौर से लव मैरिज की थी। तीन साल पहले उसने एक पुत्री को जन्म दिया उसके बाद अभी तीन माह पहले एक बेटे को जन्म दिया था। सोमवार रात 10 बजे उसे एक फोन आया कि उसकी बेटी अस्पताल में भर्ती है। जब वह देखने आई तो वह उसे मृत मिली। मायके वालों का आरोप है कि उसकी पुत्री को ससुराल वालों ने चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया है।

# दोबारा पीईटी देने से पहले पकड़ा गया अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: चौक कोतवाली क्षेत्र के एनटीआई स्कूल में संदिग्ध व्यक्ति द्वारा परीक्षा देने का मामला सामने आया है। जांच में पता चला कि अभ्यर्थी ने 6 सितंबर को हरदोई के आर्चशिया इंटरनेशनल स्कूल भगोली में पैट परीक्षा दी थी और उसके बाद 7 सितंबर को दूसरी पाली में शाहजहांपुर के सेंटर में परीक्षा देने आया।

एनटीआई स्कूल की प्रधानाचार्या सुनीता द्विवेदी ने इस संबंध में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। बायोमेट्रिक जांच में पाया गया कि अभ्यर्थी हरदोई में परीक्षा दे चुका था, जिसके बाद दोबारा

• हरदोई में परीक्षा देने के बाद शाहजहांपुर में सेंटर पर पकड़ा गया आरोपी

यहां परीक्षा देने आया था। एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी को थाना लाया गया है और उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस अब अभ्यर्थी से विस्तृत पूछताछ कर रही है। एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने कहा कि यह मामला बायोमेट्रिक मैच के कारण पकड़ा गया। अभ्यर्थी द्वारा फर्जी तरीके से परीक्षा देने का प्रयास किया गया, जिसकी जांच पूरी गंभीरता से की जा रही है।

# हादसों में दो भाइयों समेत तीन की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो चचेरे भाई समेत तीन की मौत हो गई।

तिलहर थाना क्षेत्र के गांव नरसा नगला निवासी वेदपाल (25) और सुनील कुमार (20) दोनों चचेरे भाई थे। रविवार को दोनों बाढ़ का पानी देखने के लिए बाइक से आए थे। शाम 7 बजे बरेली मोड़ से पानी देखकर बाइक से तिलहर लौट रहे थे। रास्ते में भेदपुर गांव के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे घायल हो गए। दोनों को तिलहर सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वेदपाल की पत्नी का नाम काजल और एक साल की बेटी श्रृष्टि है। वहीं सुनील की पत्नी का


सुनील


वेदपाल

• बाढ़ का पानी देखकर लौटते समय हादसे के शिकार हुए दोनों

नाम रुचि और तीन बच्चे हैं। मौत की खबर से परिवारों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

इसी प्रकार मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी वंदे हसन (45) सोमवार सुबह 6 बजे मछली पकड़ने तिलहर क्षेत्र की नदी पर आए थे। 7 बजे बाइक से तिलहर से कटरा जा रहे थे। जैतीपुर रोड पर मंसूरपुर गौटिरया के निकट ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी का नाम हुस्न बानो है और पांच बच्चे हैं। परिवार में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### दो भाइयों की मौत से मचा कोहराम

हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत की खबर मिलने के बाद कोहराम मच गया। दोनों किशोरों के परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल हो गया। उन्हें ढांढ से बधाने वालों की घर के बाहर भीड़ लगी रही।

# बाइक की टंकी पर पत्नी का नंबर लिखकर नदी में लगाई छलांग

कार्यालय संवाददाता, रोजा/ शाहजहांपुर

अमृत विचार : खन्नौत नदी के पुल पर सोमवार दोपहर एक व्यक्ति ने बाइक खड़ी कर दी और पेट्रोल की टंकी पर पत्नी का मोबाइल नंबर लिखकर पुल की रेलिंग पर खड़े होकर नदी में छलांग लगा दी। घटना की सूचना पर रोजा पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और देर शाम तक तलाशी जारी रखी, लेकिन आदित्य सक्सेना का अभी तक कोई पता नहीं चला।

रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला हथौड़ा गांव के निकट एकता कॉलोनी निवासी आदित्य सक्सेना (62) बरतारा गांव स्थित विनोबा भावे में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। सोमवार दोपहर 12 बजे वह घर से बाइक लेकर निकले और खन्नौत नदी की पूरब दिशा में एक


एसडीआरएफ टीम की नदी में तलाश करती। • अमृत विचार

• सूचना पर पहुंचे परिजन और एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी, नहीं चला पता

स्थान पर बाइक खड़ी कर दी। इसके बाद उन्होंने पेट्रोल की टंकी पर स्कैच पैन से पत्नी का मोबाइल नंबर लिखा और एक लाइन लिखी कि इस नंबर पर कॉल कर दें। इसके बाद पुल की रेलिंग पर चढ़कर नदी में छलांग लगा दी। पुल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। उनके भाई डॉ. अरुण सक्सेना और पत्नी नीरु सक्सेना पुल पर पहुंचे और बाइक पहचान ली। थोड़ी देर बाद उनकी पत्नी इन्दू सक्सेना भी परिवार के साथ पुल पर पहुंची। एसडीआरएफ और पीएसी की टीम ने स्टीमर के माध्यम से नदी में तलाश शुरू की।


रोती बिलखती पत्नी इन्दू सक्सेना।

आदित्य सक्सेना की बेटी श्रेयाजी जो जीएफ कॉलेज से एमएससी कर रही हैं, बरेली से ट्रेन द्वारा सीधे खन्नौत पुल पर पहुंचीं। रविवार को उनका प्रारंभिक अर्हता परीक्षा था और वह बरेली में रिश्तेदार के घर ठहरी हुई थीं। पिता की खबर मिलते ही बेटी पुल पर पहुंचीं। जानकारी के अनुसार खन्नौत पुल पर सुरक्षा के लिए दोनों तरफ जाली



पुल पर खड़ी बाइक।

लगाई गई थी, लेकिन उत्तर दिशा की रेलिंग में कुछ हिस्सों में जाली पूरी तरह नहीं लगाई गई थी। यही कारण था कि आदित्य सक्सेना ने उस हिस्से की रेलिंग पर चढ़कर नदी में छलांग लगा दी। फिलहाल पुलिस और एसडीआरएफ टीम की तलाश जारी है, जबकि परिवार और परिजन उनके सुरक्षित लौटने की कामना कर रहे हैं।

# पूर्व दस्यू सरगना नज्जू और उसके बेटे समेत 10 पर रिपोर्ट

संवाददाता, परौर

अमृत विचार: दो युवकों में रविवार को हुई मारपीट और हत्या की कोशिश के मामले में कुख्यात पूर्व दस्यू सरगना नज्जू और उसके बेटे समेत 10 लोगों के विरुद्ध साजिश रचने मारपीट और हत्या की कोशिश समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

मंझा निवासी जितेंद्र पाल सिंह ने थाने में दर्ज कराए मुकदमे में बताया रविवार सुबह 7 बजे उसके चचेरे भाई सावेन्द्र व उदयराज खेत में तार लगा रहे थे। उसी समय गांव के अजयपाल, अधिकपाल, धर्मवीर, दीपेन्द्र, दीपांशू, ओमसिंह, भाग सिंह, सज्जन व मंझा दहेलिया निवासी संदीप पुत्र नज्जू, राजिन्द्र उर्फ नज्जू

• मारपीट के बाद युवक का अपहरण करने का मामला

की सह से अपने हाथों में लाठी, लोहे की राड व अवैध शस्त्र लेकर एक राय होकर खेत पर आए और गालियां देकर जान से मारने की नीयत से तमंचा से फायर करते हुए उदयराज व सावेन्द्र को मारने पीटने लगे। मौका पाकर उदयराज को वहीं पर छोड़ गए और सावेन्द्र को बंधक बनाकर किसी अज्ञात जगह पर ले गए। परिवीजन इकट्ठे होकर वहां गए तो देखा कि सावेन्द्र बेहोश पड़ा था। पुलिस ने जितेन्द्रपाल सिंह की तहरीर के आधार पर कुख्यात पूर्व दस्यू सरगना नज्जू व उसके पुत्र संदीप समेत सभी 10 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### कमरे में युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला

जैतीपुर/शाहजहांपुर, अमृत विचार: हिम्मतपुर गांव में 28 वर्षीय नरेंद्र यादव का शव कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। रविवार रात खाना खाने के बाद वह सोने के लिए कमरे में चले गए थे। सोमवार सुबह परिवार ने उन्हें जगाने के लिए देखा तो बेड पर मृत अवस्था में पाए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार से जानकारी ली। बताया गया कि मृतक शराब का आदी था। उसकी पत्नी और तीन बच्चे अत्यधिक दुखी हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी गौरव त्यागी ने बताया कि परिवार की तरफ से अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### 1 अक्टूबर से शुरू होगी धान खरीद

शाहजहांपुर अमृत विचार : डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में 1 अक्टूबर से शुरू होने वाली धान खरीद को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक हुई। जिसमें जिला खरीद अधिकारी, सभी एसडीएम, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, उप निदेशक कृषि, एआर कॉपरेटिव, समस्त एजेंसियों के जिला प्रबंधक और विभिन्न तहसीलों से आए प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने जनपद में खोले जाने वाले क्रय केंद्रों की ब्लॉकवार व तहसीलवार संख्या की जानकारी दी। पुवायां, सदर और तिलहर में अधिक धान उत्पादन के कारण अधिक क्रय केंद्र बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। पुवायां से किसान हीरा सिंह ने गंगसरा की साधन सहकारी समिति पर क्रय केंद्र खोलने का अनुरोध किया।

### डॉ. शिखा अध्यक्ष और आशुतोष बने नगर मंत्री

शाहजहांपुर,अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कैंट नगर इकाई का सत्र 2025-26 की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इकाई कार्यकारिणी की घोषणा प्रांत खेलो भारत गतिविधि रविकांत शुक्ला ने की। सभी घोषित कार्यकर्ताओं का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उन्होंने शिक्षक एवं छात्रों को परिषद के विषय में अवगत कराते हुए कहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने के साथ ही सामाजिक संगठन भी है। विद्यार्थी परिषद ने छात्र हितों के साथ उनके मानसिक, नैतिक एवं चारित्रिक विकास पर सदैव ध्यान दिया है और इसी कार्यपद्धति के कारण विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सभी क्षेत्रों में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। नवीन नगर इकाई में डॉ. शिखा श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष, सुमित गुप्ता, सविता सिंघल एवं सचिन दीक्षित को उपाध्यक्ष, आशुतोष मिश्रा को नगर मंत्री, दीप्ति अवस्थी, यश गुप्ता एवं सौम्या गुप्ता सहमंत्री, हर्ष अग्निहोत्री आदि को जिम्मेदारी दी।

### सीनियर सिटिजन समिति का गठित

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सीनियर सिटिजन सोसायटी के जिला इकाई के पदाधिकारियों ने निगोही ब्लॉक के आदर्श इंटर कॉलेज में वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की। वरिष्ठजनों जैसे श्रीराम वर्मा, देवेश लाल मिश्रा, जगत राम वर्मा, रामनिवास श्रीवास्तव, बालक राम यादव, श्रीकृष्ण सिंह यादव, बलराम सिंह चौहान, रामसेवक प्रजापति, सर्वेश कुमार शर्मा आदि ने जिलाध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक का स्वागत किया। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों को संगठन के माध्यम से केंद्र और प्रदेश से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जागरूक करने तथा उनके लाभ दिलाने की दिशा में पहल करने का आह्वान किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा 60 वर्ष से ऊपर प्रत्येक नागरिक को सीनियर सिटीजन की संज्ञा दी जाती है, लेकिन जानकारी के अभाव में लोग शासन द्वारा दी गई सुविधाओं का लाभ नहीं ले पाते।

# समाधान दिवस में अफसरों ने सुनीं शिकायतें

## सदर तहसील में एडीएम वित्त ने लगाया जनता दरबार, लोगों की समस्या के निस्तारण के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता,शाहजहांपुर



पुवायां तहसीलदार को शिकायती पत्र देते भाकियू पदाधिकारी • अमृत विचार




सदर तहसील में शिकायतें सुनते हुए एडीएम वित्त अरविंद कुमार। • अमृत विचार

अमृत विचार: पीईटी के चलते शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन नहीं हो सका, सोमवार को सभी तहसीलों में लोगों की समस्याएं सुनीं गईं। जिसमें सबसे ज्यादा शिकायतें बाढ़ के बाद उत्पन्न हुई समस्याओं को लेकर आई। जिनका अधिकारियों ने ससमय निस्तारण करने का आश्वासन दिया। एडीएम न्यायिक राशिद अली खान ने जलालाबाद तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों को सुना। उन्होंने आने वाली शिकायतों को लेकर अधीनस्थों को गंभीरता से लेने को कहा। इस दौरान एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे, एसडीएम और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। वही मुख्यालय की सदर तहसील में

एडीएम वित्त अरविंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में 31 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। एडीएम बोले कि जिन शिकायतों का आज निस्तारण नहीं हो पाया है, उनको जिम्मेदार अधिकारी एक सप्ताह करके रिपोर्ट कलेक्ट्रेट में उपलब्ध कराएं। किसी भी फरियादी को निराश न होने दिया जाए, सरकार की प्राथमिकता को ध्यान में

- आने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों ने अधीनस्थों को निर्देश दिए

रखकर जनता की समस्याओं को सुना जाए। इस दौरान एसडीएम सदर संजय कुमार पाण्डेय, सीओ सदर, तहसीलदार सत्येंद्र कटियार, नायब तहसीलदार निवेदिता ठाकुर, निशि सिंह आदि अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे।

### तहसीलदार की अध्यक्षता में सुनीं गई शिकायतें

पुवायां,अमृत विचार : सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस में तहसीलदार और सीओ ने तमाम फरियादियों की समस्याएं सुनीं। तहसील सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस में तहसीलदार मोहम्मद अजहर अंसारी व क्षेत्राधिकारी परवीन मलिक ने तमाम फरियादियों की समस्याएं सुनकर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 59 फरियादियों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराई, जिनमें राजस्व की 32, पुलिस की 8, विकास की 5, शिक्षा की 1, स्वास्थ्य की 1 व 12 अन्य शिकायत दर्ज हुई जिसमें से किसी भी समस्या का निस्तारण नहीं हो सका।

# मेडिकल कॉलेज से बाढ़ का पानी निकाला, सेवाएं शुरू

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- ट्रामा सेंटर और ओपीडी खुली मरीजों का उपचार शुरू

अमृत विचार: राजकीय मेडिकल कालेज में बाढ़ का पानी निकल जाने के बाद सोमवार से ट्रामा सेंटर और ओपीडी खुल गई हैं। दोनों स्थानों पर मरीजों का उपचार किया गया और आवश्यकता होने पर उन्हें भर्ती भी किया गया। ट्रामा सेंटर और ओपीडी के बाहर कीचड़ था, जिसे पानी के प्रेशर से साफ किया गया।

मेडिकल कालेज में डाक्टरों ने अपने कक्ष में बैठकर मरीजों का निरीक्षण किया और दवा का वितरण किया। मंगलवार को कुल 725 पर्चे बने और दोपहर तक 38 मरीज ट्रामा सेंटर में भर्ती किए गए। राजकीय मेडिकल कालेज से कुछ दूरी पर गर्रा नदी है, और कालेज का पानी नाले से गर्रा नदी में गिरता है। शुक्रवार को बाढ़ का पानी मेडिकल कालेज परिसर में पहुँच गया था, जिसके कारण ट्रामा सेंटर और ओपीडी बंद कर दी गई थी। वार्ड में भर्ती मरीजों को अन्य अस्पतालों में शिफ्ट किया गया था। शनिवार की रात परिसर की बिजली भी काट दी गई थी। जैसे ही बाढ़ का पानी घटा, सोमवार सुबह सात बजे परिसर में भरा पानी धीरे-धीरे निकल गया। ट्रामा सेंटर और ओपीडी के सामने जमा कीचड़ को साफ किया गया और सुबह नौ बजे दोनों केंद्रों को पुनः खोला गया। ट्रामा सेंटर में भर्ती मरीजों को वार्डों में शिफ्ट किया गया, जबकि ओपीडी में पर्चा काउंटर और दवा काउंटर पर आवश्यक सेवाएं दी गईं। राजकीय मेडिकल कालेज के सीएमएस डॉ. नेपाल सिंह ने बताया कि मेडिकल कालेज परिसर में बाढ़ का पानी पूरी तरह से खत्म हो गया है और स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह से चालू हो गई हैं।

# सन्नी की हैंगिंग से मौत पैरों में चोट के निशान



तिलहर क्षेत्र में घटना स्थल का निरीक्षण करती पुलिस टीम। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- परिवार ने लगाया पिटाई के बाद फंदे से लटकाने का आरोप

अमृत विचार: तिलहर पुलिस ने सन्नी के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया कि उसकी मौत फंदे से लटकने के कारण हुई और दोनों पैरों में चोटों के निशान पाए गए। परिवार का आरोप है कि उसे पहले पीटा गया और फिर फंदे से लटका दिया गया। एसपी राजेश द्विवेदी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

कांट थाना क्षेत्र के गांव सिकन्दरपुर खुर्द नौसारा निवासी 25 वर्षीय विराम गौतम उर्फ सन्नी ईट भट्टे पर पार्टनर के रूप में कार्य करते थे। उनकी शादी तीन माह पूर्व सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र की सोनम से हुई थी। शनिवार की रात सन्नी ईट भट्टे से घर नहीं लौटा, तो परिवार ने उसका फोन मिलाया, लेकिन फोन बंद था। परिवार ने रातभर तलाश की, लेकिन पता नहीं चला।

रविवार की सुबह सन्नी का शव तिलहर क्षेत्र के गोबरसंडा गांव के बाहन नाले के पास पेड़ से रस्सी से लटका हुआ मिला। शव के पैर जमीन को छू रहे थे। परिवार ने हत्या का आरोप लगाते हुए कांट रोड पर शव रखकर रविवार रात आठ बजे जाम लगा दिया था।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि सन्नी की मौत फंदे से लटकने के कारण हुई और उसके दोनों पैरों में चोट के निशान हैं। एसपी राजेश द्विवेदी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए और घटना की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए।

खबरें www.amrit vichar.com पर भी पढ़ें

# भारतीय किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन

मदनापुर, अमृत विचार: मदनापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुदैया टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन भानू ग्रुप ने प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि उनके वरिष्ठ पदाधिकारियों से टोल वसूला गया, जबकि अन्य टोल पर उनके लिए आवागमन फ्री है।

प्रदर्शनकारियों ने कुछ समय के लिए सभी वाहनों का टोल फ्री करा दिया और बाद में टोल कर्मियों के साथ सहमति बनी कि आईडी कार्ड और झंडा बाय स्टीकर वाले पदाधिकारियों का टोल नहीं वसूला जाएगा। इसके बाद पदाधिकारियों और मदनापुर प्रभारी निरीक्षक के बीच नोकझोंक हुई। पदाधिकारी पुलिस मुर्दाबाद और मदनापुर इंस्पेक्टर मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कूंच कर रहे थे। बाद में मदनापुर थाने पर प्रदर्शन कर रहे पदाधिकारियों को पुलिस कर्मियों ने समझा-बुझाकर शांत कराया।

# बाढ़ शरणालय में गूंजी किलकारी एडीएम ने बच्चे का नाम रखा बहादुर

कार्यालय संवाददाता,शाहजहांपुर

- कंपोजिट विद्यालय सुभाषनगर में बने बाढ़ शरणालय में हुआ बच्चे का जन्म
- प्रशासनिक अधिकारियों ने जाकर दोनों की कुशलता जानी, जरूरी सामग्री दी



शरणालय में एडीएम वित्त ने जाना जच्चा-बच्चा का हाल। • अमृत विचार

अमृत विचार: महानगर में गर्रा व खन्नौत नदी के जलस्तर बढ़ जाने से आई बाढ़ से अपने घरों से शरणालयों की शरण लिए परिवारों के सामने मुसीबते बनी हुई है, कोई बीमार है तो किसी को घर की चिंता सता रही है। इसी बीच कंपोजिट विद्यालय सुभाषनगर में बने बाढ़ शरणालय से एक खुशखबरी आई है, जहां पर एक शरणार्थी महिला गीता पत्नी संजीव ने बीती रविवार की रात एक स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया। जिससे शरणालय में किलकारी गूंज उठी और वहां का माहौल खुशनुमा हो गया। रात में ही एसडीएम सदर संजय कुमार पाण्डेय ने बच्चे व उसकी मां का हालचाल जाना और प्रशासन की ओर से मदद भी पहुंचाई। सोमवार को जानकारी पर एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने भी उक्त शरणालय पहुंचकर जच्चा बच्चा दोनों की कुशलता जानी। साथ ही उन्होंने परिवार को बच्चे के लिए बेबी किट, मिठाई, फल वस्त्र व जरुरत का सामान इत्यादि उपलब्ध कराया और कहा कि किसी भी अन्य मदद की आवश्यकता हो तो अवगत कराएं। एडीएम ने नवजात बच्चे का नाम बहादुर रखा, उन्होंने कहा कि नाम रखने के पीछे का मकसद बच्चे व परिवार की हौसलाअफजाई है। एडीएम बोले कि जिला प्रशासन की ओर से हरसम्भव मदद की जाएगी। इस मौके पर तहसीलदार बदर सत्येंद्र कुमार, नायब तहसीलदार निशि सिंह, पार्षद विनय सक्सेना, लेखपाल विवेक त्रिवेदी आदि आदि मौजूद रहे।

# समस्याओं का समाधान न होने पर धरने की चेतावनी

पुवायां,अमृत विचार: तमाम समस्याओं का समाधान न होने पर भाकियू ने 15 से धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी देते हुए 16 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसील दिवस पहुंचकर मांग पत्र सौंपा। प्रमुख मांगों में छुट्टा गोवंशीय पशुओं को गोशालाओं में भिजवाया जाए, अगली फसल के लिए डीएपी व यूरिया प्राथमिकता से उपलब्ध करवाई जाए, पुवायां तहसील में खाद व दवा विक्रेताओं के द्वारा बहुतायत संख्या में नकली कीटनाशक दवाएं व खाद बिक्री की जा रही है, कानूनी कार्रवाई की जाए, खाद विक्रेता स्टॉक बोर्ड नहीं लगाते। क्षेत्र में सरदार समुदाय के जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाए जाते।इस दौरान श्रीकृष्ण जाटव, विनोद कुमार, कप्तान सिंह, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र शर्मा, जय सिंह समेत तमाम किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छह रोजगार सेवकों की सेवा समाप्त, एपीओ हटाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- साथ ही बीडीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि के डीएम ने दिए निर्देश

अमृत विचार: डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में डिजिटल क्रॉप सर्वे अंतर्गत ई-खसरा पड़ताल की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। बैठक में डीएम ने ब्लॉकवार खरीफ फसल सर्वे में लगे रोजगार सेवकों की कार्यप्रगति की विस्तृत जानकारी ली।

सर्वे के दौरान पाया कि तिलहर एवं खुदागंज ब्लॉक में सर्वे कार्य में काफी अनियमितता और लापरवाही बरती जा रही है। इस पर डीएम ने दोनों ब्लॉकों के तीन-तीन रोजगार सेवकों की सेवा समाप्त करने तथा संबंधित एपीओ को भी हटाने के निर्देश दिए। साथ ही खंड विकास अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज करने का आदेश दिया। डीएम ने स्पष्ट किया कि यदि रोजगार सेवक निर्धारित कार्य नहीं करते हैं तो उनकी सेवा समाप्त करने में कोई संकोच नहीं किया जाएगा। पंचायत सहायक द्वारा फसल सर्वे न करने तथा शासकीय कार्य में बाधा डालने वालों की सेवा भी समाप्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सर्वे कार्य की गुणवत्ता एवं समय पर क्रियान्वयन पर ध्यान देने को कहा और प्रतिदिन सर्वे की प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य में लापरवाहों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कृषि सहायक, पंचायत सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के साथ प्रत्येक ग्राम रोजगार सेवक एवं पंचायत सहायक को फील्ड में क्रॉप सर्वे के लिए सक्रिय रूप से भेजे।

# वाहन की टक्कर से मवेशी की मौत

सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार: गांव जलालपुर के सामने एक चार पहिया वाहन ने मवेशी को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पशु पालक दिलाबरपुर देवकली गांव निवासी ने इसकी सूचना यूपी 112 को दी। कुछ देर बाद पुलिस आयी और पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन चालक को कब्जे में ले लिया। पुलिस द्वारा उचित कार्यवाही की की जायेगी।

# अल्हागंज में निकाली विशाल कलश यात्रा

अल्हागंज, अमृत विचार: बारह पत्थर देवस्थान पर सीताराम दरबार में सोमवार से शुरू होने जा रही श्रीमद्भागवत कथा से पहले विशाल कलश यात्रा निकाली गई।

कथा के मुख्य यजमान संजीव गुप्ता सबसे आगे कलश लेकर चल रहे थे। उनके साथ नगर की सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष पीले वस्त्र धारण कर भक्तिभाव से ओत-प्रोत होकर चल रहे थे। यात्रा के दौरान सीताराम की जय, सनातन धर्म ज़िंदाबाद, प्राणियों में सद्भावना रहे, विश्व का कल्याण हो जैसे नारे लगाए गए। जैसे-जैसे जल यात्रा आगे बढ़ती गई, वैसे-वैसे महिलाओं और पुरुषों का कारवां उसमें शामिल होता गया। इस कलश यात्रा में आरएसएस के नगर संघ चालक रमेश शुक्ला, भानु मिश्रा, विकास मिश्रा, अनुज अग्निहोत्री समेत अन्य रहे।

# व्यस्त चौराहों पर बनवाए जाएं शौचालय

संवाददाता, खुटार

अमृत विचार: हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश मिशन ने खुटार कस्बे में दो प्रमुख चौराहों पर सामुदायिक शौचालय बनाए जाने की मांग जिलाधिकारी से की। सोमवार को तहसील दिवस के दौरान उन्होंने डीएम को संबोधित पत्र सौंपते हुए कहा कस्बे के अटल चौक और पटेल चौक के आसपास यात्रियों और दुकानदारों को सार्वजनिक शौचालय न होने से परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि अटल चौक के पास नगर पंचायत और ग्राम पंचायत रसवां कलां की सरकारी भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। उस भूमि को कब्जा मुक्त कराकर वहां सामुदायिक शौचालय बनवाया जाए। इसी तरह पटेल चौक (तिकुनिया चौराहा) के पास ग्राम पंचायत इटौआ और बुझिया में भी सरकारी भूमि उपलब्ध है, जहां शौचालय का निर्माण कराया जा सकता है।

उन्होंने बताया तिकुनिया चौराहा पड़ोसी देश नेपाल और पीलीभीत व लखीमपुर खीरी से जुड़ा हुआ है। यहां पूरे दिन-रात यात्रियों का आवागमन बना रहता है। सामुदायिक शौचालय की सुविधा न होने से लोगों को खुले में शौच और लघुशंका करने पर मजबूर होना पड़ता है, जिससे असुविधा और स्वच्छता की समस्या उत्पन्न होती है और लोगो को काफी परेशानी होती है। इसलिए तत्काल सामुदायिक शौचालय बनाए जाने की आवश्यकता है।

# छात्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की पहल
- विशेषज्ञ डॉक्टरों ने विद्यार्थियों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच कर दी दवाएं व परामर्श



स्वास्थ्य शिविर में बच्चों की जांच करते डॉक्टर। • अमृत विचार

अमृत विचार: वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज बंथरा के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से सोमवार को राम मुरारी पब्लिक स्कूल मीरानपुर कटरा में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर सुबह 10 से दोपहर 1:30 बजे तक चला, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस निःशुल्क शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान कर उन्हें समय पर इलाज उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना था।

कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष एवं प्रोफ़ेसर डॉ. धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने छात्रों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की। जिन बच्चों को दवाइयों की आवश्यकता महसूस हुई, उन्हें निःशुल्क दवाएं दी गईं और व्यक्तिगत परामर्श भी दिया गया। शिविर में डॉ. इंतेखाब आलम, डॉ. आदित्य प्रकाश सिंह और डॉ. राघव ने सामान्य स्वास्थ्य जांच की। बाल रोग विभाग से डॉ. चिराग कुंडू ने शारीरिक विकास व बचपन से जुड़ी बीमारियों की जांच की। नेत्र विभाग से डॉ. स्वप्निल ने आंखों की जांच की, जबकि दन्त विभाग से डॉ. सौरभ मुखर्जी ने दांत व मुख संबंधी समस्याओं की जांच कर उपचार संबंधी सुझाव दिए। विद्यार्थियों को स्वच्छता, व्यक्तिगत साफ-सफाई, संतुलित आहार और पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

- स्वच्छता, पोषण और व्यक्तिगत साफ-सफाई पर विद्यार्थियों को दी गई उपयोगी जानकारी

# शिक्षा से ही समाज का विकास संभव

संवाददाता, पुवायां




तैयार किए स्लोगन के साथ छात्र। • अमृत विचार

अमृत विचार: पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेवां पुवायां में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना और साक्षरता के महत्व को रेखांकित करना था। इसके साथ ही विद्यालय से एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में साक्षरता से संबंधित स्लोगन और नारों के माध्यम से शिक्षा के महत्व को दर्शाया गया। छात्र-छात्राओं ने लोकगीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंगत प्रदान की। रैली के दौरान साक्षरता के क्षेत्र में योगदान देने वाले महान व्यक्तित्वों के विचार और स्लोगन भी प्रदर्शित किए गए, जिससे उपस्थित लोगों को शिक्षा के प्रति प्रेरणा मिली। विद्यालय की प्रधानाचार्या पल्लवी (राज्य अध्यापक पुरस्कृत) ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है और साक्षरता प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार के साथ-साथ उसकी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे स्वयं भी शिक्षित हों और दूसरों को भी शिक्षित बनाने में सहयोग करें। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्रों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन ने शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश फैलाने का काम किया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका प्रतिभा पटेल छात्र शुभम, प्रिया, दीपांशु, दिव्या ,सोनल आदि उपस्थित रहे

- अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
TPA सुविधा उपलब्ध
8077344353
समय :- प्रात: 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

## न्यूज ब्रीफ

### बिल जमा करने को लिए रुपये, शिकायत

बदायूं, अमृत विचार : दातागंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में गांव धरेली निवासी सदावती ने शिकायत पत्र देकर बताया कि वह कई साल पहले दिल्ली चली गई थीं। उनके घर पर बिजली का कनेक्शन था। जानकारी के अभाव में वह विद्युत कनेक्शन नहीं कटवा सकीं। जिसके कारण विद्युत विभाग ने 42 हजार रुपये का बिल भेज दिया। जानकारी होने पर सदावती गांव आईं और बिजली घर पहुंचीं। विभाग के प्राइवेट कर्मचारी मिला, जो वहीं पास में ही रहता है। उसने महिला से 42 हजार रुपये ले लिए। इसका वीडियो भी सामने आया है। महिला ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### युवती को पुलिस ने किया बरामद

बिल्सी, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने सोमवार को घर से भागी युवती को बरामद कर लिया। युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। एसआई रामसेवक राठौर ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को 12 अप्रैल को सगे मौसेरे भाई के साथ भाग गई थी। जिसकी परिजनों द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। युवती को उझानी क्षेत्र से बरामद कर लिया है। जिसे मेडिकल के लिए मुख्यालय भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर में करंट लगने से बुजुर्ग महिला की मौत

ओरछी, अमृत विचार : घर में करंट लगने से एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। परिजनों में चीत्कार मच गया। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सिसरका में सोमवार की दोपहर राजाराम के पड़ोस में बुजुर्ग महिला की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। इसके दाह संस्कार में शामिल होकर राजाराम अपने घर पहुंचे। अपने कपड़े धुलने के लिए बाल्टी में डाल दिए लेकिन वहां साबुन नहीं रखा था। वह किराना की दुकान से साबुन खरीदकर लाए और कपड़े धोने लगे। वहां ऊपर से बिजली का तार जा रहा था। कपड़े धोकर वह उठे तो वह तार के संपर्क में आ गए। वह बेसुध होकर गिर गए। परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे। राजाराम को चंदौसी के निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया।

### जिले की तीन तहसीलों में 50 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि बाढ़ की चपेट में, घरों में रसोई का बिगड़ा बजट

# बाढ़ के पानी में डूबीं फसलें, सब्जियों पर छाई महंगाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दूसरे राज्यों से जिले में आने वाली सब्जियों की आवक भी थमी
- मंडी में जुलाई के मुकाबले कई सब्जियों के दाम हुए दोगुने



थोक मंडी में सब्जी बेचते लोग। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** राज्य के कई जिलों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। ऐसा ही हाल जिले की तीन तहसीलों का है। करीब 50 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ के पानी में धान, मक्का, बाजरा तिलहन सहित सब्जियों की अधिकांश फसलें खराब हो चुकी हैं। सब्जियों की फसल खराब होने की वजह से मंडी में आवक कम हो गई है। दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियां भी नहीं आ रही हैं। इस कारण सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। अगस्त के मुकाबले सितंबर में सब्जियों के दाम में 10 से 15 फीसद का इजाफा हुआ है। दाम बढ़ने से गृहणियों के रसोई घर का भी बजट भी बिगड़ गया है।

पिछले दो माह से मानसून सक्रिय है। प्रदेश के कई जिले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। जिले की सहसवान, दातागंज और सदर तहसील भी बाढ़ की चपेट में गंगा नदी और रामगंगा नदी में अधिक जल प्रवाह हो रहा है। निचले इलाकें के करीब 60 से अधिक गांवों में पानी भर गया है। यह वह क्षेत्र है जिसमें सब्जियों की पैदावार अधिक होती है। बाढ़ की वजह से इन क्षेत्रों में फसलें बर्बाद हो गई हैं। खेतों में पानी भरा हुआ है। इसकी वजह से ककराला रोड स्थिति मंडी में सब्जियों की आवक कम हो गई है। अन्य प्रांतों में बाढ़ के हालात बने होने की वजह से टमाटर, शिमला, फूलगोभी सहित अन्य सब्जियों की आवक कम हो गई है। सब्जी विक्रेता रामपाल शाक्य ने बताया कि मंडी में सब्जी कम आ रही है। इस कारण दाम बढ़े हुए हैं। सब्जियां कम आने से दामों में 10 से 15 फीसद का इजाफा हुआ है। सब्जियों की कीमतों में हुई बढ़ोत्तरी के कारण गृहणियों की रसोई का भी बजट बिगड़ने लगा है।

**सब्जियों की यह है कीमत**

| सब्जियां | सितंबर में कीमत |
|---|---|
| आलू | 15 से 20 रुपये |
| प्याज | 20 से 25 रुपये |
| लौकी | 15 से 20 रुपये |
| बैंगन | 20 से 30 रुपये |
| शिमला मिर्च | 20 से 30 रुपये |
| टमाटर | 30 से 40 रुपये |
| भिंडी | 25 से 40 रुपये |
| हरी मिर्च | 40 से 60 रुपये |

## पूर्व भाजपा विधायक ने बाढ़ प्रभावित गांव का किया दौरा



ग्रामीणों से वार्ता करते पूर्व शेखूपुर विधायक धर्मेन्द्र शाक्य। • अमृत विचार

संवाददाता, कादरचौक

**अमृत विचार :** शेखूपुर के पूर्व विधायक धर्मेन्द्र शाक्य ने सोमवार को बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित लोगों से वार्ता की गई। साथ ही हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया।

शेखूपुर के पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, राजेश्वर कश्यप, सर्वेश कश्यप, वीरेंद्र राजपूत और चरन सिंह के साथ बाढ़ प्रभावित गांव में पहुंचे। उनके द्वारा क्षेत्र के गांव ललसी नगला, पांडे नगला, गुलाबगंज, गनआई, भूडा भदरौल, खजरारा, सरौता चौरसिया, पलिया पुख्ता, सराय सहित अन्य गांवों का दौरा किया। इन गांवों में बाढ़ का पानी भर चुका है। लोग सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं। उनकी फसलें नष्ट हो गई हैं। पूर्व विधायक ने ग्रामीणों से वार्ता की और हर संभव मदद दिए जाने का आश्वासन दिया।

# नगर पालिका तीन करोड़ रुपये से सड़कों की हालत में करेगी सुधार

### बरसात में शहर की जर्जर हो चुकीं 50 सड़कों को मरम्मत के लिए किया चिन्हित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



रोडवेज बस स्टैंड जाने वाली सड़क हुई जर्जर। • अमृत विचार

- कार्य योजना की तैयार, मंजूरी मिलते ही शुरू किया जाएगा कार्य
- रेलवे क्रॉसिंग से रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क का बुरा हाल

"बरसात से टूट चुकी सड़कों का सर्वे करा लिया गया है। करीब 50 से अधिक सड़कें चिन्हित की गई हैं। कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। करीब तीन करोड़ का बजट रखा गया है। कार्ययोजना को मंजूरी मिलने के बाद सड़कों की जर्जर स्थिति सही कराई जाएगी।
– **विनय कुमार**, ईओ नगर पालिका सदर

**अमृत विचार :** शहर में बरसात से खराब हो चुकी सड़कों की दशा नगर पालिका प्रशासन तीन करोड़ से सुधारेगा। सड़कों की हालत सुधारने के लिए कार्य योजना तैयार कर ली गई है। इसकी मंजूरी मिलने के बाद सड़कों की जर्जर स्थिति सही करने का काम किया जाएगा।

बरसात की वजह से शहर की सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। इनमें गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं। सबसे ज्यादा खराब स्थिति वन विभाग रोड और जिला अस्पताल जाने वाले रोड की है। पुलिस लाइन से लावेला चौक, रेलवे क्रॉसिंग से रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क टूट कर बिखर गई है। सड़कों की वर्जर हर तरफ बिखरी पड़ी है। इनमें गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं। इन सड़कों पर वाहन चालकों के साथ पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। ऐसा ही हाल शहर की अन्य सड़कों की है। कई मोहल्लों की सड़कें भी बारिश के कारण खराब हो चुकी हैं। बरसात में खराब हुई करीब 50 से अधिक सड़कों को नगर पालिका द्वारा चिन्हित किया गया है। इन सड़कों के नवीनीकरण और गड्ढा मुक्त करने के लिए नगर पालिका प्रशासन की ओर से तीन करोड़ से अधिक धनराशि की कार्ययोजना तैयार की गई है। कार्ययोजना पर मंजूरी के लिए एडीएम प्रशासन के पास भेजी गई है।

### वन विभाग की रोड में गड्ढे ही गड्ढे, लोग परेशान

वन विभाग रोड बरसात के दौरान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। उसमें गहरे गहरे गड्ढे बन गए हैं। बरसात के कारण गहरे गड्ढे तालाब का रूप धारण किए हुए हैं। इसकी वजह से वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कई बार दो पहिया और तीन पहिया वाहन पलट चुके हैं। हालांकि कोई हादसा नहीं हुआ है। इस रोड का यह हाल तब है जब करीब तीन लाख की लागत से छह माह पूर्व नवीनीकरण किया गया था। सड़क पहली बरसात से ही टूटनी शुरू हो गई थी। ऐसी ही स्थिति रेलवे क्रॉसिंग से रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क की बनी हुई है।

## बाढ़ प्रभावित परिवारों को विधायक ने बांटी राहत सामग्री



बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित करते बिल्सी विधायक हरीश शाक्य।

संवाददाता, बिल्सी

- गांव मंगली की मढ़ैया व मोहन नगला पहुंचे बिल्सी विधायक

**अमृत विचार :** बिल्सी विधानसभा विधायक हरीश शाक्य ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण करके स्थानीय निवासियों से उनका कुशल क्षेम पूछा। आश्वस्त किया कि प्राकृतिक आपदा में भाजपा सरकार और उनके चुने जनप्रतिनिधि हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिजनों को राहत सामग्री वितरित की।

विधायक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र गांव मंगली की मढ़ैया व मोहन नगला में बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। ग्रामवासियों को बताया कि प्रदेश सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के परिवारों को लगातार राहत सामग्री का वितरण कर रही है। किसी भी व्यक्ति को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। पीड़ित परिवारों के लिए उत्तर प्रदेश की सरकार हर संभव मदद करने का भरसक प्रयास कर रही हैं। प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि बाढ़ पीड़ित परिवारों के निरंतर सहायता और उनकी दैनिक जरूरतों का ध्यान रखें। हरसंभव प्रशासनिक मदद करने का प्रयास करें। इस अवसर पर मुनीश राघव, प्रशांत शर्मा, कामता प्रसाद शाक्य, मुनेंद्र शाक्य, योगेश तोमर, मुनीश शाक्य, चरन सिंह शाक्य, राहुल कश्यप, दिनेश यादव मौजूद रहे।

## क्षत्रिय महासभा का गठन, नामित हुए पदाधिकारी

**बदायूं, अमृत विचार :** क्षत्रिय महासभा की बैठक कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। इसमें क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौहान के द्वारा कार्यकारिणी का गठन किया।

क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष ने राजू चौहान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनोद कुमार सिंह सिसोदिया, अमित कुमार सिंह, डॉ. जेपी सिंह सोलंकी को उपाध्यक्ष पद पर नामित किया। इनके अलावा कौशल राघव महामंत्री, धर्मवीर सिंह राघव संगठन मंत्री, विमल सिसोदिया कोषाध्यक्ष, धीरेंद्र सिसोदिया मंत्री, अखिलेश कुमार सिंह ऑडिटर, संजय चौहान प्रचार मंत्री, जितेंद्र सोलंकी को मीडिया प्रभारी नामित किया गया। वहीं कुशल पाल सिंह गौतम कार्यालय प्रमुख, शैलेंद्र प्रताप सिंह चौहान सलाहकार के पद पर नामित गया है। नरेंद्र सोलंकी, महिपाल सिंह चौहान, धीरेंद्र सोलंकी, मनोज सोलंकी, शैलेंद्र सिसोदिया, राजीव कुमार सिंह, राजीव कुमार को सदस्य पद पर नामित किया है। नामित किए गए पदाधिकारियों को महासभा के अध्यक्ष ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## आधे शहर में दोपहर से शाम तक गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- लाइन में आए फाल्ट को दुरुस्त करने के चलते बंद की सप्लाई

"कुछ इलाकों में जर्जर लाइन बदलने का काम चल रहा है। इस कारण विद्युत सप्लाई रोकनी पड़ रही है। जल्द ही जर्जर लाइन ठीक करा दी जाएगी। इसके बाद विद्युत सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं होगी।
– **अरविंद सिंह**, एसडीओ, पनबड़िया सब स्टेशन

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग की मनमानी के चलते शहर के लोग परेशान हो चुके हैं। सोमवार को विद्युत लाइन में आई कमियों को दूर करने के लिए विद्युत सप्लाई रोक दी गई। इस वजह से आधे शहर में सुबह 10 बजे के बाद शाम तक बिजली गुल रही।

बरसात के मौसम में शहर की विद्युत व्यवस्था चरमराई हुई है। सुबह 10 बजे के बाद आधे शहर की बिजली कट कर दी गई। इसके बाद पांच बजे तक बिजली नहीं आई। बिजली नहीं होने से आधे शहर की जनता खासा परेशान रही। सुबह 10 बजे से लेकर शाम तक बिजली न होने से जहां लोगों ने पसीना बहाया। दोपहर बाद धूप कम रही, लेकिन उमस भरी गर्मी ने लोगों को खूब सताया। विद्युत कर्मचारियों के मुताबिक कचहरी बिजली, कार्यशाला बिजली और पनबड़िया बिजली घर से संबंधित इलाकों में जर्जर विद्युत लाइनों का ठीक करने का काम किया गया। जर्जर लाइनों को ठीक करने के लिए गए शटडाउन की वजह से आवास विकास कॉलोनी, इंदिरा नगर, सिविल लाइन एरिया, नेकपुर सहित अन्य कई मोहल्लों की बिजली गुल रही।

## जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य करें निर्धारित : एडीजे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



छात्र-छात्राओं के साथ एडीजे व प्राधिकरण की सचिव शिव कुमारी। • अमृत विचार

- टोल फ्री नंबरों की दी जानकारी सोशल साइट्स के सही उपयोग करने का किया आह्वान

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार मदर एथीना स्कूल में विधिक साक्षरता, जागरुकता शिविर का आयोजन किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिव कुमारी ने छात्र जयंत शंखधार, अभिनय पाठक, प्राची सिंह, साक्षी भारती को सम्मानित किया। कहा कि जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करें।

कार्यक्रम की शुरूआत में जिला प्रोबेशन कार्यालय की छवि वैश्य केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। प्राधिकरण की एलएडीसी असिस्टेंट कशिश सक्सेना ने छात्र-छात्राओं के विधिक अधिकारों से संबंधित तीन कानूनों के बारे में बताया। साथ ही भारतीय संविधान में वर्णित अनुच्छेद 14, 15, 18, 21 व 21 ए और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, टोल फ्री नंबर 112, 1090, 1076, 15100 आदि की जानकारी दी। सचिव ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि इंटनरेट का हमेशा सही उपयोग करें। सोशल साइट्स जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि का प्रयोग उचित दिशा में करें। अश्लील सामग्री से दूरी बनाएं। इससे विद्यार्थी जीवन नष्ट न हो। अच्छी सोच के साथ पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। शिक्षित होकर अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक हो। प्राधिकरण की ओर से निशुल्क विधिक सेवाएं दी जाती हैं। अगर किसी पीड़ित के अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वह प्राधिकरण कार्यालय पर प्रार्थना पत्र दे सकता है। संबंधित क्षेत्र के थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराएं। 13 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौता के आधार पर वादों का निस्तारण करा सकते हैं। उन्होंने भारतीय संविधान में वर्णित महिलाओं के मौलिक अधिकार, कार्य स्थल पर महिलाओं के प्रति यौन उत्पीड़न अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, निशुल्क विधिक सहायता अधिनियम 1987 की धारा 12, गुड व बेड टच के बारे में भी बताया। लोक अदालत की प्रक्रिया और कार्यकलापों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन अनुष्कार सिंह ने किया। प्रधानाचार्य पवित्रा यादव का योगदान रहा।

## बाइक और ई-रिक्शा की भिड़ंत में बुजुर्ग महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बिसौली क्षेत्र के गांव संग्रामपुर के पास हुआ हादसा, चार लोग घायल

**अमृत विचार :** बाइक और ई-रिक्शा में टक्कर हो गई। हादसे में बुजुर्ग महिला के अलावा चार सवारी घायल हो गई। राहगीर महिला को अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सक ने महिला की मौत की पुष्टि कर दी। हादसे की सूचना पर महिला के परिजनों में चीत्कार मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव संग्रामपुर निवासी हजारा (65) पत्नी कल्लू खां बेटी के साथ ई-रिक्शा से गांव गूलर जा रही थी। रास्ते में गांव लक्ष्मीपुर के पास सामने से तेज रफ्तार से आई बाइक और ई-रिक्शा की भिड़ंत हो गई। हादसे में ई-रिक्शा सवार हजारा की मौके पर मौत हो गई, जबकि चार सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। हजारा और चारों घायलों को बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :- 7906732664 9897885429 8445507002

सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा रेलवे स्टेशन से पूर्व की ओर
Contact No. 9412287776, 9412288876, 9412288878, 9457507777
नि:शुल्क प्रवेश सत्र 2025-26 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. (Home Science) B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. (Home Science) M.A. (Home Science) M.A. (Drawing & Painting)
D.PHARMA BTE CODE 2143 B.Ed. BTC D.El.Ed. B.EL.ED
सरदार वल्लभ भाई पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी
भोजीपुरा, बरेली BTE CODE - 2143
B.El.Ed. (इंटरमीडिएट के पश्चात 4 वर्षीय बी.टी.सी.) College Code 148
डी.एस.आर. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
BTE CODE-2079
रिछा-जहानाबाद रोड पिपरानाकार बहेड़ी, बरेली
Contact No. 9719807777, 9719817777, 9719827777, 9719837777, 9719847777
चेयरमैन डा. हरीशंकर गंगवार, Mob No : 9412287777

**मौसम का मिजाज** — एक घंटे की बरसात ने नगर पालिका की खोल दी पोल

# बारिश ने गर्मी से दी राहत, जलभराव से बढ़ीं मुश्किलें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- लाखों के बजट से तली झाड़ सफाई के दावे साबित हुए खोखले
- अधिकतम तापमान 30, न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रहा



बारिश के बाद वाटर बॉक्स रोड पर जलभराव। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** इस मानसून सीजन के दौरान जनपद में रिकॉर्ड तोड़ बरसात हुई है। श्रावण, भाद्रपद के बाद अब अश्विन मास में भी बारिश का दौर बना हुआ है। सोमवार दोपहर बाद बारिश हुई। करीब एक घंटे की बरसात ने नगर पालिका की पोल खोल दी। शहर तालाब में तब्दील हो गया। गली मोहल्लों के साथ मुख्य मार्ग नहर में तब्दील नजर आए। ऐसा होने से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं बारिश के बाद खिली धूप की वजह से उमस भरी गर्मी से लोग परेशान दिखे। अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड दर्ज हुआ।

लगातार बारिश का दौर बना हुआ है। कभी मौसम साफ तो कभी बारिश हो रही है। पिछले दो दिनों से मौसम साफ था। उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान किये हुए थी। रविवार की तरह ही सोमवार को भी सुबह से चटक धूप खिली हुई थी। करीब दो बजे के दौरान अचानक से मौसम में बदलाव देखने को मिला। आसमान में काले-काले बादल छा गए। कुछ ही देर में झमाझम बारिश शुरू हो गई। अचानक मौसम में बदलाव के चलते लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। करीब एक घंटे तक तेज बारिश हुई। बरसात रुकने के बाद आधे से अधिक शहर के मोहल्लों की गलियां और प्रमुख मार्ग नहर में तब्दील हो गये।

शहर की पॉश कॉलोनी आवास विकास के साथ नई सराय, लोची नगला, टिकटगंज, पनबडिया मोहल्ले के साथ गांधी ग्राउंड मार्ग, वाटर वकर्स रोड पर बरसात का पानी जमा हो गया। रोड पर पानी भर जाने से लोगों को आने जाने में दिक्कत उठानी पड़ी। वहीं मोहल्लों की गलियों और प्रमुख बाजार में हुए जलभराव ने नगर पालिका की पोल खोल दी।

लाखों रुपये के बजट से तरी झाड़ नाले और नालियों की सफाई के दावे खोखले नजर आए। साथ ही जलभराव की समस्या दूर करने के लिए बनवाए गए नाले भी काम नहीं आ रहे।

### आवागमन में दिक्कतों का करना पड़ा सामना

मोहल्लों की गलियों और प्रमुख मार्गों पर हुए जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। करीब एक घंटे की बरसात के बाद मौसम साफ हो गया। जिसकी वजह से उमस बढ़ गई। और लोग उमस भरी गर्मी के कारण पसीना- पसीना हो गये। हालांकि तापमान सामान्य से एक डिग्री कम रहा। अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार मंगलवार को भी बारिश की संभावना बनी हुई है।

## इस्लामनगर में अवैध लैबों पर नहीं हुई कार्रवाई

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** कस्बा के मोहल्ला मुगल, टंकी मोहल्ला, जमनी मोहल्ला, सराय मोहल्ला, चंदौसी रोड, बहजोई रोड, बिल्सी रोड से लेकर नगर के मुख्य चौराहे तक जगह-जगह अवैध लैब खुलेआम चल रही हैं। न तो इनके पास स्वास्थ्य विभाग का पंजीकरण है और न ही प्रशिक्षित तकनीशियन। गलत रिपोर्टों के कारण मरीजों को गंभीर नुकसान उठाना पड़ रहा है, लेकिन विभाग आंख मूंदे बैठा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शिकायत पर आते तो हैं लेकिन कार्रवाई नोटिस तक ही सीमित रह जाती है। आलम यह है कि अब तक एक भी सेंटर पर शिकंजा नहीं कसा गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से साठगांठ की चर्चा है।

# नेता और अधिकारियों की चाकरी में लगे सफाईकर्मी, गांव में फैली गंदगी

## 400 से अधिक सफाई कर्मचारी नेता, अफसरों के आवासों और ब्लॉकों पर संबद्ध

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सफाई कर्मियों के गांवों में नहीं पहुंचने से पसरी गंदगी, फैल रहा डेंगू और मलेरिया का खतरा

**अमृत विचार :** बरसात और बाढ़ की वजह से जनपद के हालात खराब हैं। जगह- जगह संक्रामक रोग फैलते जा रहे हैं। संक्रामण रोग की रोकथाम करने का प्रयास करने वाले प्रशासनिक अधिकारी मूल समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गांवों में पसरी गंदगी को साफ नहीं कराया जा रहा है। इस कार्य के लिए कार्यरत सफाई कर्मचारियों से अपनी चाकरी कराई जा रही है। 400 से अधिक सफाई कर्मचारी नेता, सरकारी कार्यालयों के साथ अधिकारियों के आवासों पर ड्यूटी कर रहे हैं। यही कारण है कि सफाई न होने की दशा में जल जनित बीमारियों से ग्रामीण ग्रस्त हो रहे हैं।

बसपा शासन काल के दौरान गांवों की गंदगी दूर करने के लिए पंचायती राज विभाग में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति हुई थी। जनपद में भी करीब 1500 से अधिक सफाई कर्मी नियुक्त हुए थे। नियुक्ति होने के बाद ग्रामीणों को लगा कि अब गांवों में कहीं भी गंदगी नहीं रहेगी, लेकिन उन्हें नहीं मालूम था कि सफाई गांव की सफाई करने के स्थान पर अफसरों, नेताओं की चाकरी करेंगे। स्थित यह है कि गांवों में कार्यरत करीब 400 से अधिक सफाई कर्मचारी सरकारी विभागों, नेताओं और अफसरों के आवासों पर संबद्ध हैं। इनमें कुछ अफसरों के वाहन चला रहे हैं तो कुछ अफसरों के घरों में खाना बना रहे हैं। सफाई कर्मियों के द्वारा नेताओं और अफसरों की चाकरी किए जाने की वजह से गांवों की साफ- सफाई नहीं हो रही है। सफाई कर्मचारियों के गांव में न पहुंचने के कारण गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। गांव में साफ सफाई न होने से लोग मलेरिया, डेंगू और वायरल बुखार से पीड़ित होने लगे हैं। हालांकि पंचायती राज विभाग ने दावा किया है कि जिन गांवों में जलजनित बीमारियों से लोग अधिक पीड़ित हैं उनमें सफाई कर्मियों की टीम बनाकर साफ सफाई कराई जा रही है।

> अधिकांश सफाई कर्मचारियों की संबद्धता को समाप्त कर ग्राम पंचायतों में भेजा जा चुका है। कुछ रह गए हैं। उनकी भी संबद्धता समाप्त कर ग्राम पंचायतों में भेजा जाएगा। बायोमेट्रिक मशीन लगाने के लिए भी पंचायतों से कहा जाएगा।
> – यावर अब्बास, डीपीआरओ

### सीडीओ और डीपीआरओ कार्यालय से संबद्ध हैं सफाईकर्मी

विकास भवन में करीब 39 विभागों के कार्यालय हैं। इनमें एक या दो विभागों को छोड़कर सभी विभागों में सफाई कर्मी संबद्ध हैं। आधा दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारी सीडीओ कार्यालय और डीपीआरओ कार्यालय में संबद्ध हैं। इनमें कोई अधिकारियों की गाड़ी चला रहा है तो कई अर्दली की भूमिका निभा रहा है।

### अब तक पंचायत भवनों में नहीं लग सकी बायोमैट्रिक मशीन

वर्ष 2023 में पंचायती राज निदेशक ने सफाई कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के लिए पंचायत भवनों में बायोमेट्रिक मशीन लगाने के आदेश जारी किए थे, लेकिन अब तक पंचायत भवनों में बायोमैट्रिक मशीन नहीं लग सकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### नकदी और सीसीटीवी हार्डडिस्क चोरी

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के चंदौसी रोड स्थित गांव सिठौली के पास कोल्ड स्टोर से रविवार रात चोरों ने सेंधमारी करके चोरी की। उस दौरान चौकीदार नवल किशोर, स्टोर इंचार्ज तोताराम व उनकी पत्नी कंचन देवी मौके पर मौजूद थे। चोरों ने दीवार तोड़कर ऑफिस में रखी नकदी और अन्य सामान पार कर दिया। चोर वारदात के साक्ष्य मिटाने के लिए सीसीटीवी का हार्डडिस्क भी अपने साथ ले गए। पीड़ित वाहित हुसैन पुत्र अब्दुल सलीम ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि चोरी करने के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर खुलासा किया जाएगा।

### शराब के 32 पौवों के साथ आरोपी गिरफ्तार

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** इस्लामनगर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार गांव सैफुल्लागंज निवासी नन्हे पुत्र नंदकिशोर को राजथल से बझांगी रोड पर दबिश देकर पकड़ा गया। उसके कब्जे से देसी शराब के 32 पौवे बरामद हुए। थाना प्रभारी नरेश पाल सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

### कुएं में गिरी गाय को पुलिस ने निकाला

**बदायूं, अमृत विचार :** नगर सहसवान के मोहल्ला मोहिउद्दीनपुर में रविवार रात एक गाय कुंआ में गिर गई। अगले दिन सुबह लोगों ने गाय देखी तो भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। मोहल्ले के लोगों ने पुलिसकर्मियों की मदद से गाय को बाहर निकाला।

### घर के आगे खड़ा ई-रिक्शा चोरी, रिपोर्ट

**ओरछी, अमृत विचार :** क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। उनके द्वारा घनी आबादी से ई रिक्शा कर लिया गया। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव ओरछी निवासी वीर बहादुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात के समय उनका ई–रिक्शा घर के आगे खड़ा था। जिसे किसी ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## किसान ने जमीन पर कब्जा करने का लगाया आरोप

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव जरावन में कुछ लोगों ने एक किसान जमीन पर अपना अवैध कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर देख लेने की धमकी दी जा रही है। यह आरोप लगाते हुए किसान ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

गांव निवासी श्योराज सिंह पुत्र नन्हकी ने कोतवाली पुलिस बताया कि उनकी जमीन में से करीब 10 बिस्वा भूमि पर गांव के दबंगों ने कब्जा कर लिया है। जमीन कब्जा मुक्त कराने की शिकायत उसके द्वारा कई बार शिकायत की है। सोमवार को पीड़ित ने उक्त लोगों से कब्जा हटाने के लिए कहा। जिस पर उन्होंने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। साथ ही देख लेने की धमकी। पीड़ित किसान ने आरोपियों से जान का खतरा जताते हुए तहरीर दी है। किसान ने पुलिस से जमीन कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## दिन भर चर्चा करते रहे लोग बिना रुपये नहीं होता काम

संवाददाता, सहसवान

- 12 हजार रुपये रिश्वत लेते दारोगा के पकड़े जाने का मामला

**अमृत विचार :** दारोगा के रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े जाने की खबर क्षेत्र में फैल गई। सोशल साइट्स पर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। लोगों ने कहा कि पुलिस ने सहसवान कोतवाली के गेट पर दलालों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित और पीड़ितों के खुद आकर समस्या बताने का पोस्टर टंगा है लेकिन बहुत से पुलिसकर्मी पुलिस बिना रुपये लिए काम नहीं करते।

भ्रष्टाचारियों के खिलाफ एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई के बाद भी सुधार नहीं हो पा रहा है। काम के एवज में जरूरतमंदों से रुपये मांगे जा रहे हैं। कोतवाली सहसवान क्षेत्र के मोहल्ला अल्लेहदादपुर धोबई निवासी दिनेश मिश्रा ने 17 जुलाई को तहरीर देकर बताया था कि उन्होंने अपने ट्रैक्टर से गांव में ही रहने वाले तीन सगे भाई वेदप्रकाश, रामकुमार और हरिबाबू के खेत की जोताई की थी। उसपर दिनेश मिश्रा के एक हजार रुपये थे। रुपये मांगने पर वह लोग टालमटोल कर रहे थे। रुपये मांगने पर उन्होंने दिनेश मिश्रा को जमकर पीटा था और जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया था। हल्का नंबर पर चार पर तैनात दारोगा कमलेश सिंह विवेचना कर रहे थे। दारोगा ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज मुकदमा में धाराएं बढ़ाने और जेल भेजने के नाम पर दिनेश मिश्रा से रुपयों की मांग की। शिकायत पर बरेली एंटी करप्शन टीम ने कोतवाली सहसवान में दारोगा को रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़ लिया। इसको लेकर लोग सोशल साइट्स पर तरह-तरह की चर्चा कर रहे है। कमेंट कर रहे है कि कोतवाली के बाहर आसपास दलाल प्रवृत्ति के लोग सक्रिय रहते हैं। चर्चा है कि कोतवाली आने वालों का नाम रजिस्टर पर दर्ज नहीं किया जाता। कोतवाली सीसीटीवी कैमरों यह दलाल नजर आ जाएंगे। वह दिन में कई बार कोतवाली के चक्कर लगाते हैं। पीड़ितों का काम कराने के लिए रुपये लेते हैं।

## अपहरण करने के 12 दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- हर दोषी पर 25-25 हजार रुपये का लगाया जुर्माना
- मुकदमा विचारण के दौरान दो की हो गई थी मौत

**अमृत विचार :** बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव ओया निवासी मदनपाल सिंह पुत्र जिताब सिंह ने 23 फरवरी 2006 को 14 लोगों के खिलाफ गांव के ओमप्रकाश, उनके बेटे शेषवीर सिंह, जसवीर सिंह का फिरौती के लिए अपहरण करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश, दस्यु प्रभावित क्षेत्र रिंकू ने मामले के 12 दोषियों को आजीवन कारावास और हर एक पर 25-25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

पुलिस ने गांव पुलगवां निवासी असलम, छोटे, वजीरगंज के मोहल्ला बनिया निवासी पप्पू उर्फ जावेद, सप्पू, इलियास, ओया निवासी बबलू, बिल्सी के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी चंद्रपाल, मझारा निवासी जोगेंद्र, सौदान, सीताराम निवासी कृष्णपाल, समरपाल सिंह, प्रदीप, अंसार पहलवान और असगर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। तत्कालीन थानाध्यक्ष बलजीत सिंह राणा ने मामले की विवेचना करके आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। सोमवार को न्यायाधीश ने फैसला सुनाया। 12 आरोपियों को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि आरोपी अंसार पहलवान व असगर की मुकदमा विचारण के दौरान मौत हो गई थी।

## आईटीआई कॉलेज में लगा अप्रेंटिसशिप मेला

**बदायूं, अमृत विचार :** सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया। इसमें तीन कंपनियों ने प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मेला में अप्रेंटिसशिप के लिए 37 प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। इनमें से 35 प्रशिक्षार्थियों का अप्रेंटिस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन पूर्ण कराया गया।

तीन प्रशिक्षार्थियों के व्यवसाय मैकेनिक डीजल, आरएसी और इलेक्ट्रीशियन में बॉन्ड जनरेट किए गए। अप्रेंटिस मेले में चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 7000 रुपए स्टाइपेंड देय होगा। मेला में कॉलेज प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार, अजीत कुमार वर्मा, सचिन कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, विकास रोहेला आदि उपस्थित रहे।

## प्रबुद्धजनों की टीम ने व्यापारियों संग की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



कलेक्ट्रेट में भारत–विकसित डॉक्यूमेंट पर विचार करते अधिकारी। ● अमृत विचार

- विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की थीम पर अधिकारियों संग की बैठक

**अमृत विचार :** समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के तहत पांच प्रबुद्धजनों की टीम पहुंची। टीम का नेतृत्व पूर्व आईएएस अधिकारी दिनेश कुमार सिंह और जीएसटी आयुक्त नितिन बंसल ने किया। सोमवार को कलेक्ट्रेट टीम ने तीन थीम और 12 सेक्टरों पर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने व्यापारियों, महिला समूहों और श्रमिक संगठनों से संवाद किया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों और प्रगतिशील किसानों के साथ चर्चा की।

प्रबुद्धजनों की टीम ने स्थानीय लोगों से विकास की उनकी अपेक्षाओं और जरूरतों के बारे में जानकारी ली। जनपद के नोडल अधिकारी नितिन बंसल ने कहा कि सरकार ने जीएसटी का सरलीकरण कर 5 प्रतिशत व 18 प्रतिशत जीएसटी प्रावधान किया गया है। इसका उद्यमियों का व्यापारियों ने स्वागत किया।। उन्होंने बताया कि सिंथेटिक मेंथा पर 18 प्रतिशत व नेचुरल मेंथा पर 5 प्रतिशत जीएसटी का प्रावधान किया गया है। इससे उद्यमियों व व्यापारियों को लाभ होगा। पूर्व डीएम व पूर्व मंडलायुक्त चित्रकूट मंडल दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि देश व प्रदेश ने बहुत तरक्की की है। देश व प्रदेश तेजी से प्रगति पथ पर अग्रसर है। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों सुझावों को सुना व उसको सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन भी दिया। डीएम अवनीश राय ने बताया कि अभियान के लिए 12 चिन्हित सेक्टर बनाए गए हैं। तीन प्रमुख थीम अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति व जीवन शक्ति पर विजन डॉक्यूमेंट 2047 आधारित होगा, जोकि जनभागीदारी के साथ बनाया जाएगा। वर्ष 2019 से 30 तक के लिए लघु अवधि के लक्ष्य व वर्ष 2030 से 2047 के लिए मध्यम व दीर्घ अवधि के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। नोडल अधिकारी आयुक्त जीएसटी नितिन बंसल व डीएम अवनीश राय ने मांगों को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

## समाधान दिवस में दो शिकायतें हुईं निस्तारित

**बिल्सी, अमृत विचार :** सोमवार को तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी प्रेमपाल सिंह ने शिकायतों को सुना। साथ ही अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

उनके समक्ष 22 प्रार्थना पत्र आए। इनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण किया। समाधान दिवस में चकरोड पर से अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाइश कराने, से जुड़े प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान पर सीओ संजीव कुमार सिंह, तहसीलदार प्रभा सिंह, नायब तहसीलदार बदन सिंह, मोहित कुमार राठी, पूर्ति निरीक्षक धीरज गुप्ता, ईओ वेद प्रकाश सिंह, जेई गजेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## श्रोताओं ने सुनी राम-केवट संवाद की कथा

संवाददाता, बिल्सी



राम कथा कहते कथा वाचक संत अयोध्या दास। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कछला रोड स्थित माहेश्वरी भवन में श्री रामकृष्ण समिति की ओर से आयोजित श्री राम कथा चल रही है। इसके सातवें दिन कथावाचक संत अयोध्या दास रामायणी ने भगवान राम और केवट संवाद कथा को बड़े ही मनोहरी ढंग से सुनाया। इसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे।

कथा वाचक ने कहा कि जब भगवान राम, लक्ष्मण, सीता सहित गंगा के किनारे पहुंचे और केवट को गंगा पार करने के लिए कहते हैं। तो केवट कहता है कि हे प्रभु आपके मरम को मैं जानता हूं। जब शिला नारी बन सकती है तो मेरी नाव तो काठ की है। ये छूते ही उड़ जाएगी। इसी से अपना परिवार पालता हूं। इसलिए प्रभु पांव धुलकर ही हम नाव पर बैठाएंगे। भगवान राम केवट का प्रेम देख मुस्कुरा कर बोले केवट मुझे विलंब हो रहा है। तुम मेरा पैर धुल सकते हो।

केवट कठौता में गंगाजल भर कर प्रभु का पैर धोकर नाव में बिठाकर गंगा पार कराता है। गंगा पार करने के बाद राम ने केवट को मुद्रिका केवट को दी। केवट राम के चरण में गिरकर याचना करता है और कहता है कि हे नाथ मुझे कुछ नहीं चाहिए। आपको मैंने गंगा पार कराया है। आप मुझे भवसागर से पार कर देना।

इस मौके पर नरेन्द्र गरल, सत्यपाल वार्ष्णेय, लोकेश बाबू, मनोज वार्ष्णेय, संजीव वार्ष्णेय, दिनेश बाबू आदि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मोहल्ला फरशोरी टोला में किया मुशायरे का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- नसीरी परिवार की ओर से किया मुशायरा, शायरों को किया सम्मानित

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला फरशोरी टोला स्थित नसीरी परिवार के अरशद नसीरी बीलम के आवास पर मुशायरे का आयोजन हुआ। इसमें शायरों ने कलाम के माध्यम से सामाजिक विसंगतियों पर चोट की। समाधान के भाव भी व्यक्त किए। अहमद अमजदी बदायूंनी ने नात पढ़कर मुशायरे का आगाज किया।

उन्होंने पढ़ा कि सिर्फ नफरत की निगाहों से न देखे दुनिया, मुझको मीजाने मुहब्बत से भी तोला जाए। एहसान रजा बदायूंनी ने कहा कि मिलके अब कारोबार मत करना, चाहे हिस्से में पाई पाई पड़े। शम्स मुजाहिदी बदायूंनी ने इशारों में बात कह कर गागर में सागर भर दिया कल तक तो मेरे गांव में अमनो अमान था, किसने लड़ा दिया मियां पंडित पठान को। शायर अरशद रसूल ने सुनाया कि अपनों ने आज फर्ज निभाया है इस तरह, घायल हुए हैं हम भी भरोसे के तीर से। मुख्य अतिथि समर बदायूंनी ने कहा कि मुफलिसी जब आ गई ईमान तक, हम ने अपने सर का सौदा कर दिया। हसनैन कुर्बान, अरशद नसीरी, शारिक नसीरी, अधिवक्ता सफीरउद्दीन, फिरोज खान पम्मी सभासद, अमान, जुनैद कमाल, सलमान, शोएब फरशोरी, जहीर बेग, युनुस, अनवर खुर्शीद, अनफ, शकील, सोहराब, हसीब, नदीम, परवेज, अजहर, जैद सिद्दीकी, जैन सिद्दीकी, आकिल, नदीम आदि मौजूद रहे।

## इश्तियाक अली बने स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष

**बदायूं, अमृत विचार :** स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष कालीचरन का बरेली स्थानांतरण हो गया है। संत कबीर नगर से स्थानांतरित होकर आए इश्तियाक अली स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष बने हैं।

उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वह पूर्व में बदायूं में अपर जनपद न्यायाधीश रह चुके हैं। लोक अदालत के सदस्य राकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि स्थाई लोक अदालत में आमजन के बैंक, बीमा, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार सेवाएं, अस्पताल, सड़क, परिवहन, पानी, नगर पालिका, बिजली, आवास के मुआवजा से संबंधित 137 मामले चल रहे हैं। एक करोड़ रुपये की सीमा के मुकदमे चल रहे हैं।

## अवैध कब्जे का तहसीलदार ने निरस्त कराया दाखिल खारिज

संवाददाता, ओरछी

- शिकायत मिलने पर तहसीलदार ने जांच करके निरस्त कराया दाखिल खारिज

**अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के कस्बा के वार्ड छह निवासी रामवती पत्नी ब्रजपाल ने डीएम व एसएसपी को शिकायत करके बताया कि कस्बा फैजगंज बेहटा में टंकी रोड पर कस्बे के वीरपाल सिंह, शिशुपाल सिंह और जगतपाल सिंह की भूमि थी। दो लोगों ने वीरपाल और शिशुपाल सिंह की जमीन के अंश का बैनामा अपने नाम करा लिया था। शेष अंश जगतपाल का बचा।

कुछ समय के बाद उनकी मौत हो गई। उनकी पत्नी गुड्डो देवी का नाम वारिसान में दर्ज किया गया। गुड्डो देवी लंबे समय बाहर रह रही है। इसका फायदा उठाकर भू-माफिया ने तहसील में साठगांठ करके उनकी जमीन में वारिसान दर्ज कराकर अपने दाखिल खारिज करा लिया। तालाब पाटकर कब्जा शुरू कर दिया। इसी दौरान गुड्डो देवी की परिचित महिला ने तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला से शिकायत की थी। तहसीलदार ने दाखिल खारिज को निरस्त कर दिया। गुड्डो देवी का नाम दर्ज कराया। फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद भी आरोपियों खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है। इसके बाद भी आरोप है कि जिम्मेदारों ने मिट्टी भराव का आदेश दिया है। कहा कि वह सब संभाल लेंगे। आरोप है कि कुछ लोग साठगांठ करके थाने के पास संपत्ति बताकर तालाब व बड़ा नाला पाटकर कब्जा कर रहे हैं। रातों रात तालाब पाट रहे हैं। महिला ने उन लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है।

**यूपी बोर्ड** | परीक्षा केंद्र निर्धारण के लिए स्कूलों से सूचनाएं कराई जा रही अपलोड

## परीक्षा केंद्र के अपलोड डेटा की जांच करेगी समिति

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- स्कूलों द्वारा अपलोड की जा रही सूचनाओं में मिल रही विसंगतियां
- डाटा पोर्टल पर अपलोड होने के बाद किया जाएगा भौतिक सत्यापन

> आधारभूत सूचनाओं को अपलोड करने में विद्यालय की तरफ से विद्यालय का क्षेत्रफल भी अलग–अलग दर्शाया जा रहा है, जबकि मान्यता प्राप्त करते समय जितने शिक्षण कक्ष मानक के अनुसार आवश्यक होते हैं उससे कम शिक्षण कक्ष बाद में नहीं होने चाहिए। विद्यालयों द्वारा उसमें भी कटौती करके कम कर दिया गया है, जो कि संदेहास्पद स्थिति है। सभी स्कूलों का डाटा अपलोड होने के बाद उनका भौतिक सत्यापन कराया जाएगा।
> – लालजी यादव, डीआईओएस

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष-2026 के फरवरी में होने वाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र बनाने की तैयारी चल रही है। विद्यालय की ओर से परिषद की वेबसाइट पर विद्यालयों का आधारभूत सूचनाओं को डेटा अपलोड कराया जा रहा है। अपलोड की जा रही सूचनाओं में कई विसंगति सामने आ रही हैं। सभी स्कूलों का डाटा पोर्टल पर अपलोड होने के बाद स्कूलों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। भौतिक सत्यापन के बाद समिति गठन को डीएम के समक्ष पत्रावली प्रस्तुत की जाएगी। उसके बाद केंद्र निर्धारित किए जाएंगे।

यूपी बोर्ड वर्ष 2026 में होने वाली हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा कराने को माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा तेजी से तैयारी में जुटा हुआ है। केंद्र निर्धारण को लेकर सभी स्कूलों का डाटा माध्यमिक शिक्षा परिषद की बेवसाइड पर अपलोड़ करने के आदेश दिए हुए हैं। स्कूलों द्वारा अपलोड़ किए जा रहे डाटा में तमाम कमियां दिख रही हैं। संचालकों और प्रधानाचार्य के द्वारा स्कूलों की सही जानकारी नहीं दी जा रही है। स्कूलों द्वारा गलत सूचनाएं दिए जाने पर माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सख्त कदम उठाया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा सूचनाएं अपलोड किए जाने के बाद पुनः सत्यापन करने के आदेश जारी किए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील स्तर पर गठित समिति के माध्यम से विद्यालयों का पुनः भौतिक सत्यापन कराकर आधारभूत सूचनाओं को अपलोड करने का निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से दिया गया है। इस निर्देश के तहत तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में तहसीलदार, राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित चार सदस्यों की गठित टीम की तरफ से आधारभूत सूचनाओं का भौतिक सत्यापन करेगी। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से डीएम के समक्ष पत्रावली को प्रस्तुत किया गया है। इस टीम की ओर से आधारभूत सूचनाओं का सत्यापन करते समय अगर किसी प्रकार की विसंगति सामने आती है तो उसकी रिपोर्ट जिला समिति को सौंपेगी। उसकी जांच जिलाधिकारी के निर्देशन में कराई जाएगी। इसके बाद त्रुटि पाए जाने पर उस विद्यालय के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बार काउंसिल के उपाध्यक्ष ने वकीलों से की मुलाकात

**बदायूं, अमृत विचार :** बार काउंसिल ऑफ यूपी के उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय बदायूं पहुंचे। उन्होंने सदर तहसील, सिविल और जिला बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं के चैंबर में जाकर मुलाकात की। बार और बेंच की समस्याएं जानी और समाधान के अलावा मेडिक्लेम, सीओपी, रजिस्ट्रेशन शुल्क आदि को लेकर चर्चा हुई। अधिवक्ता गोपाल कृष्ण पाठक, दीपक पाठक ने उपाध्यक्ष को भगवान श्रीराम की तस्वीर भेंट की। अधिवक्ताओं ने उपाध्यक्ष के सामने भ्रष्टाचार का मुद्दा रखा। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला बार एसोसिएशन के महासचिव अधिवक्ता अरविंद परमार ने किया। संपर्क प्रमुख रोहित सक्सेना साथ रहे। बार के पूर्व अध्यक्ष होतेलाल मौर्य, देवपाल सिंह, मनोज मोहन, शरद सक्सेना, अक्षय सिंह,धर्मेंद्र सिंह, धर्मेंद्र भदौरिया, ब्रह्मपाल बघेल आदि उपस्थित रहे।

## जेल में बंदियों को वितरित किए बिस्किट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



बंदियों को बिस्किट का वितरण करते जिला अपराध निरोधक कमेटी के पदाधिकारी।

- जिला अपराध निरोध कमेटी ने जिला कारागार में आयोजित किया कार्यक्रम

**अमृत विचार :** इस्लाम के आखिरी नबी, पैगंबर हजरत मोहम्मद की यौमे पैदाइश के मौके पर जिला अपराध निरोधक कमेटी के पदाधिकारियों ने जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को बिस्किट आदि वितरण किया। उनसे नेक राह पर चलने का आह्वान किया।

संस्था के जिला सचिव एवं पदेन जेलवीक्षक मोहम्मद शमसुद्दीन शम्स ने बताया कि नबी ए पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सीरत पूरी इंसानियत के लिए रहमत और हिदायत है। उनका पैगाम अमन मोहब्बत और इंसाफ का है। सीरत ए नबी हमें सिखाती है कि अगर कोई हम पर जुल्म करे तो भी हम सब्र और इंसाफ का रास्ता अपनाएं। उनका फरमान है कि कामयाब जिंदगी के लिए आपसी मोहब्बत का होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम संयोजक आरिफ नूरी ने कहा कि पैगंबर ने हमें सिखाया कि अपने पड़ोसी को भूखा न सोने दें वो चाहे किसी मजहब को मानने वाला हो। मजदूर की मजदूरी उसके पसीना सूखने से पहले दें। किसी पर भी जुल्म न करें। विधवा, यतीम की मदद को हमेशा तैयार रहे। उनके पैदाइश के मौके पर 1300 पैकेट बिस्किट वितरित किए हैं। सह सचिव डॉ. नेत्रपाल सिंह सैलानी, हाफिज तफज्जुल हुसैन खां, पूर्व प्रधानाचार्य सीपी सिंह, प्रधानाचार्य धर्मपाल सिंह, शानसे आलम के अलावा कारागार अधीक्षक राजेंद्र कुमार, जेलर कुंवर रणंजय सिंह, उप कारापाल मोहम्मद खालिद खान, उप जेलर अनन्या अत्री, अंबरीश आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अभद्रता करने में दो मजदूर गिरफ्तार

बदायूं, अमृत विचार : पुलिस ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते हैं। उनके अभद्र भाषा का प्रयोग करने का वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुआ था। इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव नदेरी निवासी मोहम्मद अली पुत्र दिलशाद और वकील अहमद पुत्र नबी अहमद सिविल लइन क्षेत्र के गांव सिलहरी स्थित ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते हैं। दोनों का 6 सितंबर को अभद्र भाषा का प्रयोग करने का वीडियो वायरल हुआ था। लोगों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने जांच की तो मामला सही पाया। जिसके बाद दोनों मजदूरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

### जुनावई में युवक ने की आत्महत्या

बबराला, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र के गांव मैढ़ोली निवासी रामविलास पुत्र नत्थू सिंह ने रविवार दोपहर घर में ही गले में रस्सी का फंदा डाला और झूल गया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, मृतक कुछ समय से पारिवारिक विवादों से परेशान था। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### फंदे से लटका मिला ग्रामीण का शव

बबराला, अमृत विचार : गुन्नौर कोतवाली के ही हैदराबाद गांव में 60 वर्षीय ऋषिपाल का शव गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर खेत में पाखड़ के पेड़ पर फंदे से झूलता मिला। कुछ ही देर में वहां ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ऋषिपाल के परिजन भी पहुंच गये और शव को घर ले आये। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जा रहा है कि वह पारिवारिक कारणों से तनाव में था।

### डॉक्टरों का वैश्य एकता मंच ने किया सम्मान

चंदौसी, अमृत विचार : विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर वैश्य एकता मंच, चंदौसी द्वारा नगर के समस्त हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों का सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक समाज के आधार स्तंभ हैं।

# दो गोवंशीय पशुओं की मौत, प्रधान और केयरटेकर पर एफआईआर

## गोवंशों के निवाले पर डाल रहे थे डाका, नहीं दिया जा रहा था पोषित भोजन

संवाददाता, बिल्सी

- ग्रामीणों की शिकायत पर एडीएम वित्त ने कराई थी जांच
- मृत मिले दो पशु, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई कुपोषण पुष्टि

"पहाड़पुर गोशाला में दो पशुओं की मौत हुई है। गोशाला का निरीक्षण किया गया था। यहां के हालात काफी खराब थे। पशुओं की मौत होने प्रधान और केयर टेकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सचिव के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीपीआरओ को लिखा है।"
– समदर्शी सरोज, सीवीओ

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव पहाड़पुर की गोशाला दुर्दशा का शिकार है। धनराशि मिलने के बाद भी गोवंश पशुओं को भोजन नहीं दिया जा रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने एडीएम वित्त एवं राजस्व से की। इसे गंभीरता से लेते हुए एडीएम ने सीवीओ और एसडीएम को जांच के आदेश कर दिया। जांच को पहुंचे अधिकारियों को गोशाला में दो पशु मृत मिले। इस पर सीवीओ ने गांव के प्रधान और केयर टेकर के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

तहसील क्षेत्र के गांव पहाड़पुर स्थित अस्थाई गोशाला में रविवार को दो गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. वैभव शर्मा को दी। इसे गंभीरता से लेते हुए एडीएम ने मुख्य पशुधन अधिकारी डॉ. समदर्शी सरोज को टीम के साथ मौके पर भेज दिया। साथ ही एसडीएम को भी निरीक्षण करने के लिए कहा। एडीएम से मिले निर्देश पर एसडीएम ने तहसीलदार प्रभा सिंह और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को गोशाला भेजा। गोशाला में अधिकारियों को दो गोवंश मृत मिले। यहां पर उपस्थित पशु चिकित्सकों के द्वारा मृत पशुओं का पोस्टमार्टम किया गया। इसमें मौत का कारण कुपोषण सामने आया। गोशाला में मौजूद अन्य कई गोवंश भी कमजोर और बीमार मिले।

मुख्य पशुधन अधिकारी ने बताया कि अस्थाई गौशाला में करीब 50 गोवंशीय पशु रखे गए हैं। प्रति पशु प्रतिदिन 50 रुपये के अनुसार विभाग की ओर से पशुओं के भोजन के लिए धनराशि दी जाती है, लेकिन उस धन का प्रधान और केयर टेकर द्वारा दुरुपयोग किया गया है। जांच में सामने आया कि निर्धारित व्यवस्था के अनुसार पशुओं को भोजन नहीं दिया जा रहा था, जिससे पशु कमजोर और कुपोषित हो गए। पशुओं की मौत को सीवीओ ने ग्राम प्रधान प्रधान नीतू सिंह, केयर टेकर और सचिव कुंवरपाल सिंह को जिम्मेदार माना है। उनके द्वारा प्रधान, केयर टेकर पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। साथ ही सचिव के खिलाफ कार्रवाई के लिए पंचायती राज विभाग को लिखा है।

### गोशाला का किया निरीक्षण, समस्याओं को सुना

उसहैत, अमृत विचार : विश्व हिंदू महासंघ प्रकोष्ठ गौ रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष ने सोमवार को टिकरी पुख्ता की गोशाला का किया निरीक्षण। उनके द्वारा संगठन सदस्यों की समस्याओं को सुना गया। साथ ही संगठन कार्यकर्ता मनवीर सिंह को जिला अध्यक्ष पद पर नामित किया। गांव टिकरी पुख्ता गुजरात के पंचायत सचिवालय में हुई बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना। साथ ही कार्यकारिणी का गठन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने मनवीर सिंह को जिला अध्यक्ष नामित किया। टिकरी पुख्ता के प्रधान मेहताब सिंह को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी। रुद्र प्रताप सिंह को जिला सचिव, अमित ठाकुर को गांव गढिया हरदो पट्टी का अध्यक्ष व सुमित यादव को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया।

### गाली-गलौज को लेकर मारपीट में दो लोग घायल

बदायूं, अमृत विचार : गाली-गलौज को लेकर बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा के मोहल्ला शहबाजपुर में दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्ष में मारपीट हुई। जिसमें दो लोग घायल हो गए।

मोहल्ला निवासी कमलेश देवी ने बताया कि गांव के कुछ लोग उनके साथ दो महीने से बिना किसी बात के गाली-गलौज करते आ रहे हैं। जिसका विरोध करने पर वह मारपीट करते हैं। वह लोग गाली-गलौज कर रहे थे। महिला के बेटे गजेंद्र को उन लोगों ने घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गजेंद्र के हाथ और सिर में चोट आई।

वहीं दूसरे पक्ष के कुंवरसेन ने भी गाली-गलौज करने का आरोप लगाया। मारपीट में उनके हाथ और पैर में चोट आईं। इसके अलावा अन्य तीन लोग भी मारपीट में घायल हुए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। घायलों को बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य पर भर्ती कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रामपुर में 17.72 लाख रुपये की दवाएं सीज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देशन में औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने पुलिस बल के साथ कोतवाली थाना क्षेत्र के मोरी गेट के गोदाम में छापेमारी की। जहां से अवैध कन्डेक्टस टीआर 100 एमएल की कफ सीरप की 11,893 बोतल बरामद की हैं। जिसकी कीमत लगभग 17,72,057 रुपये है। मामले में एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कोतवाली थाने में दोपहर को प्रेसवार्ता कर खुलासा भी किया।

छापेमारी में एनडीपीएस (नार्कोटिक ड्रग्स एक्ट) अधिनियम की धाराओं के तहत पुलिस ने थाना कोतवाली के मोरी गेट से दो आरोपी अब्दुल कादिर निवासी करीमपुर गरबी व तहसील टांडा के एहसान नूरी निवासी परसुपुरा थाना को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अनीश निवासी मोहल्ला नूरी गेट थाना कोतवाली मौके से फरार हो गया। औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि बरामद की सभी औषधियों को सीज कर दिया है। नियमानुसार 1 नमूना जांच के लिए भेजा गया है। जिसकी परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने पर और विवेचना के बाद सक्षम न्यायालय में वाद दाखिल किया जाएगा। एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने मामले में प्रेसवार्ता कर खुलासा किया है, उन्होंने बताया कि नशीली दवाएं आने की शिकायतें लगातार मिल रहीं थीं। टीमें गठित करके कार्रवाई की गई है, इसमें दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में जांच जारी है।

**क्षेत्र में प्रतिबंध के बाद भी बिक रहीं दवाएं :** शासन के निर्देश पर कुछ दवाएं नशीली दवाओं पर रोक लगाई जा चुकी है। उसके बाद भी मेडिकल संचालक चोरी छुपे से दवाएं को बेच रहे हैं। कई मेडिकलों पर रात के समय पहुंचने वाले युवकों को नशीली दवाएं दी जाती हैं। जिसमें एल्कोहल की मात्रा काफी होती है। सिविल लाइंस और ज्वालानगर में यह धंधा तेजी के साथ चल रहा है। 2021 में शहजादनगर पुलिस और एसओजी की टीम ने संयुक्त रुप से शहजादनगर क्षेत्र में छापेमारी करके करीब 5 करोड़ की दवाएं पकड़ी थी। जिसमें 11 लोगों को गिरफ्तार किया था।

# फुलसिंघा में राशन कार्ड संबंधी बैठक में मारपीट

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

- ग्रामीण गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर


घायल अमीर अहमद।

अमृत विचार: हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के फुल सिंघा गांव में पंचायत भवन पर सोमवार को राशन कार्ड से जुड़े मामले को लेकर मीटिंग के दौरान हंगामा हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है।

फुल सिंघा गांव में पंचायत भवन पर सोमवार को राशन कार्ड बनाने को लेकर नाम चयन व अन्य विषयों को लेकर बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इसी दौरान आपस में कहासुनी शुरु हुई तो बात बढ़ गई। आरोप है कि शमा पत्नी अखलाक ने भरी पंचायत में अमीर अहमद को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद दो गुटों के लोगों के बीच मारपीट शुरु हो गई। मारपीट से वहां अफरा-तफरी मच गई। आरोप है कि मुशर्रफ पुत्र हुसैन बख्श, शयाम, शाहबे आलम पुत्र मंजूर और अखलाक पुत्र महमूद ने मिलकर अमीर अहमद के साथ जमकर मारपीट कर दी। घटना में अमीर अहमद गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर हजरत नगर गढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अमीर अहमद को जिला अस्पताल भेजा।

### मांगें पूरी नहीं होने पर धरना प्रदर्शन करेगी आईरा

सहसवान, अमृत विचार : ऑल इंडिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन (आईरा) ने सोमवार को पत्रकार हितों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम साई आश्रित शाखमुरी और सीओ कर्मवीर सिंह को सौंपा।

संगठन की ओर से लंबे समय से पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर लगातार प्रदेश से लेकर तहसील स्तर पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करके ज्ञापन सौंपे गए। संगठन के सहसवान तहसील अध्यक्ष अबीर सक्सेना के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। योगेंद्र सिंह, सोनू यादव, मोहित यादव, प्रदीप कुमार, नजम खान आदि उपस्थित रहे।

# खेलते समय बच्चों ने तोड़ी मूर्ति, पुलिस पहुंची

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


मौके पर पहुंचकर पुजारी से जानकारी करती पुलिस। • अमृत विचार

- मोहल्ला नाहर खां सराय के वार्ड 13 में स्थित मंदिर का मामला
- पुलिस ने दोबारा मूर्ति तोड़ने पर दी कार्रवाई करने की चेतावनी

अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में एक बगिया में बने मंदिर में कुछ बच्चों ने मूर्ति तोड़ दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुजारी और आसपास के लोगों से पूछताछ की। कुछ बच्चों ने अन्य बच्चों पर मूर्तियां तोड़ने का आरोप लगाया। पुलिस ने बच्चों के नाम नोट किए। पुलिस ने चेतावनी दी। लोगों से कहा कि अगर दोबारा ऐसी हरकत की तो कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दूसरे मूर्तियां रखवाने का आश्वासन दिया।

मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नाहर खां सराय के वार्ड 13 के स्थित बगिया का है। यहां कई साल पुराना छोटा मंदिर है। पुजारी राधेश्याम तकरीबन 20 साल से मंदिर की सेवा करते आ रहे हैं। सोमवार सुबह मंदिर भगवान शिव की मूर्ति, नंदी क्षतिग्रस्त कर दिए। वहां लगे कलेंडर और तिरंगा फाड़ दिए। किसी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने पुजारी से मंदिर के बारे में जानकारी की। वहां मौजूद बच्चों ने बताया कि अन्य बच्चों ने खेलते समय मूर्ति क्षतिग्रस्त कर दी थीं।

पुलिस ने उन सभी बच्चे और उनके पिता के नाम नोट किए। उनके परिजनों को बच्चों को समझाने की चेतावनी दी। कहा कि अगर दोबारा इस तरह की हरकत की जाएगी तो सख्त कार्रवाई होगी।


बच्चों ने इसी मंदिर में तोड़ी मूर्ति।

# इलाज के दौरान मौत, लापरवाही का आरोप

संवाददाता, उझानी


इलाज के दौरान मेवाराम की मौत पर विलाप करते परिजन और लगी भीड़।

- चिकित्सक बोले- फेफड़ों के संक्रमण के चलते हुई थी मौत

अमृत विचार : उझानी कोतवाली क्षेत्र में बिल्सी मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। मृतक के बेटे ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। वहीं चिकित्सक डॉ. एसके वर्मा ने बताया कि फेफड़ों की वजह से उनकी मौत हुई थी।

वजीरगंज क्षेत्र के गांव जाहरपुर निवासी मेवाराम पुत्र जागन का स्वास्थ्य खराब होने पर उनके परिजनों ने उन्हें 6 सितंबर को उझानी से बिल्सी मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था।

परिजनों के अनुसार चिकित्सक ने उन्हें एडमिट करने से पहले उन्हें ठीक करने की गारंटी ली थी। सोमवार दोपहर लगभग ढाई बजे मेवाराम ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

सूचना मिलने पर उझानी पुलिस अस्पताल पहुंची। जहां दोनों पक्ष में समझौता हो गया। चिकित्सक ने बताया कि इलाज में कोई लापरवाही नहीं की गई है। मेवाराम को भर्ती करते समय उनके पत्नी और बेटे को उनके फेफड़ों के संक्रमण के बारे में बता दिया गया था। कोशिश कर सकते हैं गारंटी नहीं ले सकते। जिसके बाद परिजनों ने ही उन्हें भर्ती कराया था।

# दीवार और छत गिरने से महिला-बच्चे घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/कैला देवी

- कैला देवी थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव में सुबह हुआ हादसा
- ग्रामीणों ने मलबा हटाकर तीनों को निकाला, हालत गंभीर

अमृत विचार: कैला देवी थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव में सोमवार सुबह एक मकान की पक्की दीवार और छत अचानक गिर गई। मकान में सो रही महिला व उसके दो छोटे मलबे में दब गये। ग्रामीणों ने मलबे में दबी महिला व उसके दोनों बच्चों को किसी तरह बाहर निकाला। तीनों को संभल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लखनपुर गांव निवासी जीराज के दो बेटे अलग-अलग कमरों में परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार सुबह दोनों भाई खेत पर गए थे। घर के अंदर दिनेश की पत्नी विमला अपने दो बेटों 6 माह के निशांत और तीन साल के प्रशांत के साथ सो रही थी। इसी दौरान अचानक कमरे की दीवार और छत गिर गई। छत के साथ गिरे सीमेंट गाटर और मिट्टी के नीचे महिला व दोनों बच्चे दब गए। जोरदार आवाज और चीख-पुकार सुनकर परिवारजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। किसी तरह मलबा हटाकर तीनों को बाहर निकाला गया। घायल अवस्था में सभी को तत्काल निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पर संबंधित प्रशासनिक अधिकारी भी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया।

### धीरेंद्र शास्त्री के बयान पर सांसद बर्क ने किया तंज

संभल, अमृत विचार: संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने बाबा बागेश्वर धाम धीरेंद्र शास्त्री के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि देश भक्ति चंद गीत गाने से नहीं बल्कि साबित करनी होती है। देश की आजादी में उनके लोगों का कोई योगदान होने का इतिहास नहीं है।

सांसद बर्क ने कहा कि यह वे लोग हैं अगर इनका इतिहास उठाकर देखा जाए तो जब देश की आज़ादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी यह लोग गायब थे। देशभक्ति चंद गीत गाने से साबित नहीं होती, जो हमारा देशभक्ति तराना है वह तो अपनी जगह है उसका हम सम्मान करते है और करते रहेंगे, लेकिन उसको साबित करने के लिए कुर्बानी भी देनी पड़ती है।

# कच्ची छत गिरने से महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सोमवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के गांव हरदासपुर में हुआ हादसा

अमृत विचार : कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव हरदासपुर में कच्चे मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे में कमरे में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया।

गांव निवासी विद्या देवी (69) के पति भजनलाल की कई साल पहले मौत हो गई थी। वह अपने दो बेटे सोमपाल और सोलंकी के साथ रहती थीं। सोमवार दोपहर उनके मकान की कच्ची छत अचानक गिर गई। विद्या देवी मलबा में दब गईं। आवाज सुनकर परिजन और ग्रामीण दौड़े। मलबा हटाकर महिला को बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर हल्का लेखपाल राहुल सिंह ने टीम के साथ मौका मुआयना किया।

सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और शव का अंतिम संस्कार किया।

# बच्चों का झगड़ा बड़ों तक पहुंचा, चाकू घोंपकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, संभल


मृतक रूपकुमार।


अकरौली में घटना की जानकारी लेते थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा। • अमृत विचार

- हमलावरों ने घर में घुसकर की मारपीट, जमकर चले लाठी-डंडे

अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र में बच्चों के बीच हुई मामूली कहासुनी की घटना ने बड़ा रूप ले लिया। बच्चों के झगड़े में बड़े शामिल हुए तो कुछ लोगों ने एक घर पर हमला बोलकर परिवार के साथ मारपीट की। युवक के पेट में चाकू घोंप दिया। चाकू के वार से 22 साल के युवक की जान चली गई। पुलिस ने दंपती के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

अकरौली गांव में रविवार देर शाम को गांव में खेल रहे बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी और फिर मारपीट हो गई थी। बच्चों ने अपने घर जाकर मारपीट की बात बताई तो भूरे और उसकी पत्नी ओमवती चरन सिंह के घर पहुंच गए। यहां कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। लाठी-डंडों से मारपीट के बीच ही भूरे ने चरन सिंह के भतीजे 22 साल के रूपकुमार के पेट में चाकू घोंप दिया। चाकू के वार से रूपकुमार लहूलुहान होकर गिर पड़ा। इसके बाद हमलावर वहां से भाग गये। गंभीर रूप से घायल रूपकुमार को चंदौसी सीएचसी ले जाया गया जहां से रेफर कर दिया गया। मुरादाबाद ले जाते समय रूपकुमार की मौत हो गई।

परिजन युवक के शव को लेकर थाना बनियाठेर पहुंचे। हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मृतक रूपकुमार के पिता लल्लू सिंह की तहरीर के आधार पर भूरे व उसकी पत्नी ओमवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सीओ अनुज चौधरी और थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा ने मौका मुआयना कर घटना के संबंध में जानकारी ली। रूपकुमार की मौत से उसकी पत्नी सपना का रो रोकर बुरा हाल है। सपना ने बताया कि परिवार के आठ लोगों को कमाकर खिलाने की जिम्मेदारी उसके पति के ऊपर थी। थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि मृतक युवक के पिता लल्लू सिंह की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# छेड़छाड़ के आरोपी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, संभल

- छेड़छाड़ का आरोप लगने के बाद से फरार था ग्रामीण

अमृत विचार : महिला द्वारा छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराने के बाद से फरार ग्रामीण ने फंदा लगाकर जान दे दी। कहा जा रहा है कि शर्मिंदगी की वजह से उसने यह कदम उठाया। वहीं नव विवाहिता व अधेड़ व्यक्ति ने भी फंदा लगा लिया।

गुन्नौर कोतवाली के फत्तेपुर गांव निवासी 30 वर्षीय जयप्रकाश के खिलाफ तीन दिन पहले गांव की ही एक महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगा गुन्नौर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। जयप्रकाश पुलिस कार्रवाई के डर से घर छोड़कर फरार हो गया था। सोमवार सुबह गांव के पास ही ईख के खेत में शहतूत के पेड़ पर जयप्रकाश का शव फंदे से लटका मिला। जयप्रकाश के परिजनों के साथ ही गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गये। सीओ दीपक तिवारी ने मौका मुआयना किया। माना जा रहा है कि छेड़छाड़ के आरोप की शर्मिंदगी के चलते जयप्रकाश ने यह कदम उठाया। एक अन्य घटना में विवाहिता ने जान दे दी। गांव कन्हुआ निवासी राजाराम ने बेटी ममता की शादी एक साल पहले बिचपुरी सैलाब निवासी बनवारी के बेटे लोकेश के साथ की थी। 15 दिन पहले ही ममता के ससुर उसे बुलाकर लाए थे सोमवार देर शाम कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस क्षेत्र अधिकारी दीपक तिवारी ने जायजा लिया। मायका पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या उत्पीड़न का आरोप लगाया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
7906732664, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अनुकृति पटेल पुत्री श्री पवन कुमार वर्मा निवासी ग्राम कुशहा, मजरा लखनियापुर, तह. धौरहरा, जिला-खीरी मेरी कक्षा 5, स्कालर्स वर्ल्ड स्कूल लखीमपुर खीरी की टी.सी. वास्तव में खो गई है। जिसे प्राप्त हो कृपया प्रदान करने की कृपा करे। मो. 6391568224

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा इंटरमीडिएट व्यक्तिगत वर्ष 2000 अनुक्रमांक 0917917 का प्रमाण-पत्र कहीं खो गया है, जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिला। **रीना सिंह पुत्री ओम प्रकाश निवासिनी 476, सेक्टर-2, आवास विकास कालोनी, कासगंज (उ.प्र.)**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र मोहम्मद अरबाज को उसकी गलत चाल-चलन व गलत सोहबत में पड़ जाने के कारण दिनांक 23.06.2025 को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। लेकिन उसके कुछ समय बाद मेरे पुत्र ने मुझसे माफी मांग ली और मुझे विश्वास दिलाया कि मैं अब कोई गलत चाल चलन व गलतसोहबत में नहीं पड़ूंगा अच्छा आचरण रखूंगा जिसे मैं अपना पुत्र स्वीकार करता हूं। दिनांक 23.06.2025 को बेदखली निरस्त मानी जाये। **मोहम्मद आजम उर्फ पप्पू पुत्र स्व. मोहम्मद उमर नि. गुड्डू आटा चक्की डेलापीर थाना इज्जतनगर, बरेली**

**सूचना**
UGC मानकनुसार निम्नवत् विषयों हेतु 01 प्रवक्ताओं की अतिशीघ्र
**आवश्यकता है**
जिसका विवरण निम्नवत् है:-
01. बी.ए.:- गृहविज्ञान, अर्थशास्त्र, चित्रकला, शिक्षाशास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र, इतिहास, समाजशास्त्र।
02. बी.एस.सी.:- जन्तु विज्ञान 01, वनस्पति विज्ञान- 01, रसायन विज्ञान- 01, भौतिक विज्ञान- 01, गणित- 01 आदि
**कृष्णा स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
लालपुर आजादपुर बण्डा, शाहजहांपुर
मो. 9759848050, 9621277033

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट बरेली

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

### 56 लड़कियों के अपहरण की जांच की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने लड़कियों के अपहरण पर एसआईटी बनाने की मांग की है। आराधना मिश्रा मोना अंबेडकर नगर लड़कियों के अपहरण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। उन्होंने इस पत्र में कहा है कि अंबेडकर नगर में पिछले एक माह में अंबेडकर नगर के 18 थानों में 56 लड़कियों के अपहरण की प्राथमिक दर्ज की गई है, यह सामान्य घटना नही है। यह सुनियोजित बहुत बड़ी साजिश प्रतीत होती है, यह प्रकरण बहुत ही गंभीर है, इसकी घटना की उच्चस्तरीय एसआईटी गठित कर जांच कराई जाए।

### अग्निवीर भर्ती में शामिल हुए 15,300 अभ्यर्थी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेना भर्ती कार्यालय मेरठ द्वारा 22 अगस्त से मुजफ्फरनगर के चौधरी चरण सिंह स्टेडियम में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली सोमवार को संपन्न हुई। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड) के तत्वावधान में आयोजित रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/ एसकेटी, अग्निवीर तकनीकी और अग्निवीर ट्रेड्समैन श्रेणियों की प्रक्रिया कराई गई। इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 13 जिले सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, रामपुर, मुरादाबाद, बुलंदशहर, गौतम बुद्ध नगर, बागपत, गाजियाबाद, मेरठ और हापुड़ के 15,300 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

### बाढ़ पीड़ितों को नहीं मिल रही राहत : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में दर्जनों जिलों के सैकड़ों गांव और कई नगरीय क्षेत्र बाढ़ से घिरे हैं। कई जिलों में बाढ़ से स्थिति खराब है। बाढ़ से आम जनजीवन संकट में है। लोगों को खाना-पानी, दवा-इलाज नहीं मिल रहा है। इस संकट की घड़ी में सरकार कहीं दिखाई नहीं दे रही है। सपा प्रमुख ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री योगी का हवाई सर्वेक्षण सिर्फ बाढ़ पर्यटन बनकर रह गया है।

# उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब को भेजी 48 ट्रकों में राहत सामग्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी ने ट्रकों को दिखाई हरी झंडी
- उत्तराखंड व हिमाचल को दी अतिरिक्त सहायता राशि

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर से उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के बाढ़ प्रभावित नागरिकों के लिए राहत सामग्री से भरे 48 ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने कहा कि राहत सामग्री केवल सहायता नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना की अहम कड़ी है। मुख्यमंत्री ने अलग से उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश को पांच-पांच करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि भी दी। योगी ने कहा कि इस सहायता को पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार के मंत्री कुंवर बृजेश सिंह उत्तराखंड जाएंगे, जबकि मंत्री जसवंत सैनी हिमाचल प्रदेश की राहत सामग्री और धनराशि लेकर जाएंगे। पंजाब के लिए सहारनपुर के नगर विधायक राजीव गुम्बर जाएंगे। ये प्रतिनिधि वहां जाकर उत्तर प्रदेश वासियों की संवेदना प्रेषित करेंगे और सामग्री सौंपेंगे।

### समय पर तैयारी से बाढ़ से बचा यूपी : योगी

प्रदेश में बाढ़ को सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए योगी ने विभिन्न क्षेत्रों का जिक्र किया, जहां बाढ़ आई है। बताया कि इस वर्ष बाढ़ से अपेक्षाकृत कम क्षति हुई है, जिसका श्रेय समय पर की गई तैयारियों और मजबूत आपदा प्रबंधन को जाता है। उन्होंने बताया कि यमुना, गंगा, सरयू, घाघरा, रामगंगा और हिंडन जैसी नदियों के किनारे बाढ़ प्रबंधन की मजबूत व्यवस्था की गई, जिससे जन-धन की हानि रोकी जा सकी।



सहारनपुर में पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए वाहनों को फ्लैग ऑफ करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# मोदी करेंगे उद्घाटन, रूस करेगा भागीदारी

## यूपीआईटीएस-2025 : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की तैयारी की समीक्षा, दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के 'क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर' को दुनिया के व्यापारियों और उद्यमियों के सामने पेश करने वाला उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) तीसरे संस्करण के साथ 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होगा। तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस बार रूस भागीदार देश के रूप में शामिल है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवास पर देर शाम तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि ट्रेड शो प्रदेश की वैश्विक ब्रांडिंग और निर्यात को नई पहचान देगा। आईटी/आईटीईएस, एमएसएमई, स्टार्टअप, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन, ऊर्जा और ओडीओपी सेक्टरों के उद्यमियों को वैश्विक मंच मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, पीएम स्वनिधि और पीएम इंटर्नशिप कार्यक्रम पर केंद्रित विशेष प्रदर्शनी आयोजित करने के निर्देश दिए।

अपर मुख्य सचिव, एमएसएमई के अनुसार, इस बार 2500 से अधिक एक्ज़िबिटर्स और 500 से अधिक विदेशी खरीदार पंजीकृत हैं। पद्म पुरस्कार प्राप्त उद्यमियों और शिल्पकारों को भी आमंत्रित किया गया है।


लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के संबंध में बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### विशेष आकर्षण

- खादी केंद्रित फैशन शो मुख्य आकर्षण
- बायर-सेलर मीट में सीएम फेलो करेंगे सहयोग
- हर दिन विशेष नॉलेज सेशन : $1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था, ई-कॉमर्स, बीमा, नीली क्रांति, ओडीओपी, आयुष्मान भारत
- एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, आईआईटी कानपुर और उद्योग जगत का सहयोग

### अंत्योदय से राष्ट्रोदय का साकार रूप होगा सेवा पखवाड़ा, योगी ने की तैयारी की समीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रस्तावित सेवा पखवाड़ा की तैयारियों की समीक्षा की। यह पखवाड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू होकर 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि 'अंत्योदय से राष्ट्रोदय' की भावना का साकार रूप है। इस दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, खेलकूद प्रतियोगिताएं, चित्रकला प्रतियोगिता और 'वोकल फॉर लोकल' के तहत मेले-प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी सेवा भाव से सक्रिय रूप से भाग लें। स्वच्छता अभियान पहले दिन से प्रारंभ हो ताकि नवरात्रि से पूर्व प्रदेश साफ-सुथरा रहे।

# अब नौकरी पाने के लिए न सिफारिश चाहिए, न रिश्वत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली उप्र सरकार के मिशन रोजगार अभियान का व्यापक असर अब जमीन पर दिख रहा है। शनिवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग में चयनित 1,112 कनिष्ठ सहायकों और 22 एक्सरे टेक्नीशियनों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर चयनित युवाओं ने पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष, भ्रष्टाचारमुक्त और योग्यता आधारित बताया।

मुख्यमंत्री की यह पहल न केवल रोजगार की गारंटी बन रही है, बल्कि विश्वास की बहाली का प्रतीक भी है। युवाओं का यह विश्वास बता रहा है कि यूपी में अब काबिलियत की जीत और ईमानदारी का राज है। कार्यक्रम के दौरान चयनित अभ्यर्थियों ने अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा कि योगी सरकार में नौकरी अब सिफारिश या पैसे से नहीं, बल्कि सिर्फ काबिलियत और मेहनत से मिलती है।

### अब काबिलियत ही पासपोर्ट : श्रद्धा



अयोध्या की श्रद्धा शुक्ला ने कहा कि पहले की सरकारों में नौकरी के लिए पैसे देने पड़ते थे। अब वह दौर बीत गया है। एक रुपये की भी सिफारिश या रिश्वत नहीं दी, फिर भी नौकरी मिली। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आभारी हूं कि उन्होंने युवाओं को ईमानदारी से आगे बढ़ने का अवसर दिया।

- चयनित अभ्यर्थी बोले, सिर्फ मेहनत से मिली है ये जगह

### सरकार ने हमारे भविष्य को दिशा दी : वैभव



सीतापुर से चयनित कनिष्ठ सहायक वैभव मिश्रा ने कहा कि सरकार युवाओं के प्रति समर्पित है। योगी का नेतृत्व युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाला है। यह कार्यक्रम उसका प्रमाण है। हर कदम पर पारदर्शिता रही। यही नया उत्तर प्रदेश है।

### नौकरी के लिए सिर्फ मेहनत काफी : पंखुड़ी



सीतापुर की पंखुड़ी गुप्ता ने बताया कि मेरे लिए सरकारी नौकरी एक सपना थी, जो अब हकीकत बनी। और ये सपना सिर्फ मेरी मेहनत और सरकार की निष्पक्षता से पूरा हुआ है। मुख्यमंत्री जी को दिल से धन्यवाद।

### महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान दोनों : आदित्य



अयोध्या के आदित्य पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के कारण महिलाओं को भी बड़ी संख्या में नौकरियां मिली हैं। सरकार रोजगार के साथ-साथ सुरक्षा देने में भी संवेदनशील है। महिलाओं का आत्मविश्वास दोनों बढ़े हैं।

# नई बिजली दरें लागू, ट्रांसमिशन टैरिफ में बदलाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य में बिजली के ट्रांसमिशन टैरिफ पर सोमवार को मुहर लगा दी है।

यह टैरिफ यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (यूपीपीटीसीएल) की याचिका के आधार पर निर्धारित किया गया है। नई व्यवस्था में अब प्रति यूनिट ऊर्जा के बजाय क्षमता के आधार पर टैरिफ लगाया जाएगा। इस बदलाव से रेलवे, ओपन एक्सेस और निजी लाइसेंसधारियों पर असर पड़ेगा। आयोग के सचिव सुमित कुमार अग्रवाल की ओर से जारी विस्तृत आदेश में कहा गया है कि राज्य के डिस्कॉम और भारतीय रेल से 2,13,284.55 रुपए प्रति मेगावाट प्रति माह की दर से शुल्क लिया जाएगा। वहीं, अन्य ओपन एक्सेस उपभोक्ताओं को 0.2674 रुपए प्रति किलोवाट घंटा के हिसाब से भुगतान करना होगा। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने टैरिफ निर्धारण पद्धति में यह बदलाव मल्टी ईयर टैरिफ फॉर ट्रांसमिशन विनियम, 2025 के अनुरूप किया है। इस योजना में सभी ट्रांसमिशन लाइसेंसधारियों की लागत को एक साथ जोड़कर वितरण लाइसेंसधारियों और अन्य ट्रांसमिशन सेवा उपयोगकर्ताओं के बीच समान रूप से वितरित किया जाएगा।

# अनिल मिठास की 100 करोड़ की संपत्ति जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** रियल एस्टेट कारोबारी अनिल मिठास के खिलाफ सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। उनकी 100.06 करोड़ की संपत्ति को जब्त कर लिया है। अनिल मिठास उन्नति फार्च्यून होल्डिंग्स लि. के मुख्य प्रमोटर हैं। कंपनी के खिलाफ दस मामले दर्ज हैं। उनको ईडी ने अप्रैल में गिरफ्तार किया था।

प्रवर्तन निदेशालय ने यूपी पुलिस द्वारा दर्ज की गई 10 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। जिसमें यूएफएचएल अनिल मिठास, मधु मिठास और कंपनी के एंड सीट्स अधिकारियों पर धोखाधड़ी और हेरा फेरी का आरोप लगाया था, इसके बाद अनिल मिठास को गिरफ्तार किया है। ईडी की अब तक की जांच में सामने आया कि प्रमोटर अनिल मिठास ने करीब 126.30 करोड़ रुपये की हेराफेरी की है। यह रकम 2011 से 2019 के बीच निवेशकों और घर खरीदारों से जुटाई गई थी। धन शोधन के लिए इक्विटी इन्वेस्टमेंट, शेयर, डिबेंचर लोन, एडवांस्ड और सिक्योरिटी डिपाजिट जैसे जटिल वित्तीय साधनों में प्रयोग किया गया था। ईडी ने इस मामले में 16 अप्रैल 2025 को अनिल मिठास को गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। 17 अप्रैल 2025 को संबंधित परिसरों पर छापामारी की गई है।

# 5 ई और 'सड़क सुरक्षा साथी' लाएंगे हादसों में कमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दुर्घटना और मौतों में 50 फीसद कमी लाने के लिए शासन को भेजा गया तय लक्ष्य का प्रस्ताव

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं और इनसे होने वाली मौतों में 50 फीसद कमी लाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए विभाग ने 5ई (इंफोर्समेंट, इंजीनियरिंग, एजूकेशन, इमरजेंसी केयर और इवोल्यूशन) पर आधारित रोड सेफ्टी कार्यक्रम का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा है। योजना का केंद्रबिंदु ''उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा साथी'' स्वयंसेवी-सहयोगी तंत्र विकसित कर प्रवर्तन अधिकारियों को मैदान पर उतरकर उच्च-जोखिम वाले समयखंड (15:00–21:00 तक) में सुरक्षा-सहयोग देना है।

> प्रस्ताव तैयार कर शासन को सैद्धांतिक स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है। सहमति मिलते ही राज्य-व्यापी क्रियान्वयन शुरू करा दिया जाएगा।
> –ब्रजेश नारायण सिंह, परिवहन आयुक्त

भेजे गए प्रस्ताव में सड़क सुरक्षा टीम 5ई पर काम करते हुए हादसों और होने वाले मौतों में कमी लाने की बात कही गई है। प्रथम ई के तहत इंफोर्समेंट कार्रवाई को खतरे वाले समय पर स्पीड-मैनेजमेंट गन, नो हेल्मेट नो फ्यूल पर सख्ती बरतते हुए कार्रवाई किया जाना। एचएसआरपी न लगे होने, ओवरलोडिंग, फिटनेस आदि पर प्रवर्तन कार्य। इसी तरह दूसरे ई में रोड इंजीनियरिंग पर ध्यान दिया जाना है। इनमें ब्लैक/रेड स्पॉट का त्वरित उपचार। एनएच और एसएच पर अवैध कट बंदी व एक्सप्रेस-वे पर सघन चेकिंग। तीसरा ई एजूकेशन को माना गया है। इसमें विद्यालय/महाविद्यालय गतिविधि-कैलेंडर, रोड सेफ्टी एंथम/फिल्म्स का प्रसार, प्रचार-वाहन की जरूरतों पर बल दिया गया है।

### प्रस्तावित योजना की अहम बातें

- **संरचना**– प्रत्येक तहसील में 10 प्रशिक्षित स्वयंसेवक यानी रोड सेफ्टी साथी की तैनाती किया जाना।
- **भूमिका (बिना दंडाधिकार)**– स्कूल-ज़ोन मार्शलिंग, पैदल-पथ/क्रॉसिंग सहायता, हेल्मेट-सीटबेल्ट काउंसलिंग, भीड़-प्रबंधन, वर्क-ज़ोन सुरक्षा-सहयोग, जोखिम-बिंदुओं की जियो-टैग फोटो-रिपोर्टिंग, गुड-सेमेरिटन संदेश का प्रसार।
- **पर्यवेक्षण**– एआरटीओ प्रवर्तन, पुलिस/शिक्षा/स्थानीय निकायों से समन्वय कर समीक्षा और प्रवर्तन कार्रवाई को आगे बढ़ाना।
- **मानदेय (प्रस्तावित)**– 3 हजार प्रति माह प्रति स्वयंसेवक प्रशिक्षण/किट/बीमा का प्रावधान होगा।

## अयोध्या में दीप प्रज्ज्वलन का बनेगा नया रिकॉर्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या में 19 अक्टूबर को 26 लाख से अधिक दीये जलाकर दीपोत्सव-2025 मनाया जाएगा, जो कि नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होगा, इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। पर्यटन विभाग द्वारा सरयू तट, राम की पैड़ी सहित अन्य घाटों पर दीयों की श्रृंखला से अलौकिक दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा। राम नगरी का दीपोत्सव एक बार फिर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभागीय तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इस वर्ष भी सरयू नदी पर सबसे बड़े दीप प्रज्वलन एवं सबसे बड़े आरती समारोह का आयोजन होगा।

# भाव न मिलने से आलू की निकासी धीमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नवंबर तक खाली करने हैं शीतगृह, अब तक सिर्फ 30 फीसद निकासी
- औसत भाव करीब 1060 प्रति क्विंटल, बाढ़ व बारिश का रहा असर

**अमृत विचार :** प्रदेश में आलू का उचित भाव न मिलने के कारण शीतगृह से निकासी की रफ्तार धीमी हो गई है। बारिश और बाढ़ की वजह से भी किसान और व्यापारी बाहरी राज्यों में आलू नहीं भेज पा रहे हैं। इससे 2,238 शीतगृह में भंडारित आलू 30 फीसदी ही निकल पाया है। जबकि किसानों को नई फसल के लिए नवंबर में सभी शीतगृह खाली करने हैं।

इस वर्ष प्रदेश में 6.98 लाख हेक्टेयर में सर्वाधिक 245.915 लाख मीट्रिक टन आलू की पैदावार हुई थी। किसानों ने मार्च और अप्रैल के बीच 2,238 शीतगृह में 154.5 लाख मीट्रिक टन आलू का भंडारण किया। शुरुआती दौर में भाव अच्छा मिलने पर किसानों ने तेजी से निकासी करके बिक्री की। लेकिन, बारिश के दौरान भाव कम होकर औसतन 1060 प्रति क्विंटल पहुंच गए। किसानों ने आगे भाव बढ़ने की उम्मीद लगाकर शीतगृह से आलू की निकासी कम कर दी। इधर, बारिश और बाढ़ की वजह से भी निकासी कम हो गई। इन हालातों के बीच 31 अगस्त तक शीतगृहों से मात्र 46.67 लाख मीट्रिक टन (30 फीसदी) ही आलू की निकासी हो पाई। जबकि पिछले वर्ष किसानों ने कुल 139.39 लाख मीट्रिक टन भंडारित आलू में 31 अगस्त तक 52.48 लाख मीट्रिक टन निकासी कर ली थी। इधर, नवंबर से आलू की बोवाई शुरू हो जाएगी। इससे पहले किसानों को नई फसल रखने के लिए सभी शीतगृह खाली करने की चिंता सता रही है।

**इन वर्ष में ये आच्छादन और पैदावार**

| वर्ष | बुवाई (हेक्टेयर) | उत्पादन (एमटी) |
|---|---|---|
| 2020–21 | 6.20 लाख | 159 लाख |
| 2021–22 | 6.93 लाख | 242 लाख |
| 2022–23 | 6.94 लाख | 242 लाख |
| 2023–24 | 6.96 लाख | 243 लाख |
| 2024–25 | 6.98 लाख | 245 लाख |

2027 विस चुनाव | जनविश्वास की नई इबारत लिखने की तैयारी में जुटी योगी सरकार और भाजपा

# चुनाव पूर्व जनसंपर्क का मॉडल बनेगा 'समर्थ उत्तर प्रदेश'

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** 2027 विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में जनविश्वास की बुनियाद को और मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है। योगी सरकार और भाजपा मिलकर 'समर्थ उत्तर प्रदेश' को जनसंपर्क के नए मॉडल के रूप में गढ़ने में जुटी हैं। अभियान के जरिए सरकार अपनी योजनाओं, उपलब्धियों और सुशासन मॉडल को जनता के बीच प्रभावी ढंग से पहुंचाएगी, वहीं भाजपा इसे अपने सांगठनिक ढांचे से जनसंपर्क और जनमत निर्माण का सशक्त मंच बनाएगी।

### प्रशासनिक रणनीति

ब्लॉक, तहसील और जिला स्तर पर विशेष निगरानी टीमें बनाई जा रही हैं, जो विकास कार्यों का मूल्यांकन करेंगी और लाभार्थियों से फीडबैक लेकर शासन को रिपोर्ट करेंगी। यह अभियान शासन के 'डिलीवरी सिस्टम' की पारदर्शिता और क्षमता का प्रदर्शन भी होगा।

### जनसंवाद और माइक्रो टार्गेटिंग

भाजपा इसे केवल सरकारी उपलब्धियों का प्रचार नहीं मानती, बल्कि यह मतदाताओं से जुड़ने का जीवंत मंच होगा। पार्टी के कार्यकर्ता बूथ से लेकर मंडल तक लाभार्थियों से मिलकर संवाद करेंगे। चाय पर चर्चा, घर-घर संपर्क और पन्ना प्रमुख संवाद जैसे सफल मॉडलों को फिर से सक्रिय किया जाएगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स, वीडियो स्टोरीज और ग्राउंड रिपोर्ट्स को प्रमुखता दी जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शासन-प्रशासन की पूरी मशीनरी को गांव-गांव, वार्ड-वार्ड तक सक्रिय किया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, युवा रोजगार और किसान कल्याण जैसे क्षेत्रों में हुए कार्यों को आंकड़ों और कहानियों के जरिए आम जनता तक पहुंचाया जाएगा। 'समर्थ उत्तर प्रदेश' एक ऐसा मंच बनने जा रहा है, जो विकास, सुशासन और जनसेवा की त्रिस्तरीय रणनीति के जरिए राज्य की जनता को सीधे संवाद से जोड़ेगा। इस बहुआयामी अभियान में जहां प्रशासनिक अमला सरकारी योजनाओं की प्रगति और लाभार्थियों की संतुष्टि सुनिश्चित करेगा, वहीं भाजपा का सांगठनिक ढांचा बूथ स्तर पर आमजन से संवाद स्थापित करेगा। यह महज एक सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि जनता से सीधे संवाद, डिलीवरी ट्रैकिंग और राजनीतिक आधार विस्तार का बहुआयामी अभियान बनकर उभर रहा है।



समर्थ उत्तर प्रदेश' सरकार की सेवा और सुशासन का प्रमाण-पत्र है, जिसे हम हर मतदाता तक लेकर जाएंगे।
–भूपेंद्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा



यह सिर्फ प्रचार नहीं, जनता से संवाद और भागीदारी का अभियान है। हर कार्यकर्ता इसकी आत्मा है।
–धर्मपाल सिंह, प्रदेश महामंत्री (संगठन)



'यह अभियान हर गरीब, किसान, नौजवान और महिला के जीवन में आए बदलाव की सच्ची तस्वीर है।'
–केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री



'जनता को बताना जरूरी है कि कैसे डबल इंजन सरकार ने यूपी को बदलने का काम किया है। 'समर्थ यूपी' यही कहानी कहेगा।'
–डॉ. दिनेश शर्मा, पूर्व उपमुख्यमंत्री

# योगी ने जनता दर्शन में अफसरों को दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित 'जनता दर्शन' में आमजन की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि हर जनसेवक को जनता के साथ मर्यादित व्यवहार करना चाहिए। दुर्व्यवहार किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं है।

प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 50 से अधिक फरियादियों ने मुख्यमंत्री से अपनी समस्याएं साझा कीं। 'जनता दर्शन' में ज़मीन से जुड़े विवादों की भरमार रही। योगी ने मरीजों को आर्थिक मदद, दिव्यांगों को योजनाओं का लाभ और बच्चों को पढ़ाई में आगे बढ़ने का संदेश दिया।


दिव्यांग को इलेक्ट्रॉनिक वॉकिंग स्टिक देते मुख्यमंत्री योगी।

न्यूज ब्रीफ

### छात्रा के शोषण के मामले में प्रोफेसर के हुए बयान

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज के प्रोफेसर पर छात्रा ने शोषण के आरोप लगाए हैं। इस मामले में सोमवार को जांच समिति ने प्रोफेसर और छात्रा दोनों को बुलाया था। प्रोफेसर ने समिति के सामने अपना बयान दे दिया और आरोपों को झूठा बताया है। वहीं छात्रा समिति के सामने नहीं पहुंची। अब समिति ने छात्रा को रिमाइंडर भेजा है। इसके बाद जांच समिति अपनी रिपोर्ट देगी। इसके आधार पर ही प्रोफेसर पर प्राचार्य स्तर से कार्रवाई की जाएगी।

### धीरेंद्र शास्त्री के बयान पर मौलाना का पलटवार

बरेली, अमृत विचार : बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री पर मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने पलटवार किया है। धीरेंद्र शास्त्री के भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने और भारत के मुसलमानों को नकली बताने पर मौलाना ने कहा कि वह आरएसएस के खिलाफ जाकर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं। वह भारत के मुसलमानों को नकली बता रहे हैं।
मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री अलग लय में बह रहे हैं, वह कहते हैं कि भारत में नकली मुसलमान है और विदेशों में असली मुसलमान है। उन्होंने असली और नकली की पहचान कैसे की उन्हें बताना चाहिए। असल में जो नकली होता है वही फर्क करता है, जो असली लोग होते हैं वो अपनी जुबान से एक लफ्ज नहीं निकालते हैं। भारत में जितने मुसलमान हैं, शरीयत और इस्लाम के उसूलों की पाबंदी करते हैं। विदेश के मुसलमान भी इतनी पाबंदी नहीं करते।

# भूस्खलन से हरिद्वार-ऋषिकेश रेल मार्ग ठप, यात्रियों को हुई परेशानी

## ओएचई लाइन क्षतिग्रस्त, कई ट्रेनें रद और शॉर्ट टर्मिनेट, सोमवार शाम खुला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सोमवार सुबह हरिद्वार-मोतीचूर रेल मार्ग पर हुए भूस्खलन ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दीं। सुबह लगभग 6:40 बजे पहाड़ से गिरे भारी पत्थर और पेड़ पटरियों पर आ गिरे, जिससे ओएचई लाइन क्षतिग्रस्त हो गई और रेल यातायात बाधित हो गया। हादसे के बाद हरिद्वार से आगे देहरादून व योगनगरी ऋषिकेश मार्ग अवरुद्ध हो गया। दिनभर मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर यात्री ट्रेनों के इंतजार में भटकते नजर आए।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि हादसे के बाद रेलवे की तकनीकी टीम मौके पर पहुंच गई और मार्ग को शीघ्र बहाल करने का काम तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई ट्रेनों को निरस्त, शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजनेट किया गया है।



रेलवे ट्रैक पर सुधार कार्य करते रेलवे कर्मचारी। • अमृत विचार

**निरस्त ट्रेनें:** देहरादून-आनंद विहार टर्मिनल वंदेभारत एक्सप्रेस (22458), देहरादून-सहारनपुर पैसेंजर (54342), ऋषिकेश-हरिद्वार पैसेंजर (54482) और हरिद्वार-ऋषिकेश पैसेंजर (54483) को रद्द कर दिया गया।

**रिशेड्यूल ट्रेन:** योगनगरी ऋषिकेश-पुरी एक्सप्रेस (18478) को सोमवार की शाम 5 बजे योगनगरी ऋषिकेश से संचालित किया गया।

शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजनेट ट्रेनें : हावड़ा-ऋषिकेश एक्सप्रेस (13009), अमृतसर-देहरादून एक्सप्रेस (14632), बाड़मेर-ऋषिकेश एक्सप्रेस (14888), सूबेदारगंज-देहरादून लिंक एक्सप्रेस (14113), योगनगरी ऋषिकेश-तिरुवनंतपुरम एक्सप्रेस (22660), नई दिल्ली-देहरादून शताब्दी (12017), साबरमती-ऋषिकेश एक्सप्रेस (19031) को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया।

वहीं, देहरादून-अमृतसर एक्सप्रेस (14631), ऋषिकेश-श्री गंगानगर एक्सप्रेस (14816), देहरादून-सूबेदारगंज लिंक एक्सप्रेस (14114), देहरादून-नई दिल्ली शताब्दी (12018) और ऋषिकेश-साबरमती एक्सप्रेस (19032) को शॉर्ट ओरिजनेट किया गया।

• सोमवार सुबह रेल लाइन पर गिरे थे पत्थर और पेड़

### कई ट्रेनें निरस्त और कई के रूट बदले

बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में आज से पौने दो महीने तक पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसकी वजह से कई ट्रेनें निरस्त रहेंगी और कई के रूट बदले जाएंगे। शमसाबाद यार्ड से कायमगंज स्टेशनों के मध्य पीक्यूआर मशीन से सीटीआर वर्क के चलते 9 सितंबर से 30 नवंबर तक पावर ब्लॉक घोषित किया है। इस दौरान सोमवार से गुरुवार तक सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक यातायात बंद रहेगा।

### नए अवसरों की तलाश में आईवीआरआई पहुंचे मेडागास्कर प्रतिनिधि

बरेली, अमृत विचार: सतत कृषि के क्षेत्र में सहयोग के नए अवसर तलाशने के उद्देश्य से मेडागास्कर के सिविल सेवकों का एक प्रतिनिधिमंडल आईवीआरआई पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में अलाओट्रा मंगोरो क्षेत्र के गवर्नर रामोरासन्द्राताना गाइ और हेड ऑफ पार्टनरशिप डिपार्टमेंट राकोटोआरिवोनी रियाना सहित मेडागास्कर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

आईवीआरआई में एक्सपोजर-कम-इंटरेक्टिव विजिट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं, अनुसंधान इकाइयों और प्रायोगिक सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संस्थान की उपलब्धियों की सराहना की और सतत कृषि के क्षेत्र में सहयोग के और अवसरों को तलाशने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर आईवीआरआई के वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल के साथ इंटरेक्टिव सत्र में भाग लिया और दोनों देशों के बीच पशु चिकित्सा अनुसंधान में सहयोग बढ़ाने के संभावनाओं पर चर्चा की। संयुक्त निदेशक अनुसंधान डॉ. एसके सिंह और संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. रूपसी तिवारी ने संस्थान की खूबियां बताई। डॉ. बबलू कुमार, डॉ. एजी तेलंग, डॉ. केके राजक और अन्य वैज्ञानिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षा और शोध के क्षेत्र में तेजी से हो रहा सुधार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था विकास की बुनियाद है। पिछले कुछ वर्षों में हमने बहुत तरक्की की है। आज प्रदेश में 8375 कॉलेज संचालित हैं और नए विश्वविद्यालय खुल रहे हैं। शिक्षा और शोध के क्षेत्र में तेजी से सुधार हो रहा है। पूर्व परीक्षा नियंत्रक अशोक कुमार अरविंद ने कहा कि 2017 के बाद शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है।

डिजिटल क्लासरूम, व्यावसायिक शिक्षा और कंप्यूटर लर्निंग को बढ़ावा मिला है। शिक्षकों और छात्रों ने अपने सुझाव दिए। इनमें पुरानी पेंशन लागू करने, सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने, स्किल डेवलपमेंट को ऐच्छिक बनाने, डिजिटल लाइब्रेरी के साथ किताबों को भी बढ़ावा देने और ई-वाहन तथा सोलर लाइट्स को बढ़ाने जैसी बातें शामिल रहीं।

अर्बन हाट : ऋण उपलब्ध कराने में बैंक नीतियों की समीक्षा जरूरी

अर्बन हाट में शाम को हुए संवाद कार्यक्रम में उद्यमियों ने व्यापार के संदर्भ में ऋण उपलब्ध कराने के संबंध में बैंक नीतियों की समीक्षा करने और 15 प्रतिशत डेवलपमेंट चार्ज हटाने के सुझाव दिए। इस पर डीएम ने कहा कि विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण में सभी का सहयोग आवश्यक है। सरकार ने इसको लेकर एक विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है और लोगों से सुझाव मांगे हैं। उद्यमियों ने बैंकों की नीतियों की समीक्षा करने, ऋण आसानी से उपलब्ध कराने, 15 प्रतिशत डेवलपमेंट चार्ज हटाने और लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड करने जैसे सुझाव दिए। इससे उद्योग और व्यापार को और बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में अधिकारियों ने जनता से अपील की कि वे https://samarthuttarpradesh.up.gov.in पोर्टल पर अपने सुझाव भेजें। यह अभियान एक महीने तक चलेगा।

सर्वश्रेष्ठ सुझावों को विजन डॉक्यूमेंट में शामिल कर पुरस्कृत भी किया जाएगा। डीआईजी अजय साहनी, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, वाइस चांसलर इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी वाईडी आर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, पीडी डीआरडीए तेजवंत सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मोहनपुर, वि.ख. फरीदपुर (बरेली)**

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोहनपुर में मनरेगा/ग्रामनिधि व आई.सी.डी.एस. के योजना कर्न्जेस से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, सामग्री विवरण निम्नवत है- ईट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | निर्माण कार्य का नाम जिसकी निविदा जारी की जाती है | अनु.लागत लाख में |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम मोहनपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण | 12/- |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें प्रकाशन से तीसरे दिन तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन दोपहर 02 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

फिरासत खां-ग्राम प्रधान प्रदीप सिंह राणा-ग्रा.वि.आ.


### रिछा रोड क्रॉसिंग आज रात में रहेगी बंद

बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने देवरनिया-बहेड़ी रेल खंड पर स्थित क्रॉसिंग 21/ए, रिछा रोड को मरम्मत कार्य के चलते यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया है। क्रॉसिंग 9 सितंबर की रात 8 बजे से 10 सितंबर की सुबह 6 बजे तक बंद रहेगी। सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा के अनुसार मरम्मत कार्य रात में किया जाएगा ताकि ट्रेनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और दिन के समय यातायात पर न्यूनतम असर पड़े। वशूपुर गांव के पास क्रॉसिंग 20/सी से वाहन गुजर सकेंगे।

# बरेली नाट्य महोत्सव का बर्फ के मंचन के साथ समापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: सात दिवसीय बरेली नाट्य महोत्सव का अभिनेता सौरभ शुक्ला के चर्चित नाटक बर्फ के मंचन के साथ समापन हुआ। समापन के बाद बरेली पहुंचे चर्चित फिल्म और रंगमंच अभिनेता अश्वत्थ भट्ट ने राजेन्द्र नगर स्थित ड्रामा ड्रॉपआउट्स कार्यालय पर सभी युवा रंगकर्मियों के साथ एक विशेष थिएटर मास्टर क्लास आयोजित की। इसमें उन्होंने कहा कि बरेली का थिएटर बेहद जुझारू है और यहां कलाकारों में जुनून की कोई कमी नहीं, लेकिन इसका असली विकास तभी संभव है जब पूरे सालभर नियमित रूप से ट्रेनिंग, वर्कशॉप्स और नाट्य शालाओं का आयोजन किया जाए। उन्होंने प्रतिभागियों को थिएटर प्रबंधन, अभिनय कार्यशालाओं की महत्ता, फिजिकल थिएटर, वॉयस एंड स्पीच की ट्रेनिंग की आवश्यकता और अनुशासन पर विस्तार से चर्चा की।

अश्वत्थ भट्ट ने उदाहरणों के जरिए बताया कि देशभर में थिएटर को मजबूती तभी मिली है, जब वहां सतत प्रशिक्षण की परंपरा बनी। उन्होंने कहा कि मंचन की तैयारी केवल नाटक की रिहर्सल तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि कलाकारों की आवाज, शारीरिक भाषा और संवाद अभिव्यक्ति पर निरंतर अभ्यास आवश्यक है। इस अवसर पर ड्रामा ड्रॉपआउट्स समूह के सदस्य शुभा भट्ट भसीन, लव तोमर, माधुरी कश्यप, स्पर्श पटेल, अमन, हिमांशु, अर्शी सिंह, झलक वंगवार, मुनीश, अभिषेक, इशिता, खुशी भसीन, विजय और राजू चौहान सहित कई रंगकर्मी मौजूद रहे।

# छात्रों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली




बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन।

अमृत विचार: बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के पैरामेडिकल साइंसेज संकाय की ओर से विश्व फिजियोथेरेपी दिवस सोमवार को उत्साह के साथ मनाया गया। इस बार विषय हेल्दी एजिंग रहा। इसके तहत छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुम्बुल खान (पीटी) ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया और निर्णायक मंडल में अजय उपाध्याय एवं शैलेंद्र वर्मा उपस्थित रहे।

प्रतियोगिताओं में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्किट प्रतियोगिता में बीपीटी तृतीय सेमेस्टर की साधना और उनके समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन में बीपीटी सप्तम सेमेस्टर की प्रक्तिका सक्सेना विजेता रहीं। वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता में बीपीटी तृतीय सेमेस्टर के दीपेंद्र एवं उनके समूह ने अपनी सृजनशीलता से सभी को प्रभावित किया, जबकि पोस्टर प्रेजेंटेशन में बीपीटी पंचम सेमेस्टर की मीनाक्षी एवं माहि रैजादा ने उत्कृष्टता हासिल की। प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि फिजियोथेरेपी केवल उपचार की पद्धति नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ जीवनशैली और गरिमामयी वृद्धावस्था की दिशा में समाज को मार्गदर्शन प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के समापन पर कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने विजेताओं एवं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में एकेडमिक इंचार्ज अनमोल शर्मा, डॉ. स्वर्णिमा सिंह (पीटी), डॉ. मीनाक्षी सिंह (पीटी), असिस्टेंट प्रोफेसर अंकित कुमार, महिमा तिवारी, मुस्कान गुप्ता, गुलफ्शां सैफी सहित संकाय के अन्य सदस्य मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर-पीलीभीत**

पत्रांक: 219/न.पा.परि.बी./2025-26 दिनांक: 06.09.2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा राज्य वित्त/पालिका निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख रू. में) | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णाक में | निविदा मूल्य + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | थाना पुलिया से बारह पत्थर तक नाले पर आर.सी.सी. स्लैब का निर्माण कार्य। | 970036.00 | 16450.00 | 1150.00 | 3 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्ध की तिथि 08.09.2025 को प्रात: 10:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 29.09.2025 अपरान्ह 05:00 बजे तक ।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 30.9.2025 को अपरान्ह 10:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई में खाता सं. 321005500073 आई.एस.एस.सी. ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकॉपी के साथ जमा करनी होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बीसलपुर (पीलीभीत)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बीसलपुर (पीलीभीत)



**पब्लिक नोटिस**

सूचित किया जाता है कि दलविन्दर सिंह पुत्र जस्सा सिंह व अमनदीप कौर पत्नी दलविन्दर सिंह, नि. 77/9, गोल्डन ग्रीन पार्क, हरुनगला, बरेली, उ.प्र. ने बही नं.1, जिल्द नं. 3423, सीरियल नं. 3736, पृ. स. 1-42, दिनांक 24.04.2010 को मकान खरीदा था। जिसकी चेन सेल डीड बही नं.1, जिल्द नं. 834 पृष्ठ सं. 219/242, सीरियल नं. 4364 दिनांक 05.06.2004 है। जो अनिल किशोर अग्रवाल पुत्र शिवराज अग्रवाल ने एच.एस. कन्स्ट्रक्शन प्रा.लि. से खरीदा था। अब यही चेन सेल डीड रास्तें घर जाते वक्त कहीं खो गई है।

दलविन्दर सिंह पुत्र जस्सा सिंह व अमनदीप कौर पत्नी दलविन्दर सिंह इस प्रॉपर्टी पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शाखा-बरेली से लोन ले रहे हैं। अगर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो नीचे दिये गये पते पर 7 दिन के अन्दर आपत्ति दर्ज करायें। अन्यथा 7 दिन बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

दिव्य कुमार श्रीवास्तव
मो. 7355544102
रजि. नं. UP07783/6


ख़बरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

# स्मार्ट मीटर लगाने वालों ने महिला का मीटर लगा लिया अपने मकान पर

• टीजी- टू से मारपीट के मुकदमे में नामजद दोनों आरोपियों के मकान से एसडीओ-जेई ने उतारा मीटर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सनसिटी सबस्टेशन पर टीजी टू के साथ मारपीट कर सरकारी दस्तावेज फाड़ने वाले स्मार्ट मीटर के कर्मचारियों का एक और कारनामा सामने आया है। रिठौरा क्षेत्र की एक महिला के मकान का मीटर अपने मकान में लगाकर बिजली जला रहे थे। इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को हुई तो उन्होंने सोमवार को मकान पर जाकर उनका मीटर उतार लिया। इसके बाद स्मार्ट मीटर कंपनी के अधिकारियों को पत्र लिखा है।

स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी के कुछ कर्मचारी शनिवार को सबस्टेशन पर पहुंचे। उन्होंने डयूटी पर मौजूद टीजी टू राहुल कुमार से लाइनमैन को बुलाने को कहा। टीजी टू ने लाइनमैन को बुलाने की वजह पूछी तो उन्होंने गाली-गलौज शुरू करके मारपीट कर दी। जेई की तहरीर के बाद इज्जतनगर पुलिस ने गोल्डी, मोनिस शंखधार और तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। अब स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी के कर्मचारियों का एक और खेल सामने आया है। रिठौरा क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी के कर्मचारियों ने फर्जीवाड़ा कर अपने घर सनसिटी में स्मार्ट मीटर लगवा लिया। आरोपियों पर पुराना बकाया 54 हजार रुपये था, जिसका भुगतान भी नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त मीटर भी रिठौरा की किसी मुन्नी देवी के नाम पर है, जिसको आरोपियों ने अपने घर पर लगाया था।

एसडीओ विक्रांत सैनी और जेई पंकज शर्मा ने सोमवार को आरोपियों के घर से मीटर उतारकर जांच के लिए भेज दिया है। एसडीओ विक्रांत सैनी ने बताया कि किसी महिला का मीटर स्मार्ट मीटर कंपनी के कर्मचारियों ने अपने मकान पर लगा दिया था। अधिकारियों को सूचना देकर मकान से मीटर उतारकर जांच के लिए भेजकर कंपनी को पत्र लिखा है।

### स्वागत द्वार बनाते 6 मजदूर करंट से झुलसे, एक की मौत

बिलासपुर(रामपुर), अमृत विचार : सोमवार रात आठ बजे नैनीताल हाईवे स्थित नवीन मंडी के सामने मजदूर स्वागत द्वार बना रहे थे। स्वागत द्वार में हाईटेंशन लाइन से करंट उतर आया। मजदूर राजीव कुमार निवासी गांव धावनी हसनपुर, सुशील कुमार, आकाश, अभय, गौरव कुमार, गुलाबी निवासी मोहल्ला सिनेमा रोड गंभीर रूप से झुलस गए। चीख पुकार सुनकर भीड़ जमा हो गई। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। राजीव कुमार (30) पुत्र चंद्रपाल की मौत हो गई।



मृतक राजीव कुमार।


एल&टी फायनांस लिमिटेड
(पहले एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
पंजीकृत कार्यालय
वृंदावन, प्लॉट नंबर १७७, सी.एस.टी. रोड, कलिना, सांताक्रुज़ (पूर्व), मुंबई ४०० ०९८, महाराष्ट्र, भारत
CIN: L67120MH2008PLC181833
T +91 22 6212 5000
F +91 22 6212 5553
E igrc@ltfs.com
www.ltfinance.com

L&T Finance

**सूचना**

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत इनवेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड अथॉरिटी (आईईपीएफए) ने ''सक्षम निवेशक'' नाम से १०० दिनों का देशव्यापी अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य शेयरधारकों को उनके दावारहित शेयरों/लाभांश का दावा करने में मदद करना और निवेशक सेवा वितरण में सुधार के लिए ''केवाईसी'' रिकॉर्ड को अपडेट करना है।

इस सूचना के माध्यम से, एल&टी फायनांस लिमिटेड (पहले एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के उन शेयरधारकों से अनुरोध है जिन्होंने अपने शेयरों/लाभांश का दावा नहीं किया है या केवाईसी, बैंक मैनडेट (अनुदेश), नॉमिनेशन (नामांकन), संपर्क जानकारी आदि से संबंधित विवरण अपडेट नहीं किया है, उनसे निम्नलिखित को लिखने का निवेदन किया जाता है:

- रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (''आरटीए'') को निम्नलिखित पते पर लिखें (यदि शेयरधारक भौतिक रूप में शेयर रखते हैं):
  एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्रायवेट लिमिटेड (पहले लिंक इनटाइम इंडिया प्रायवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
  सी-१०१, २४७ पार्क, एल.बी.एस. मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई - ४०००८३, महाराष्ट्र, भारत,
  फोन: +९१ ८१० ८११ ६७६७, फैक्स: +९१ २२ ४९१८ ६०६०
  वेबसाइट: https://in.mpms.mufg.com/
  ईमेल: rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com
- डिमटीरियलाइज्ड रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने केवाईसी, बैंक मैनडेट, नॉमिनेशन, संपर्क जानकारी आदि को अपडेट करने के लिए अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट से संपर्क करें और अपने दावारहित शेयरों/लाभांश का दावा करने के लिए उपरोक्त पते पर आरटीए से संपर्क करें।

किसी भी अन्य पूछताछ के लिए, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे igrc@ltfs.com पर लिखें। इसके अलावा, यह सूचना कंपनी की वेबसाइट www.ltfinance.com/investors पर भी उपलब्ध है।

एल&टी फायनांस लिमिटेड के लिए
(पूर्व में एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड के नाम से ज्ञात)

अपूर्वा राठौड़
कंपनी सेक्रेटरी
एफसीएस १३७२९

स्थान: मुंबई
तारीख: ०९ सितंबर, २०२५


### बहन के घर जा रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत

संभल, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गरवारा मिलक गांव का रहने वाला मनीष गुप्ता का 22 वर्षीय बेटा निखिल गुप्ता मुरादाबाद स्थित आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में बीएससी का छात्र था। सोमवार को निखिल क्लास लेने के बाद मुरादाबाद से बाइक से संभल के आलम सराय में अपनी बहन खुशबू गुप्ता से मिलने उसकी ससुराल आ रहा था। सिरसी कस्बे में पुलिस चौकी के पास बाइक फिसलकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि निखिल लहूलुहान हो गया। पुलिस ने निखिल को जिला अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने देखते ही निखिल को मृत घोषित कर दिया। निखिल की बहन व बहनोई रोते बिलखते जिला अस्पताल पहुंचे।

# विदेश में शिक्षा ग्रहण करने का हमेशा अवसर

कार्यालय संवाददाता, बरेली




अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय एवं सोशल स्टडी फाउंडेशन पुणे के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षा विभाग संकाय सभागार में सोमवार को कार्यशाला हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को विदेश में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर हमेशा ही है लेकिन उचित मार्गदर्शन न होने के कारण छात्र-छात्राएं लाभ से वंचित रहते हैं।

मुझे खुशी है कि सोशल स्टडी फाउंडेशन की ओर से विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रेशन काफी दिनों से चल रहा था। सोशल स्टडी फाउंडेशन पुणे एवं रॉयल कैंसर विद्यालय के संयुक्त प्रावधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम विदेश में बच्चों को विशेष अवसर प्रदान करेगा। हमारे विश्वविद्यालय से गत वर्षों में 401 छात्र-छात्राओं ने विदेश में शिक्षा ग्रहण करने का लाभ लिया है।

कार्यशाला चार सत्रों में हुई, जिसमें पहले सत्र में डॉ. चंद्रशेखर मालवी ने विदेश उच्च शिक्षा हेतु तैयारी विषय पर देश और यूनिवर्सिटी के चयन की प्रक्रिया, विषयवार रैंकिंग, अंग्रेजी परीक्षा, और महत्वपूर्ण दस्तावेजों के विषय में बताया। दूसरे सत्र में डॉ. शशि बाला ने नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप के विषय जानकारी दी। तीसरे सत्र में एडवर्ड मेंढे ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रवृत्तियों के विषय में जानकारी दी। अंतिम सत्र में डॉ. रवि कुमार ने बताया कि विदेश में पढ़ाई, धन प्रबंध और संस्कृति का ध्यान कैसे रखें। कार्यालय में विशिष्ट अतिथि हरि सोवानी रहे और संयोजन डॉ. रविंद्र कुमार ने और संचालन डॉ. विमल कुमार ने किया। आकाश पुष्कर ने आभार और रामप्रसाद अग्रवाल ने धन्यवाद दिया। इस अवसर डॉ. सुषमा गोंडियाल, डॉ. रामबाबू सिंह, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. एसके वर्मा, डॉ. आलोक श्रीवास्तव, डॉ. एसएस बेदी उपस्थित रहे।

# अमृत विचार

मंगलवार, 9 सितंबर 2025





लोग आप पर पत्थर फेंकते हैं और आप उन्हें मील के पत्थर में बदल देते हैं।
–सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

# एशियन हॉकी के सिरमौर

भारतीय हॉकी टीम को बधाई, जिसने एशिया कप हॉकी 2025 जीतकर न केवल इस महाद्वीप में अपनी श्रेष्ठता का नया प्रमाण दिया है, बल्कि विश्व हॉकी को यह स्पष्ट संकेत भी भेजा है कि भारतीय टीम अब सिर्फ एशिया तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपने पुराने गौरव को पुनः स्थापित करने की दिशा में तेजी से बढ़ रही है। यह जीत भारत को 2026 हॉकी विश्व कप के लिए सीधी पात्रता तो देती ही है, परंतु इससे भी अधिक यह भारतीय हॉकी के आत्मविश्वास और दीर्घकालिक भविष्य को मजबूती देती है। इस जीत का श्रेय खिलाड़ियों से पूर्व मुख्य कोच और सहयोगी स्टॉफ को मिलना चाहिए, जिसने कड़े अनुशासन, सफल रणनीति और युवा खिलाड़ियों को अवसर देने की नीति पर जोर दिया, यह प्रयास निर्णायक साबित हुआ। वहीं कप्तान और सीनियर खिलाड़ियों का अनुभव तथा उभरते युवाओं का जोश, दोनों का संतुलन भारतीय प्रदर्शन की रीढ़ बना। हालांकि टूर्नामेंट की शुरुआत में भारत का खेल उतना धारदार नहीं दिखा, पर महत्वपूर्ण क्षणों में टीम ने मानसिक मजबूती और सामूहिक तालमेल से बाजी पलट दी। यह दर्शाता है कि भारतीय हॉकी अब दबाव झेलने और वापसी करने में सक्षम हो रही है। फिर भी, चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं। एशिया कप खिताब भारत ने महज चौथी बार जीता है, जबकि पाकिस्तान और दक्षिण कोरिया जैसी टीमें इस प्रतियोगिता में कहीं अधिक स्थायी दबदबा रखती रही हैं। यही कारण है कि भारत को अब अपनी निरंतरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर ध्यान केंद्रित करना होगा। विश्व स्तर पर नीदरलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और बेल्जियम जैसी टीमें तकनीकी कौशल, शारीरिक फिटनेस और तेज गति वाले खेल में भारतीयों से आगे हैं। इनसे पार पाने के लिए भारत को खिलाड़ियों की फिटनेस पर विशेष निवेश, आधुनिक खेल-विश्लेषण तकनीक, मानसिक मजबूती और लंबे समय तक स्थिर कोचिंग स्टॉफ सुनिश्चित करना होगा। सरकारी स्तर पर भी प्रयासों को और गति देनी होगी। खेल मंत्रालय और हॉकी इंडिया ने हाल के वर्षों में बुनियादी ढांचे, अकादमियों और विदेशी प्रशिक्षकों पर ध्यान दिया है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं। जमीनी स्तर पर स्कूलों और ग्रामीण इलाकों में हॉकी की जड़ों को फिर से मजबूत करना, खिलाड़ियों को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा देना और कॉर्पोरेट प्रायोजन बढ़ाना बेहद जरूरी है। हॉकी को केवल 'राष्ट्रीय खेल' कहने से बात नहीं बनेगी, उसे वास्तव में प्राथमिकता देनी होगी। भारत की यह एशियाई जीत इतिहास की किताबों में दर्ज होने लायक उपलब्धि है, लेकिन भारतीय हॉकी को अपने गौरव की पूर्व प्राप्ति के लिए, वैश्विक हॉकी के शिखर पर खड़े होने के लिए निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन अनिवार्य है। भारतीय हॉकी को अब यह साबित करना होगा कि वह अतीत की महिमा का बोझ ढोने के बजाय भविष्य का रास्ता खुद तय करने में सक्षम है। बेशक इसके लिए सरकार का सक्रिय सकारात्मक सहयोग लाजिमी है। एशिया कप से मिले आत्मविश्वास को आधार बनाकर यदि भारत विश्व कप और ओलंपिक में भी पदक जीतने का संकल्प दिखा सके, तभी यह जीत अपने असली अर्थ साबित कर पाएगी।

## प्रसंगवश

# खतरनाक हो सकता है दवा से पीरियड्स को रोकना

हाल ही में एक 18 वर्षीय छात्रा की मौत की घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया, जिसने धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पीरियड्स रोकने की दवा खा ली थी। बेंगलूरु में घटी इस दर्दनाक घटना में लगातार तीन दिन तक दवा खाने के बाद अचानक छात्रा की तबीयत बिगड़ गई। उसे पैरों में सूजन, तेज दर्द और फिर सांस लेने में तकलीफ हुई। जब तक परिवार वाले उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, डॉक्टरों ने पाया कि उसकी नसों में खून का थक्का जम चुका है। गहन उपचार के बावजूद छात्रा की मौत हो गई। यह घटना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि एक गहरी चेतावनी है कि मासिक धर्म को रोकने या बदलने वाली दवाएं कितनी घातक हो सकती हैं। क्या थोड़ी सुविधा या सामाजिक दबाव महिला की जान से अधिक महत्वपूर्ण है? यह विषय आज न केवल स्वास्थ्य के लिहाज से, बल्कि सामाजिक सोच और सरकारी नीतियों की दृष्टि से भी अत्यंत प्रासंगिक हो गया है।



डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

असल में यह केवल एक महिला के व्यक्तिगत स्वास्थ्य से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि समाज, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और सरकारी नीतियों से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से देखें तो इन हार्मोनल दवाओं का गलत या बिना डॉक्टर की सलाह के सेवन करना बेहद खतरनाक है, क्योंकि इससे हार्मोनल असंतुलन, रक्त के थक्के, गर्भधारण में कठिनाई और यहां तक कि मौत जैसी स्थिति तक हो सकती है। महिलाओं के जीवन में मासिक धर्म एक प्राकृतिक और सामान्य प्रक्रिया है। यह न केवल उनके स्वास्थ्य का संकेत है, बल्कि शरीर की प्राकृतिक लय का हिस्सा भी है।

सामाजिक दृष्टि से भारत जैसे देशों में अब भी धार्मिक अवसरों, शादी-ब्याह और परीक्षाओं के दौरान महिलाओं पर मासिक धर्म रोकने का दबाव डाला जाता है। यह दबाव उन्हें मजबूरी में दवा खाने पर मजबूर करता है। आर्थिक दृष्टि से यह दवाएं महंगी हैं और कमजोर वर्ग की महिलाएं इन्हें खरीद नहीं पातीं। कई बार सस्ती नकली दवाएं खाकर और बड़े खतरे मोल ले लेती हैं। कानूनी और नीतिगत स्तर पर भी इन दवाओं की बिना पर्ची बिक्री आम है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से देखें तो इन हार्मोनल दवाओं का गलत या बिना डॉक्टर की सलाह के सेवन करना बेहद खतरनाक है, क्योंकि इससे कई दिक्कतें पैदा हो सकती हैं।

चिकित्सकों के अनुसार, पीरियड्स रोकने वाली गोलियां सामान्य दर्द निवारक या सर्दी-जुकाम की दवा नहीं होतीं। इन दवाओं का अत्यधिक सेवन महिलाओं के शरीर में गंभीर बदलाव ला सकता है। इससे मोटापा बढ़ना, मुंहासे होना, चेहरे और शरीर पर अनचाहे बाल उगना, लगातार थकान रहना, मूड स्विंग और अवसाद जैसी मानसिक समस्याएं हो सकती हैं। कुछ मामलों में महिलाओं में गर्भधारण की क्षमता प्रभावित होती है और प्रजनन संबंधी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। लंबे समय तक लगातार इन दवाओं का सेवन करना दिल और लिवर से जुड़ी बीमारियों का कारण भी बन सकता है।

समाज में मासिक धर्म से जुड़ी झिझक और दबाव अभी भी बहुत गहरे हैं। महिलाएं को लगता है कि पीरियड्स टालना आसान उपाय है। शुरुआत में यह उपाय आसान और प्रभावी लगता है, लेकिन लंबे समय में यह शरीर पर गंभीर हानिकारक प्रभाव डाल सकता है। ग्रामीण और कम शिक्षित महिलाएं अक्सर बिना डॉक्टर की सलाह के दवा ले लेती हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य बिगड़ जाता है। कई बार उन्हें तुरंत राहत तो मिलती है, लेकिन बाद में यह निर्णय गंभीर बीमारी की जड़ बन सकता है।

# मणिपुर में पीएम का दौरा और शांति की उम्मीदें






अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार

सचमुच कोई प्रबल कारण रहा होगा। बीते सवा दो साल में पुर्वोत्तर का पहाड़ी राज्य मणिपुर मैतेई और कुकी समुदायों के बीच कई दौर हुई जातीय हिंसा में तबाह हो गया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी वहां नहीं गए। विपक्ष मणिपुर पर उनकी चुप्पी को निशाना बनाते हुए संसद के भीतर और बाहर लगातार पूछता रहा, आखिर मणिपुर भारत का हिस्सा है या नहीं, अगर है तो वहां जाकर प्रधानमंत्री को शांति की अपील करने से परहेज क्यों है, लेकिन कोई जवाब नहीं आया।

अब प्रधानमंत्री मणिपुर जा रहे हैं। वह तेरह सितंबर को असम से मिजोरम को जोड़ने वाली रेलवे लाइन के उद्घाटन के लिए आइजॉल पहुंचेंगे। वहां से इंफाल जाना है। दिल्ली में कुकी संगठनों से बातचीत के बाद सरकार ने एक साल तक उनके खिलाफ सैन्य अभियान न चलाने का एक समझौता किया है। बदले में कुकी संगठन मैतेई इलाकों के पास से अपने सात कैंप हटाने के लिए राजी हो गए हैं।

इंफाल घाटी में बसे सर्वाधिक आबादी वाले मैतेई समुदाय को आदिवासी दर्जा देने की हाईकोर्ट की सिफारिश के बाद, मई 2023 में दोनों समुदायों के बीच हिंसा की घटनाएं शुरू हुई थीं। जुलाई 2023 में दो कुकी महिलाओं को नंगा करके घुमाने और उनके साथ यौन हिंसा के वीडियो सामने आए, जिन्होंने पूरी दुनिया का ध्यान मणिपुर की ओर खींचा। जले हुए चर्च, चहारदीवारियों पर रखे कटे सिरों और नागरिकों के लगभग सैनिक दस्तों में बदल जाने से यह साफ हो गया था कि वहां या तो सरकार खुद एक पक्ष बन गई है या सरकार नाम की कोई चीज नहीं बची है।

इस हिंसा में आधिकारिक तौर पर 250 लोग मारे गए, 1500 से अधिक घायल हुए और पचास हजार से अधिक आबादी शरणार्थी शिविरों में रहने को मजबूर हुई, लेकिन प्रधानमंत्री वहां नहीं गए। अब आर्थिक और सामाजिक तौर पर छिन्न-भिन्न मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा हुआ है, हिंसा करने वाले थक चुके हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री के दौरे से मणिपुर को क्या मिलेगा? अब वहां प्रधानमंत्री के करने लायक एक ही काम बचा है, वह है दोनों समुदायों के बीच सौहार्द्र कायम करके स्थायी शांति स्थापित करना। क्या ऐसा हो पाना संभव है? दौरे से पहले ही दोनों समुदायों की तरफ से जो संकेत मिल रहे हैं, उनको देखते हुए इस तरह की खुशफहमी नहीं पाली जा सकती!

मणिपुर की हिंसा साधारण हिंसा नहीं थी। इसकी शुरुआत आरक्षण जैसे मुद्दे से हुई थी। नागा-कुकी समुदाय को डर था कि अगर अपेक्षाकृत संपन्न और अधिक आबादी वाले मैतेई समुदाय को आदिवासी दर्जा मिल गया तो उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व और नौकरियों में हिस्सेदारी का नुकसान होगा। जल्दी ही चर्चों और पूजास्थलों पर हमले होने लगे और यह हिंसा हिंदू बनाम ईसाई में बदल गई। विपक्ष इसमें एन. वीरेन सिंह की राज्य सरकार की भूमिका का आरोप लगाता रहा है, क्योंकि हिंसा में पुलिस थानों से हथियार ले जाकर इस्तेमाल किए गए। पुलिस का कहना है कि उपद्रवियों ने हथियार लूट लिए थे, जिन्हें बाद में वापस कराया गया, जबकि विपक्षियों का आरोप है कि पुलिस ने अपने हथियार दिए थे। यह हिंसा लंबे समय से राज्य में चल रही सांप्रदायिक विभाजन की राजनीति का नतीजा थी, जिसके पहले से ज्यादा उग्र होने के ही आसार दिखाई दे रहे हैं। राज्य में बीते डेढ़ दशकों में जैसे-जैसे हिंदू और ईसाई पहचान पर आधारित राजनीति परवान चढ़ी और सांप्रदायिक विभाजन बढ़ा, जिससे भाजपा की राजनीतिक ताकत बढ़ती गई है। यह देश के अन्य हिस्सों में जारी राजनीति से अलग पैटर्न नहीं है।

2012 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सिर्फ सवा दो प्रतिशत वोट मिले और एक भी सीट नहीं मिली। इसी समय भाजपा के हिंदुत्व अभियान ने मैतेई समुदाय के बीच जोर पकड़ा और दूसरी पार्टियों से नेताओं को तोड़कर ताकत बढ़ाई गई। अगले चुनाव 2017 में 36 प्रतिशत वोट मिले और भाजपा गठबंधन की सरकार बनाने में कामयाब रही। अगले चुनाव 2022 में सैंतीस प्रतिशत से कुछ ऊपर वोट मिले और अकेले दम पर बहुमत की सरकार बन गई। विपक्ष का कहना है कि मणिपुर में हिंसा और अराजकता की स्थिति से भाजपा और धार्मिक पहचान की राजनीति करने वाले अन्य संगठनों को फायदा हो रहा था, इसलिए कोई बड़ा हस्तक्षेप नहीं किया गया।

समझौते पर दोनों समुदायों की तरफ से जो प्रतिक्रियाएं आई हैं, वही अभी शांति के दुर्लभ होने का संकेत दे रही हैं। गृह मंत्रालय ने कहा है कि कुकी-जो काउंसिल सुरक्षा बलों के साथ मिलकर नेशनल हाइवे-2 (इंफाल-दीमापुर राजमार्ग) पर शांति बनाए रखने में सहयोग करेगा जो हिंसा के कारण दो साल से बंद था। कुकी-जो काउंसिल ने कहा है, उसने कभी हाइवे बंद नहीं किया था और मैतेई लोगों को इस मार्ग से होकर कुकी बहुल इलाकों में मुक्त आवाजाही की अनुमति नहीं मिलेगी।

भाजपा इस हाईवे पर मुक्त आवाजाही के फैसले को एतिहासिक बता रही है, लेकिन इसका लागू हो पाना मुश्किल है। वहीं प्रमुख मैतेई संगठन, कोआर्डिनेशन कमिटी ऑन मणिपुर यूनिटी ने इस समझौते का विरोध करते हुए कहा है कि कुकी उग्रवादियों के खिलाफ एक साल तक सैन्य अभियान बंद रखने का समझौता मणिपुर के हितों के खिलाफ है। पिछले दो सालों में मणिपुर में जिस तरह की राजनीति हुई है, उसके आधार पर कहा जा सकता है कि केंद्र की उपेक्षा के कारण स्थिति बहुत उलझ चुकी है और कोई समाधान निकट भविष्य में नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में देखना है कि प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर में शांति और स्थायित्व के लिए क्या करने जा रहे हैं!

प्रधानमंत्री मणिपुर जा रहे हैं। वहां उन्हें दोनों समुदायों के बीच सौहार्द्र कायम करके स्थायी शांति स्थापित करनी होगी।

## आमने सामने



20 वर्षों से बिहार और 11 वर्षों से केंद्र में नीतीश-मोदी की सरकार रहने के बावजूद एनडीए सरकार ने बिहार को बेरोजगारी, पलायन और गरीबी का मुख्य केंद्र बना दिया है। बिहार की प्रति व्यक्ति आय अफ्रीकी देशों युगांडा और रवांडा से भी कम है।
–तेजस्वी यादव
नेता प्रतिपक्ष

उनका नाम तेजस्वी यादव है, इसका मतलब यह नहीं है कि नेता प्रतिपक्ष बहुत तेज हैं। वैसे भी नौवीं फेल आदमी की बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विरोधियों को जो करना है करते रहें।
–अजय आलोक
राष्ट्रीय प्रवक्ता, बीजेपी



# वैश्विक व्यापार में उथल-पुथल और जीएसटी सुधार



विवेक सक्सेना
अयोध्या

आठ वर्ष बाद ही सही आखिरकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार की प्रतीक्षा पूरी हुई। यह एक बड़ा सुधार माना जा रहा है, क्योंकि इसका लाभ आम लोगों के साथ-साथ कारोबार जगत को भी मिलेगा, इसलिए स्वाभाविक है कि इससे देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाना केवल इसलिए जरूरी नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की मनमानी टैरिफ नीति की चुनौतियों का देश को सामना करना पड़ रहा है, बल्कि इसलिए भी जरूरी है कि भारत को विकसित देश बनने के लिए तेजी से प्रगति करना जरूरी है। ऐसे में जीएसटी को युक्ति संगत बनाए जाने के फैसले के साथ ही यह भी देखना बहुत जरूरी होगा कि नागरिकों और कारोबारियों को इसका वास्तविक लाभ मिले।

यह भी तय होना चाहिए कि इस सुधार के साथ जीएसटी की जटिलताएं सचमुच खत्म हों और छोटे कारोबारियों को कागजी कार्रवाई से राहत मिले। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का भी दावा है कि राजमर्रा के कई सामान समेत 400 वस्तुओं की दरें कम की गई हैं। जीएसटी दरों में कटौती समेत अन्य सुधार लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए प्रेरित करेंगे और इससे आर्थिक वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था को जरूरी गति मिलेगी। आज लोग 100 रुपये में जो चीजें खरीद रहे हैं, नई दरें लागू होने के बाद उतने ही पैसे में वे वस्तु का ज्यादा हिस्सा खरीद पाएंगे।

वैसे तो वर्ष 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से कई परिवर्तन किए गए हैं, लेकिन तीन सितंबर को वित्तमंत्री की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने जो फैसले किए हैं, वह कई मायनों में अहम माने जा रहे हैं। ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद से ही वैश्विक व्यापार में बड़ी उथल-पुथल चल रही है। ट्रंप ने खास तौर पर भारत को निशाना बनाया। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर को देखते हुए टैक्स स्लैब में सुधार काफी जरूरी थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कूटनीति से ट्रंप की मनमानी का मजबूत जवाब भी दिया। चाहे शंघाई सम्मेलन हो या जीएसटी में सुधार। शायद यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अब सोशल मीडिया एक्स पर दावा कर रहे हैं कि भारत और मोदी मेरे दोस्त हैं और दोस्त रहेंगे। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि 27 अगस्त से लागू 50 फीसदी 'ट्रंप टैरिफ' के कारण भारत के 60.2 अरब डॉलर के निर्यात पर असर पड़ा है। यह अमेरिका भेजे जाने वाले माल का 55 फीसदी और भारत के कुल निर्यात का 18 फीसदी है। सबसे ज्यादा असर कपड़ा, सी-फूड, रत्न व आभूषण और चमड़ा क्षेत्र पर पड़ा है।

लघु और मध्यम श्रेणी के ये उद्योग-व्यापार श्रम पर अधिक निर्भर हैं। ऐसे में जीएसटी की दो श्रेणियां किया जाना समय की मांग थी। ऐसा करने से केवल रोजमर्रा की कई वस्तुएं सस्ती नहीं होगी, बल्कि उनकी खपत भी बढ़ेगी। स्वाभाविक है कि जब खपत बढ़ेगी तो अर्थव्यवस्था का पहिया और तेजी से घूमेगा। पहले चार तरह के टैक्स स्लैब थे- 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी और 28 फीसदी। अब इस टैक्स की दो ही श्रेणियां-5 और 18 प्रतिशत होंगी। जिसे 22 सितंबर से लागू किया जाएगा।

जीएसटी परिषद ने आवश्यक वस्तुओं को करमुक्त करने के साथ कई वस्तुओं पर टैक्स घटाकर घरेलू उपभोक्ताओं, किसानों और छोटे कारोबारियों को काफी राहत दी है। पहले जिन वस्तुओं पर 12 फीसदी और 28 फीसदी का टैक्स लगता था, उसे अब कम स्लैब के दायरे में लाया गया है, जो आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत देने वाली बात है। खाने-पीने की चीजों और जीवन रक्षक दवाओं पर टैक्स पूरी तरह हटा दिया गया है।

लग्जरी और हानिकारक वस्तुओं के लिए 40 फीसदी का एक स्पेशल टैक्स स्लैब जरूर बनाया गया है, जिसे अनुचित नहीं कहा जा सकता। इसका उद्देश्य आबादी के बड़े हिस्से के खर्च और उपभोग को राहत के दायरे में लाकर अर्थव्यवस्था को रफ्तार देना ही नहीं, आर्थिक मोर्चे पर अमेरिकी शुल्कों से जो चुनौतियां पैदा हुई हैं, उनका सामना करने की दिशा में विकल्प तैयार करना भी है। घरेलू मांग मजबूत होने से संबंधित उद्योगों को बाहरी झटकों से बचाया जा सकेगा।

कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि जीएसटी में सुधार और 2025 के बजट में घोषित आयकर दरों में कटौती से ऐसे समय में उपभोग को बढ़ावा मिलेगा, जब निर्यात चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन अन्य आर्थिक सुधारों पर भी विशेष ध्यान देना होगा, जिनके बारे में प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से घोषणा की थी।

यह भी जरूरी है कि आर्थिक सुधारों के मामले में दलगत हितों की राजनीति को तिलांजलि दी जाए। राज्यों की ओर से जिस तरह राजस्व क्षतिपूर्ति के लिए समय देने की मांग उठी है, उसके मद्देनजर यह देखने की बात होगी कि सरकार इस संबंध में कौन-सा रास्ता निकालती है! ऐसे में यह कहा जा सकता है कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो 22 सितंबर से लागू होने वाले जीएसटी सुधार को देशवासियों को दीपावली के उपहार की संज्ञा दी जा सकेगी। बिहार चुनाव से ठीक पहले यह फैसला दूसरे कारणों से भी अनुकूल माना जाएगा।

ट्रंप के ट्रैफिक की वजह से दुनिया भर के व्यापार में उथल-पुथल का माहौल है। भारत पर भी इसका असर पड़ना तय है। ऐसे में जीएसटी सुधार देश के कारोबार को गति देगा।

## सोशल फोरम

# अमेरिका की तारीखी मेज

ये बात 1845 की है। तब आर्कटिक सर्कल होकर अमेरिका पहुंचने के नए रास्तों की खोज चल रही थी। जॉन फ्रेंकलिन, तीन शिप में खोज पर निकले। ध्रुवीय रास्तों में एक जगह वो फंस गए। खो गए, कुछ पता न चला। दस बरस बाद, व्हेल का शिकार करने वालों ने पाया कि खोजी शिप बर्फ के बीच लावारिस खड़े थे। भीतर 150 लाशें। ये लोग भूख, ठंड और विटामिन डेफिशिएंसी से बड़ी धीमी, पेनफुल, स्लो डेथ मरे थे।



रिबॉर्न मनीष
ब्लॉगर

HMS रिजोल्यूट को, अमेरिकन्स ने ठीक-ठाक किया और ब्रिटेन को एक गुडविल जेस्चर के रूप में लौटा दिया। शिप 30 साल और तैरा, फिर 1880 के आसपास डी-कमीशन कर दिया गया। शिप शानदार ओक की लकड़ी का बना हुआ था। डॉक, जहां इसे तोड़ा गया, वहां एक बढ़ई ने ये लकड़ियां इकट्ठा कीं। फिर इस लकड़ी की शहतीरों को इकट्ठा कर कुछ फर्नीचर बनाया गया। उसमें शानदार हैवी डेस्क भी बनीं। एक नहीं, दो। रानी साहिबा को गिफ्ट कर दिया। क्वीन विक्टोरिया ने एक डेस्क बकिंघम पैलेस में रखी। दूसरी, सेम टू सेम डेस्क, अमेरिका के राष्ट्रपति को गिफ्ट कर दिया। तब प्रेजिडेंट हेज, व्हाइट हाउस में थे। उन्होंने इसे ओवल ऑफिस में लगाया। HMS रिजोल्यूट से बना होने के कारण इसे रिजोल्यूट डेस्क कहते। प्रेजिडेंट हेज की डेस्क होने के कारण हेज डेस्क भी कहते हैं। 1910 के आसपास, व्हाइट हाउस में रिनोवेशन हुआ। ओवल ऑफिस से डेस्क हटा दी गई। जब केनेडी ऑफिस में आए, तो उनकी पत्नी ने कबाड़ में पड़ी इस डेस्क को नोटिस किया। साफ सुथरा, पॉलिश कराकर, पुनः ओवल ऑफिस में रखवाया। एक बड़ी मशहूर तस्वीर है, जिसमें केनेडी काम कर रहे हैं और उनका बेटा इस डेस्क में नीचे घुसा खेल रहा है। केनेडी दोबारा जीतकर आए। इस बार दुर्भाग्यपूर्ण एसासिनेशन के शिकार हुए। उनका सामान, इस रिजोल्यूट डेस्क के साथ, उनके मेमोरियल का हिस्सा बना दिया गया, लेकिन जिमी कार्टर फिर उसे ओवल ऑफिस ले आए। तब से वहीं है। निक्सन, रीगन, क्लिंटन, ओबामा, बुश सबने इस डेस्क पर काम किया। ये डेस्क अमेरिकन प्रेजिडेंट की शक्ति का सिंबल है। एक त्रासदी का सबूत, नई खोज के लिए जीवन का त्याग, दो ऐसे देशों के संबंध का सिंबल, जो लड़कर अलग हुए, लेकिन रिश्ते मित्रतापूर्ण बनाए। यह डेस्क जिंदा इतिहास है। इस पर बैठने वाला, अपने आप को अमेरिकन इतिहास का एक हिस्सा पाता है। गौरवान्वित होता है।

इतिहास तो हमारा, उनसे कहीं लंबा है, समृद्ध है, लेकिन अहसास-ए-कमतरी हावी है।

–फेसबुक वाल से

## सामयिकी

# भविष्य के मिशनों के लिए खतरा है 'स्पेस जंक'

अंतरिक्ष भी प्रदूषण की चपेट में आ चुका है। इसे स्पेस डेब्रिस या अंतरिक्ष कचरा कहा जाता है। जब उपग्रह (सैटेलाइट), रॉकेट, अंतरिक्ष यान आदि अपने कार्य पूरे करने के बाद निष्क्रिय हो जाते हैं या टूट-फूट जाते हैं, तो उनके अवशेष अंतरिक्ष में ही तैरते रहते हैं। यही कचरा या मलबा अंतरिक्ष प्रदूषण कहलाता है। ईंधन खत्म होने के बाद भी रॉकेट के टुकड़े अंतरिक्ष में तैरते रहते हैं। अंतरिक्ष मिशनों की असफलता या यूं कहें कि फेल हुए यान और उनके हिस्से भी अंतरिक्ष कचरे का बड़ा कारण बनते हैं। अंतरिक्ष में कचरा फैलने का दुष्परिणाम यह होता है कि इससे जहां एक ओर पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले नए उपग्रहों और स्पेस स्टेशनों के लिए खतरा पैदा हो जाता है, वहीं दूसरी ओर स्पेस मिशनों की लागत भी इससे बढ़ जाती है।



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र पत्रकार

अंतरिक्ष में बन रहे कचरे के बादल जीपीएस, संचार और मौसम के पूर्वानुमान सहित अंतरिक्ष आधारित तकनीकों पर निर्भर उद्योगों के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकते हैं। इतना ही नहीं, पृथ्वी के वातावरण में गिरते मलबे से जन-जीवन को भी खतरा पैदा होता है। जब अंतरिक्ष में मलबा इतना बढ़ जाए कि उपग्रह भेजना असंभव हो जाए, तो इसे 'केसलर सिंड्रोम' के नाम से जाना जाता है। दुनिया भर से लॉन्च होने वाले बड़े सैटेलाइट, कम्युनिकेशन सैटेलाइट, रॉकेट और उनके ईंधन धरती के साथ ही अंतरिक्ष को भी लगातार प्रदूषित कर रहे हैं, यह बहुत ही चिंताजनक है।

लंदन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने हाल ही के अपने अध्ययन में इसका खुलासा किया है और इस पर अपनी चिंताएं जताई हैं। यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन (यूसीएल) के प्रमुख शोधकर्ता प्रोफेसर एलोइस मराइस और उनकी टीम ने यह पाया कि वर्ष 2023 में 223 तथा वर्ष 2024 में 259 रॉकेट लॉन्च किए गए और कुल मिलाकर, इनसे 153,000 टन से अधिक ईंधन जलाया गया। इसके बड़े पर्यावरणीय प्रभाव पड़े हैं। इन लॉन्च और मेगा-कॉन्स्टेलेशन सैटेलाइट्स जैसे स्टार लिंक, वनवेब तथा थाउजेंड सैल्स से सूट और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में तीन गुना बढ़ोतरी देखी गई है। ये प्रदूषक ऊपरी वायुमंडल में लंबे समय तक रहते हैं और सतही स्रोतों की तुलना में 500 गुना अधिक गर्मी फैलाने की क्षमता रखते हैं। बताया गया है कि भविष्य में अमेजन कुईपर मिशन द्वारा इस्तेमाल होने वाले ठोस ईंधन से ओजोन-ध्वंसक क्लोरीन यौगिक निकलेंगे, जो ओजोन परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

विशेषज्ञ इस बात से सहमत हैं कि इस संकट के हल के लिए तकनीकी नवाचार और सख्त नियम दोनों की जरूरत है। बहरहाल, शोध में यह भी खुलासा हुआ है कि साल 2024 में 2,539 वस्तुएं वायुमंडल में वापस आकर जल गईं, जिसके कारण 13,500 टन सामग्री वायुमंडल में घुली। इतना ही नहीं, उपग्रह पुनः प्रवेश से रासायनिक प्रदूषण हुआ है। डॉ. कोनोर बार्कर ने पाया कि उपग्रहों और रॉकेट के टुकड़ों के वायुमंडल में जलने से जारी एल्यूमिनियम और नाइट्रोजन ऑक्साइड्स की मात्रा 2020 की 3.3 बिलियन ग्राम से बढ़कर 2022 में 5.6 बिलियन ग्राम हो गई। प्रोफेसर एलोइस मराइस ने शोध-पत्र में यह दिखाया है कि रॉकेट लॉन्च और अंतरिक्ष कचरा उत्सर्जन ओजोन परत की मरम्मत, जिसे मांट्रियल प्रोटोकॉल के तहत हासिल किया गया था, को प्रभावित कर रहे हैं और वैश्विक जलवायु को भी बदल रहे हैं। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल ओजोन-क्षयकारी पदार्थों के उत्पादन और उपभोग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए 1987 में हस्ताक्षरित एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है, ताकि पृथ्वी की समतापमंडलीय ओजोन परत की रक्षा की जा सके।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



# एक सूत्र में बांधतीं मां नंदा देवी

उत्तराखंड को यदि उत्सवों, पर्वों और अनूठी सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। आजकल कुमाऊं और गढ़वाल के विभिन्न क्षेत्रों में नंदा देवी महोत्सव की धूम मची हुई है। यह महोत्सव केवल कुछ दिनों के मेले या मौज मस्ती का प्रतीक नहीं है, बल्कि यहां के जनमानस पर इस महोत्सव का सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक प्रभाव भी देखने को मिलता है। उत्तराखंड में नंदा देवी सर्वत्र पूजनीय हैं, जो पूरे राज्य को एक सूत्र में बांधती हैं। आजकल पूरा उत्तराखंड नंदामय है। पुराणों में हिमालय की पुत्री को नंदा बताया गया है, जिनका विवाह शिव से होता है। हिमालय वैदिक काल से हेमवत नाम से भी जाना जाता है। हेमवती अर्थात हिमालय की पुत्री नंदा के कई प्रसंग पुराणों में हैं, इसलिए देवी का एक नाम हेमवती भी है। देवी भागवत में नंदा को शैलपुत्री के रूप में नवदुर्गा में से एक बताया गया है, जबकि भविष्य पुराण में नंदा को सीधे तौर पर एक दुर्गा बताया गया है।



दीपक नौगाई 'अकेला'
स्वतंत्र लेखक

- कुमाऊं में एक ओर नंदा देवी अन्नपूर्णा के रूप में जानी जाती है, वहीं दूसरी ओर हिमालयवासिनी होने के नाते युद्ध की देवी के रूप में भी पूजा की जाती है। यह बताना कठिन है कि उत्तराखंड में नंदा देवी का पूजन कब से शुरू हुआ है, लेकिन कुमाऊं में नंदा की पूजा का व्यापक प्रचलन चंद शासकों के काल में हुआ। वे नंदा को अपनी कुलदेवी मानते थे। 1670 ई. में चंद राजा बहादुर चंद बधानगढ़ के किले से नंदा देवी की स्वर्ण प्रतिमा को अल्मोड़ा लाए और उसे अपने मल्ला महल परिसर में प्रतिष्ठित किया। बाद में 1815 में अंग्रेजों ने नंदा देवी की प्रतिमा को मल्ला महल से वर्तमान नंदा देवी परिसर में स्थापित किया।
- अल्मोड़ा में आज जहां नंदा देवी मंदिर है, वहां 1690 में तत्कालीन राजा उघोत चंद ने दो शिव मंदिर उघोत चंदेश्वर तथा पार्वतीश्वर बनवाए। 1699 में राजा ज्ञानचंद भी बधानकोट से एक स्वर्ण प्रतिमा अल्मोड़ा लाए। 1760 ई. में राजा दीपचंद ने पार्वतीश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार कराया और यह मंदिर दीप चंद्रेश्वर कहलाया, लेकिन आज यह दोनों मंदिर अपने पुराने उघोत चंदेश्वर तथा पार्वतीश्वर नाम से ही जाने जाते हैं।
- अंग्रेजी शासन काल में इन मंदिरों से जुड़ी एक घटना काफी लोकप्रिय है। 1815 में तत्कालीन कुमाऊं कमिश्नर ट्रेल ने मल्ला महल में स्थापित नंदा देवी की मूर्ति को वहां से हटाकर उघोत चंदेश्वर मंदिर में रखवा दिया। इसके कुछ दिनों जब कमिश्नर ट्रेल हिमालय में नंदा देवी की चोटी और एक यात्रा पर गए थे तो अचानक उनकी आंखों की रोशनी कम हो गई और उन्हें दिखाई देना बंद हो गया। कई चिकित्सकों को दिखाया पर कोई लाभ नहीं हुआ। कुछ लोगों की सलाह पर अल्मोड़ा लौटकर मां नंदा से क्षमायाचना की और मां नंदा का एक मंदिर बनवाया। उसके बाद उनकी आंखों ज्योति वापस लौट आई।
- चंद शासकों से पहले कत्यूरी शासक भी नंदा देवी को अपनी आराध्य देवी मानते थे। कत्यूरी शासकों के अधिकांश लेखों में मां नंदा देवी की स्तुति मिलती है। अल्मोड़ा में नंदा देवी की पूजा तांत्रिक विधि से की जाती है। चंद राजा तंत्र विद्या में पारंगत माने जाते थे। राजा आनंद सिंह तंत्र विद्या में विशेष ज्ञान रखते थे। उनकी मृत्यु के बाद तंत्रशास्त्र की पुस्तक 'चीनाचार' में से कुछ अंश उतार कर पूजा की जाती है। नंदा देवी को तारा शक्ति के रूप में पूजा जाता है और यह पूजा तंत्रिका विधि से की जाती है, जिसे 'आगमोक्त' विधि कहते हैं।
- नैनीताल के मल्लीताल में भी झील से लगा एक नंदा देवी का मंदिर है। पहले यह मंदिर उस स्थान पर था, जहां आज वोट हाउस क्लब है, लेकिन 1880 में आए विनाशकारी भूस्खलन से पूरा मंदिर झील में समा गया था। बाद में मोतीराम साह ने नया मंदिर बनवाया और उनके प्रयासों से ही 1903 में यहां नंदा देवी महोत्सव का प्रारंभ हुआ। उनकी मृत्यु पश्चात उनके पुत्र उदय साह ने इस कार्य को आगे बढ़ाया। 1925 तक मोतीराम साह के परिवार वाले मेले का आयोजन करते रहे। 1926 से रामसेवक सभा ने मेले के आयोजन की बागडोर अपने हाथ में ले ली।

## पंचमी से शुरू हो जाती है महोत्सव की तैयारी

नैनीताल में नंदा देवी महोत्सव की तैयारी भाद्रपद की पंचमी से प्रारंभ हो जाती है। षष्ठी के दिन निकटवर्ती गांव से एक जुलूस और मंत्रोचार के साथ ढोल नगाड़े बजाते हुए कदली (केले ) के वृक्षों को लाया जाता है। इन वृक्षों को नगर की परिक्रमा के बाद मंदिर के प्रांगण में रखा जाता है। सप्तमी के दिन मूर्ति निर्माण का कार्य प्रारंभ होता है। अष्टमी के दिन सुंदर वस्त्रों और आभूषणों से सुसज्जित मूर्ति को ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर में स्थापित किया जाता है। नवमी के दिन कन्याकुमारी का भोग लगाया जाता है। दसवीं के दिन देवी का डोला नगर भ्रमण के लिए निकाला जाता है। सूर्यास्त के बाद देवी की मूर्ति को पाषाण देवी मंदिर के समीप नैनी झील में विसर्जित कर दिया जाता है। यह महोत्सव हमें मां नंदा के प्रति अटूट आस्था, विश्वास और भक्ति से सराबोर करता है।



# साधक को श्राद्ध का भोजन नहीं करना चाहिए



अनिल सुधांशु
ज्योतिषाचार्य

पितृ पक्ष चल रहा है और हर कोई अपने पितरों के निमित्त अनेक प्रकार के पकवान बनाते हैं। श्राद्ध कर्म करने के बाद ब्राह्मणों, गरीबों या अन्य बाहरी लोगों को भोजन भी खिलाते हैं, लेकिन शास्त्रों के अनुसार श्राद्ध का भोजन हर किसी के लिए शुभ नहीं माना गया है, क्योंकि श्राद्ध का भोजन पितरों के नाम से बनाया जाता है, जो वासनामय, अर्थात रज-तम से युक्त होता है, इसलिए श्राद्ध का भोजन करना हर किसी के लिए शुभ नहीं होता। आखिर क्यों नहीं करना चाहिए श्राद्ध का भोजन।

पितृ पक्ष में केवल ऐसे भोजन को ही खाते हैं, पितृगण, अपने कुल गोत्र के परिवार में कर सकते हैं श्राद्ध का भोजन। धर्मशास्त्र में श्राद्ध का भोजन करने के विषय में कुछ नियम बताए गए हैं। अगर इन नियमों का पालन किया जाए, तो इससे होने वाले कष्टों से बचा जा सकता है अथवा उसका प्रभाव कुछ कम किया जा सकता है। श्राद्ध का भोजन किसी दूसरे के घर का नहीं ग्रहण करना चाहिए, लेकिन अपने कुल गोत्र के परिवार जनों में भोजन करने पर कोई दोष नहीं लगता। स्वाध्याय अर्थात अपने कर्मों का चिंतन करना, मनन की तुलना में चिंतन अधिक सूक्ष्म होता है। अतः चिंतन से जीव की देह पर विशिष्ट गुण का संस्कार दृढ़ होता है। सामान्य जीव रज-तमात्मक माया-संबंधी कार्यों का ही अधिक चिंतन करता है। इससे उसके सर्व ओर रज-तमात्मक तरंगों का वायुमंडल निर्मित होता है। यदि ऐसे संस्कारों के साथ हम भोजन करने श्राद्धस्थल पर जाएंगे, तो वहां के रज-तमात्मक वातावरण का अधिक प्रभाव हमारे शरीर पर होगा, जिससे हमें अधिक कष्ट हो सकता है। यदि कोई व्यक्ति साधना करता है, तो श्राद्ध का भोजन करने से उसके शरीर में सत्वगुण की मात्रा घट सकती है। इसलिए आध्यात्मिक दृष्टि से श्राद्ध का भोजन लाभदायक नहीं माना जाता।

श्राद्ध का रज-तमात्मक युक्त भोजन ग्रहण करने पर, उसकी सूक्ष्म-वायु हमारी देह में घूमती रहती है। ऐसी अवस्था में जब हम पुनः भोजन करते हैं, तब उसमें यह सूक्ष्म-वायु मिल जाती है। इससे, इस भोजन से हानि हो सकती है। इसीलिए, हिन्दू धर्म में बताया गया है कि उपरोक्त कृत्य टालकर ही श्राद्ध का भोजन करना चाहिए। कलह से मनोमयकोष में रज-तम की मात्रा बढ़ जाती है। नींद तमप्रधान होती है। इससे हमारी थकान अवश्य मिटती है, पर शरीर में तमोगुण भी बढ़ता है। इसलिए प्रयास करें कि श्राद्ध पक्ष ये तेरहवीं आदि मृतकों के निमित्त बनाए गए भोजन को करने से बचना चाहिए।



### भगवद गीता पितृ पक्ष के बारे में क्या कहती है

भगवद्गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं, 'आत्मा का न तो कभी जन्म होता है और न ही मृत्यु। आत्मा अजन्मा, शाश्वत, नित्य और आदि है। शरीर के मारे जाने पर भी वह नहीं मरती।' पितृ पक्ष के अनुष्ठान आत्मा को जीवन-मरण के दुष्चक्र से मुक्त करते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### श्राद्ध में क्या भोजन बनाना चाहिए

श्राद्ध में खीर-पूरी के साथ जौ, मटर और सरसों से बना सात्विक भोजन बनाना चाहिए, जिसमें गाय के दूध, दही और घी का प्रयोग हो। साथ ही गंगाजल, शहद और तिल जरूर शामिल करें, इस दिन प्याज, लहसुन, मूली, बैंगन, उड़द की दाल से बने पकवान और बासी भोजन नहीं बनाना चाहिए।

### क्या-क्या दान करें

यह समय पूर्वजों की आत्मा की शांति और उनकी प्रसन्नता के लिए दान-पुण्य करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दौरान वस्त्र, छतरी, काले तिल, गुड़-नमक, चावल-दूध-चांदी जैसे दान विशेष रूप से फलदायी माने जाते हैं। ऐसा करने से पितरों की कृपा बनी रहती है और जीवन में सुख, समृद्धि व खुशहाली आती है।

## श्राद्ध कर्म : पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक

पितृपक्ष के दौरान पितृ गण सूक्ष्म रूप से अपनी संतान के आस-पास उपस्थित रहते हैं। प्रत्येक वर्ष में एक बार पितृ पक्ष के पंद्रह दिन पूर्वजों की अदृश्य सत्ता से संवाद, उनका आशीष प्राप्त करने का अमोघ समय है। श्राद्ध कर्म पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है, पितृपक्ष में श्रद्धा और तर्पण से पितरों को तृप्त किया जाता है। श्राद्ध कर्म धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता और स्मरण का प्रतीक है। पितृपक्ष में श्राद्ध, दान और तर्पण द्वारा पितरों को तृप्त किया जाता है, जिससे उनका आशीर्वाद प्राप्त होकर पारिवारिक व सामाजिक जीवन में संतुलन और सद्भाव स्थापित होता है। भारतीय संस्कृति में पूर्वजों का स्मरण और उनके प्रति सम्मान एक गहन परंपरा के रूप में स्थापित है। ब्रह्म पुराण, गरुड़ पुराण आदि ग्रंथों में श्राद्ध कर्म का विशेष महत्व बताया गया है। हर शुभ कार्य के आरंभ में माता-पिता और पितरों को नमन करने की परंपरा इसलिए है, क्योंकि उनकी कृपा और आशीर्वाद के बिना कोई भी कार्य पूर्ण फलदायी नहीं होता। शास्त्रों के अनुसार देवता भी तभी प्रसन्न होते हैं जब पितरों की तृप्ति होती है। श्राद्ध का अर्थ केवल भोजन, दान या कर्मकांड तक सीमित नहीं है। पितृ गण यह भी देखते हैं कि उनके वंशज कितनी श्रद्धा और भावनाओं के साथ उन्हें स्मरण कर रहे हैं। सच्चे मन से अर्पित की गई कोई भी वस्तु उन्हें प्रिय होती है और वे तृप्त होकर आशीर्वाद प्रदान करते हैं।



डॉ. प्रीती अग्निहोत्री
प्रोफेसर
(संस्कृत विभाग)

पितृ पक्ष पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता और स्मृति का अवसर हैं। वर्ष में पंद्रह दिन पितरों के प्रति श्रद्धा-समर्पण, पिंड दान और उनके स्मरण के लिए निर्धारित हैं। लोक मान्यता है कि इन दिनों पितृ अपने-अपने वंशजों के घर सूक्ष्म रूप में उपस्थित रहते हैं और उनकी श्रद्धा से प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं, इसलिए इस समय दान-पुण्य, तर्पण और स्मरण जैसे कर्मों को प्राथमिकता दी जाती है। अघोर पंत साधना से जुड़े साधक इस दौरान पूर्वजों की मृत आत्माओं से संपर्क स्थापित करते हैं। श्राद्धपक्ष का वास्तविक उद्देश्य मनुष्य को सांसारिक मोह-माया से कुछ समय दूर करके आत्मीय भाव से पूर्वजों के प्रति समर्पित करना है। श्राद्ध कर्म हमें यह स्मरण कराता है कि पूर्वजों की मेहनत और संस्कार ही हमारी आज की पहचान का आधार हैं। पितृपक्ष में पितरों को जल आदि देने से हम पितरों को तृप्त करते हैं, सच्चे मन से पितरों को अपनी श्रद्धा अर्पण करने से पितृ गण आशीर्वाद देते हैं, जिससे व्यक्ति के जीवन में आने वाली बाधाओं का शमन होता है और पितृ कृपा से भाग्योदय, सुख-संपत्ति की प्राप्ति होती है। पितृपक्ष के पंद्रह दिन, पूर्वजों के साथ वर्तमान पीढ़ी को जोड़ने का अदृश्य सेतु है।

**सप्ताह के प्रमुख व्रत**

### महालक्ष्मी व्रत से पाएं सुख-समृद्धि और सौभाग्य

भाद्रपद माह में शुक्ल पक्ष अष्टमी के दिन से श्री महालक्ष्मी व्रत आरंभ हो जाते हैं और आश्विन माह में कृष्ण पक्ष में अष्टमी तिथि को संपन्न होते हैं। माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने और जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त करने के लिए श्री महालक्ष्मी व्रत किया जाता है। इस व्रत में मां लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा-अर्चना करने से उनकी कृपा के साथ मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस व्रत में अन्न ग्रहण नहीं किया जाता है। महालक्ष्मी व्रत का 16वें दिन उद्यापन किया जाता है।



### पूजा में 16 का विशेष महत्व

श्रीमहालक्ष्मी व्रत में 16का विशेष महत्व है। 16 बार तर्पण, 16 दीपक, 16 बोल की कहानी, 16 श्रृंगार, 16 दिन का व्रत, 16 दूर्वा, 16 डुबकी लगाने का विधान है। इस दौरान खट्टी और नमक वाली चीजों के सेवन की मनाही होती है। सुबह-शाम मां लक्ष्मी की पूजा-आराधना करें। महालक्ष्मी व्रत में व्रती के साथ परिवार के सदस्यों को भी तामसिक छोड़कर केवल सात्विक भोजन करना चाहिए।

### 14 सितंबर को व्रत का पारण

इस बार महालक्ष्मी व्रत 31 अगस्त से शुरू हुए थे और 14 सितंबर को समाप्त होंगे। महालक्ष्मी व्रत का पारण चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद अन्न ग्रहण करके किया जाता है। इस दिन पूजा स्थल की सफाई करके गणेश जी और नवग्रहों का पूजन करें, उसके बाद माता महालक्ष्मी की पूजा करके उन्हें 16 श्रृंगार की सामग्री अर्पित करें।

**अध्यात्म**

## मौनव्रत

मनुष्य के ज्ञान, स्वभाव का स्तर उसकी वाणी से पता चलता है। वाणी अपनी मिठास, तर्क, क्षमता एवं भाव संवेदना से दूसरों प्रभावित ही नहीं करती, अपितु प्रतिकूल से अनुकूल बना लेती है। कुशल वक्ता जनमानस को बदलकर और उसे अपने विचारों के अनुकूल धारा में बहा ले जाते हैं। लोक व्यवहार में सफलता-असफलता का बहुत कुछ आधार उसके भाषण संभाषण स्तर के साथ जुड़ा रहता है। इसी कारण जिव्हा को इन्द्रियों की गणना में एक नहीं दो माना गया है। वही वाकशक्ति भी और वही स्वादेन्द्रिय रसना भी है। इसका शासन संपूर्ण व्यक्तित्व एवं संपर्क परिकर पर छाया रहता है। अध्यात्म क्षेत्र में वाक्सिद्धि का प्रयोजन मौन व्रत का अभ्यास करने से बन पड़ता है। निरंतर बोलते रहने से वाणी का प्रभाव क्षमता क्षीण होती है। अतएव विद्वतजन निरर्थक नहीं बोलते। सोच समझकर सीमित और अर्थपूर्ण शब्द कहते हैं, उनका थोड़ा सा भी बोलना घंटों बकवास करने की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभावशाली होता है। मौन के विश्राम काल में इतना अवसर मिल जाता है कि पिछली गंदी आदतों को सुधारा- विचारा जा सके। मौनव्रत के द्वारा भावी कार्यकाल को सुगम बनाया जा सकता है। मौनकाल में विचारों की शक्ति सीमाबद्ध होती है। इसे इधर-उधर बिखेरने की अपेक्षा यदि वाक्शक्ति पर धार धरने में लगाया जा सके तो वह तीखी तलवार से भी अधिक सशक्त बनती है। मौन की पृष्ठभूमि में जप साधन ठीक प्रकार बन पड़ता है। ध्यान के लिए मौन व्रत अनिवार्य है। किसी दशा विशेष में प्राणशक्ति को नियोजित करने का अभ्यास करना हो तो उसका प्रथम चरण मौनव्रत ही हो सकता है। बांध खोलने पर जल का प्रचंड प्रवाह उछाल मारता है, यदि उसे सामान्य गति से बहने दिया जाए तो जल धारा सामान्य स्तर की ही बनकर रह जाती है। यही बात जिह्वा के संबंध में भी है। शक्ति संस्थानों में विचार के उपरांत वाणी का स्थान होता है। विचार सूक्ष्म हैं, वाणी स्थूल विचारों की परिधि को बेधकर किसी का भी अंतरंग पढ़ना कठिन है। मौन व्रत से उपासना की शक्ति भी कई गुना बढ़ जाती है और उस आधार पर निग्रहीत की गई जिह्वा जो कुछ कहती है, वह शुभ सत्य होकर रहता है। जिह्वा के कार्य क्षेत्र, लौकिक भी हैं और पारलौकिक भी। लोक व्यवहार में यह सबसे बड़ी क्षमता है। अध्यात्म में सत्संग विचार-विनिमय जिह्वा से ही संपन्न होते हैं। इन्हें मनन-चिंतन का प्रतीक स्वीकारना चाहिए। वाणी की सिद्धि प्राप्त करने के लिए मौन व्रत का ही अवलंबन लेना चाहिए। यदि किसी के लिए लंबी अवधि तक मौनव्रत न बन सके तो सप्ताह में एक दिन या दिन में दो-तीन घंटे की मौनव्रत रखना जीवन के लिए बहुत उपयोगी है।



रमन त्रिपाठी
लेखिका

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,787.30 | 24,773.15 |
| बढ़त | 76.54 | 32.15 |
| प्रतिशत में | 0.09 | 0.13 |

सोना- 1,10,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी- 1,25,700 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, मंगलवार, 9 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2615, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2210, रविन्द्रा 2650, फॉर्चुन 13 किग्रा 1940, जय जवान 1960, सचिन 2040, सूरज 1960, अवसर 1865, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1880, क्लासिक (किग्रा) 2095, मोर 2150, चक्र टिन 2360, ब्लू 2110, आशीर्वाद मस्टर्ड 2460, स्वास्तिक 2555

**किराना (प्रतिकु.) :** हल्दी निजामाबाद 14500, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000-17000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि0) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 400-600, मखाना 900-1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800-13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7550-8900, मलका छोटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 9500-11200, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 10300, उड़द धोवा इंदौर 13000, उड़द धोवा 10000-11000, चना काला 6950, दाल चना 7500, दाल चना मोटी 7850, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7000, डबरा 7200-9200, सच्चा हीरा 9200, मोटा हीरा 11200, अरहर गोला मोटा 8500, अरहर पटका मोटा 8900, अरहर कोरा मोटा 9400, अरहर पटका छोटा 9800-10300, अरहर कोरी छोटी 10300

**चीनी :** डालमियां 4420, पीलीभीत 4340, सितारगंज 4300, धामपुर 4420

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5100, मसूरी- 4000, बासमती- 9100, परमल- 3000

**दाल दलहन :** काला चना- 7200, साबुत चना दाल- 7000, मूंग साबुत- 9200, राजमा- 12200-14200, दाल उड़द- 9200, साबुत मसूर दाल- 7200, मसूर दाल- 7000, उड़द साबुत- 8400, काबुली चना- 10000, अरहर दाल- 11100, लोबिया/करमानी- 9400

# एमएसएमई के हित के लिए भारत प्रतिबद्ध


## प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए बेहद संवेदनशीलता के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाना चाहता है भारत

- **अमेरिकी शुल्क से निर्यातकों के सामने नई चुनौती खड़ी**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत किसी भी द्विपक्षीय व्यापार समझौते को 'समान, न्यायसंगत और संतुलित' बनाना चाहता है क्योंकि सरकार किसानों और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह बात कही। यह बयान ऐसे समय आया है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने भारतीय उत्पादों पर 50% का भारी शुल्क लगा दिया है। इससे अमेरिकी बाजार में माल भेजने वाले निर्यातकों के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत अपनी प्राथमिकताओं खासकर किसानों, मछुआरों, एमएसएमई क्षेत्र और डेयरी को ध्यान में रखते हुए बेहद संवेदनशीलता के साथ काम करता है। इन सभी बिंदुओं को देखते हुए भारत वैश्विक स्तर पर द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाना चाहता है। लेकिन इसमें परस्परता होनी चाहिए और यह समान, न्यायसंगत और संतुलित होना चाहिए। भारत इस समय यूरोपीय संघ समेत कई देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। भारत की द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर अमेरिका के साथ भी बात चल रही है। हालांकि, शुल्क मुद्दों पर जुड़े तनाव के बीच इस समझौते पर बातचीत फिलहाल रुक गई है। अमेरिकी दल को छठे दौर की वार्ता के लिए 25 अगस्त को भारत आना था, लेकिन शुल्क संबंधी घोषणाओं के बीच उसने इस यात्रा को टाल दिया। अभी नई तारीख की घोषणा भी नहीं की गई है। भारत कृषि एवं डेयरी क्षेत्र को खोलने की अमेरिकी मांग को स्वीकार करने को तैयार नहीं है।




### निर्यातकों के लिए व्यापक पैकेज पर काम जारी

अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और अमेरिका के बीच वस्तु व्यापार 131.8 अरब डॉलर का रहा। इसमें भारत का निर्यात 86.5 अरब डॉलर और आयात 45.3 अरब डॉलर था। इस बीच, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार अमेरिकी शुल्क से प्रभावित भारतीय निर्यातकों के लिए एक व्यापक पैकेज पर काम कर रही है और इसका आकलन करने के लिये बहु-विभागीय स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

### भारत-यूरोपीय संघ में एफटीए पर वार्ता शुरू

भारत और यूरोपीय संघ ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर सोमवार को अगले दौर की वार्ता शुरू की। एफटीए के इस साल के अंत तक पूरा करने की समयसीमा को देखते हुए 13वें दौर की वार्ता काफी अहम मानी जा रही है। बातचीत का 12वां दौर ब्रसेल्स में हुआ था। एक अधिकारी ने कहा कि इस दौर की वार्ता पूरी होने के बाद यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मैरोस सेफ्कोविच 12 सितंबर को भारत आएंगे और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बातचीत में प्रगति की समीक्षा करेंगे। भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ ने जून, 2022 में व्यापक एफटीए, निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतक (जीआई) पर बातचीत आठ साल के अंतराल के बाद दोबारा शुरू की थी। एफटीए पर वार्ता 2013 में बाजार खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण रुक गई थी। प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इस साल 28 फरवरी को इस बात पर सहमति जताई थी कि वर्ष 2025 के अंत तक व्यापार समझौता पूरा कर लिया जाएगा।

### भारत-इजराइल ने निवेश संधि पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और इजराइल ने द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच निवेश को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया, भारत और इजराइल सरकार ने आज नयी दिल्ली में द्विपक्षीय निवेश समझौते बीआईटी पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनके इजराइली समकक्ष बेजेल स्मोट्रिच ने हस्ताक्षर किए। स्मोट्रिच 8-10 सितंबर के बीच तीन दिन की भारत यात्रा पर आए हैं। वह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल से भी मुलाकात करेंगे। उनकी भारत यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय बैठकों के माध्यम से भारत के साथ इजराइल के आर्थिक और वित्तीय संबंधों को मजबूत करना और द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) सहित कुछ प्रमुख समझौतों के लिए साझा आधार तैयार करना है।

# कटौती का लाभ लोगों तक पहुंचना चाहिए : गोयल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **केंद्रीय मंत्री ने कहा- घरेलू उत्पादों की मांग बढ़ेगी व अर्थव्यवस्था मजबूत होगी**

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को उद्योग जगत से जीएसटी दरों में कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से घरेलू उत्पादों की मांग बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था की नींव मजबूत होगी।

गोयल ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती और सरलीकरण से घरेलू मांग बढ़ेगी, छोटे और बड़े उद्यमों को ज्यादा अवसर मिलेंगे, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, आय बढ़ेगी, जिससे खर्च बढ़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि इससे देश को आगे ले जाने के लिए वृद्धि का एक अच्छा चक्र बनेगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने यहां ईईपीसी इंडिया के एक कार्यक्रम में कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभरने से नहीं रोक पाएगी।

उन्होंने समतामूलक आर्थिक लाभ के महत्व पर जोर दिया और कहा कि जीएसटी की दरों में कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाना चाहिए। जब भारत एक संयुक्त परिवार की तरह काम करेगा और सभी क्षेत्रों में एक-दूसरे का समर्थन करेगा, तो स्वाभाविक रूप से समावेशी विकास होगा।

### देश समावेशी विकास से बनेगा आदर्श

गोयल ने भरोसा जताया कि देश टिकाऊ और समावेशी विकास के लिए दुनिया भर में आदर्श बन सकता है। जीएसटी दरों में कटौती और सरलीकरण के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घरेलू मांग को बढ़ावा दिया है। गोयल ने कहा कि जब आर्थिक प्रणाली के मजबूत आधार पर बुनियादी ढांचे का खर्च बढ़ेगा और उपभोक्ता मांग में तेजी आएगी, तो दुनिया की कोई भी ताकत भारत को विश्व शक्ति बनने से नहीं रोक सकती।

# लेक्सस ने 20.8 लाख तक घटाए दाम, निसान ने भी की कटौती

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लक्जरी वाहन विनिर्माता लेक्सस इंडिया और वाहन कंपनी निसान मोटर इंडिया ने वाहनों पर जीएसटी दरों में की कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए सोमवार को गाड़ियों के दाम घटाने की घोषणा की। दोनों कंपनियों ने अलग-अलग कहा कि संशोधित कीमतें 22 सितंबर यानी नवरात्रि के पहले दिन से प्रभावी हो जाएंगी।

लेक्सस इंडिया ने कहा कि उसने अपनी पूरी उत्पाद श्रृंखला की कीमतों में 20.8 लाख रुपये तक की कमी की है। कंपनी के छह मॉडल में से सेडान ईएस 300एच की कीमतों में 1.47 लाख और अग्रणी एसयूवी एलएक्स 500डी के दाम में अधिकतम 20.8 लाख तक की कमी होगी। वहीं, निसान मोटर इंडिया ने कॉम्पैक्ट एसयूवी मैग्नाइट की कीमतों में 52,400 से लेकर एक लाख रुपये तक की कटौती की है। दरों में बदलाव के बाद नई निसान मैग्नाइट की शुरुआती कीमत अब छह लाख रुपये से नीचे आ गई है।

### ऑडी इंडिया ने कीमत 7.8 लाख रुपये तक किए कम

जर्मनी की लग्जरी कार विनिर्माता ऑडी ने भारत में अपने विभिन्न मॉडलों की कीमतों में 2.6 लाख से लेकर 7.8 लाख रुपये तक कटौती की। नई कीमतों के तहत एसयूवी क्यू3 की कीमत 43.07 लाख से शुरू होगी, जो पहले 46.14 लाख थी। शीर्ष एसयूवी क्यू8 की शुरुआती कीमत 1.18 करोड़ से घटकर 1.1 करोड़ रुपये हो जाएगी।

# देश की बेरोजगारी दर जी-20 देशों में सबसे कम : मांडविया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के अनुसार भारत की बेरोजगारी दर दो प्रतिशत है, जो जी-20 देशों में सबसे कम है।

मंत्री ने कहा कि भारत की तेज आर्थिक वृद्धि के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार सृजन हुआ है और प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना (पीएम- वीबीआरवाई) सहित कई योजनाओं ने इसमें योगदान दिया है। वह मंत्रालय और डिजिटल मंच 'मेंटर टुगेदर' तथा ऑनलाइन साइट 'क्विकर' के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के मौके पर एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इस एमओयू का मकसद राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर रोजगार के अवसरों के साथ ही युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाना है।

# नकद व एसएलबीएम खंड के लिए निपटान तिथियों में संशोधन : सेबी

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- **बाजार नियामक बोर्ड के अनुसार चार-पांच सितंबर को हुए सौदों का निपटान नौ सितंबर को होगा**

बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को कहा कि पांच सितंबर और आठ सितंबर को समाशोधन निगम के निपटान अवकाश घोषित करने के बाद नकद, वायदा-विकल्प और प्रतिभूति ऋण और उधार तंत्र (एसएलबीएम) खंडों के लिए निपटान चक्र को संशोधित किया गया है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि यह निर्णय शेयर बाजारों और समाशोधन निगम से परामर्श के बाद लिया गया। वायदा-विकल्प खंड के लिए तीन कारोबारी दिन- यानी चार सितंबर(गुरुवार), पांच सितंबर (शुक्रवार) और आठ सितंबर (सोमवार) को निपटान नौ सितंबर (मंगलवार) को किया जाएगा। नकद और एसएलबीएम खंड के लिए चार और पांच सितंबर को किए गए सौदों का निपटान भी नौ सितंबर को किया जाएगा। दूसरी ओर आठ और नौ सितंबर के सौदों का निपटान 10 सितंबर को किया जाएगा।

## राष्ट्रीय

# जमानत के लिए पहले सत्र अदालत जाएं या नहीं

## उच्चतम न्यायालय करेगा पड़ताल, बोला- केरल उच्च न्यायालय में अर्जियों पर सीधे किया जा रहा विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह इस बात की पड़ताल करेगा कि अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय जाने का विकल्प 'पक्षकार चुनेगा' या वादियों के लिए पहले सत्र न्यायालय जाना अनिवार्य होगा।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने केरल उच्च न्यायालय की उस 'परिपाटी' का संज्ञान लिया, जिसमें वादी द्वारा सत्र अदालत का रुख किए बिना ही अग्रिम जमानत की अर्जियों पर सीधे विचार किया जाता है। पीठ ने सवाल किया, एक मुद्दा जो हमें परेशान कर रहा है, यह है कि केरल उच्च न्यायालय में यह एक परिपाटी बन गई नजर आ रही है कि उच्च न्यायालय वादी के सत्र अदालत का रुख किये बिना ही अग्रिम जमानत की अर्जियों पर सीधे विचार कर लेता है। ऐसा क्यों है? शीर्ष अदालत ने कहा कि पूर्ववर्ती दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 में इस संबंध में एक प्रक्रिया का उल्लेख है। बीएनएसएस की धारा 482 गिरफ्तारी की आशंका वाले व्यक्ति को जमानत देने के निर्देश से संबंधित है।

पीठ ने कहा, ऐसा किसी अन्य राज्य में नहीं होता। केवल केरल उच्च न्यायालय में ही हमने देखा है कि नियमित रूप से (अग्रिम जमानत के लिए) अर्जियों पर सीधे विचार किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी दो व्यक्तियों द्वारा केरल उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान की, जिसमें उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। पीठ ने मामले में कहा कि याचिकाकर्ताओं ने सत्र अदालत में गए बिना ही राहत के लिए सीधे उच्च न्यायालय का रुख किया।

### अनुचित तरीकों पर न्यायालय ने आरोपी से कहा- आप परीक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर रहे हैं

उच्चतम न्यायालय ने एक आरोपी को फटकार लगाते हुए कहा कि वह पूरी सार्वजनिक परीक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर रहा है। व्यक्ति पर आरोप है कि उसने दिसंबर 2024 में उत्तर प्रदेश में आयोजित केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) में अपने स्थान पर किसी और व्यक्ति को बैठाया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि मुन्ना भाई अंदर रहना चाहिए। पीठ का इशारा परोक्ष तौर पर बॉलीवुड फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस की ओर ओर था। पीठ ने कहा, आप सार्वजनिक परीक्षाओं की प्रणाली को नष्ट कर रहे हैं। ऐसे लोगों के कारण कई अभ्यर्थी नुकसान उठाते हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल हुआ था और उनमें से दो को जमानत मिल गई है। कथित पेपर सॉल्वर को भी जमानत मिल गई है, जो याचिकाकर्ता की जगह परीक्षा में बैठा था। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया और याचिकाकर्ता को जमानत नहीं देने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा।

### एएमयू कुलपति के रूप में नईमा खातून की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

उच्चतम न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के कुलपति पद पर प्रोफेसर नईमा खातून की नियुक्ति में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और विजय बिश्नोई की पीठ ने खातून की नियुक्ति को बरकरार रखने वाले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ प्रोफेसर मुजफ्फर उरुज रब्बानी और फैजान मुस्तफा द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया। खातून एएमयू की पहली महिला कुलपति हैं।

# हजारिका के गीतों में सामाजिक न्याय व गहरी आत्मीयता की गूंज रही : मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **प्रधानमंत्री ने असम में जन्में और भारत रत्न हजारिका पर लिखा अपना लेख किया साझा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संगीत के जादूगर भूपेन हजारिका की 99वीं जयंती पर सोमवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनके गीतों में हमेशा करुणा, सामाजिक न्याय, एकता और गहरी आत्मीयता की गूंज रही। प्रधानमंत्री मोदी ने असम में जन्में और भारत रत्न हजारिका पर लिखा अपना एक लेख साझा किया।

उन्होंने बताया कि यह वर्ष उनके जन्म शताब्दी समारोह की शुरुआत का प्रतीक है। यह भारतीय कलात्मक अभिव्यक्ति और जन चेतना में उनके अमूल्य योगदान पर पुनर्विचार करने का अवसर है। लेख में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति और संगीत से लगाव रखने वालों के लिए आज आठ सितंबर का दिन बहुत खास है। आज भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म जयंती है। भूपेन दा ने हमें संगीत से कहीं अधिक दिया। उनके संगीत में ऐसी भावनाएं थीं जो धुन से भी आगे जाती थीं। वह केवल एक गायक नहीं थे, वह लोगों की धड़कन थे। कई पीढ़ियां उनके गीत सुनते हुए बड़ी हुईं।

भूपेन दा के रूप में असम से एक ऐसी आवाज़ निकली जो किसी कालजयी नदी की तरह बहती रही। भूपेन दा सशरीर हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी आवाज आज भी हमारे बीच है और वो आवाज आज भी सीमाओं और संस्कृतियों से परे है। उसमें मानवता का स्पर्श है।

### सशस्त्र बलों के सम्मेलन का पीएम करेंगे उद्घाटन

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री 15 सितंबर को कोलकाता में सशस्त्र बलों के तीन-दिवसीय संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। रक्षा अधिकारी ने बताया कि 15 से 17 सितंबर तक होने वाले सम्मेलन में सुधार, परिवर्तन और अभियानगत तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सम्मेलन का विषय सुधारों का वर्ष - भविष्य के लिए परिवर्तन है। सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह सहित अन्य शामिल होंगे।

# ग्रेट निकोबार परियोजना राष्ट्रीय मूल्यों से विश्वासघात : सोनिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख ने कहा- परियोजना के खिलाफ आवाज उठाई जानी चाहिए**

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सोमवार को कहा कि ग्रेट निकोबार परियोजना सुनियोजित दुस्साहस, न्याय का उपहास और राष्ट्रीय मूल्यों से विश्वासघात है, जिसके खिलाफ आवाज उठाई जानी चाहिए। सोनिया गांधी ने लिखे लेख में कहा कि जब कुछ जनजातियों का अस्तित्व दांव पर हो, तो देश की सामूहिक अंतरात्मा चुप नहीं रह सकती और विशिष्ट पारिस्थितिकी तंत्र का इतने बड़े पैमाने पर विनाश नहीं होने दिया जा सकता।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह लेख सोशल मीडिया पर साझा किया और इस परियोजना को लेकर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने कहा कि इस लेख के जरिये सोनिया गांधी ने इस परियोजना के माध्यम से निकोबार के लोगों तथा वहां की पारिस्थितिकी तंत्र के साथ किए जा रहे अन्याय को उजागर किया है। सोनिया गांधी ने लेख में कहा, 11 वर्षों में अधूरी और गलत नीतियां बनाई गई। इस दुस्साहस की श्रृंखला में नवीनतम है ग्रेट निकोबार मेगा-इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना।

# रेत माफिया पर शिकंजा कसने को प. बंगाल में ईडी ने की छापे मारे

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेत माफिया गिरोह में शामिल लोगों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सोमवार को कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल में 20 ठिकानों पर समन्वित छापेमारी की।

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बेहला, रीजेंट पार्क, विधाननगर और कल्याणी सहित कई इलाकों में छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों के साथ केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवान हैं। बंगाल के झाड़ग्राम जिले में रेत माफिया शेख जहीरुल के गोपीबल्लवपुर में सुवर्णरेखा नदी के पास आलीशान आवास पर छापेमारी हुई है। उस पर अवैध खनन का आरोप है। उसके ठिकाने से भारी मात्रा में नकदी जब्त की गई है। कई रेत खदानों का मालिक जहीरुल पहले ग्राम साइकिल मिस्त्री रह चुका है।

# राहुल गांधी एक गंभीर नेता नहीं : प्रसाद

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **विदेश दौरे को लेकर भाजपा नेता ने कांग्रेस पर साधा निशाना**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को राहुल गांधी की कथित विदेश यात्रा को लेकर कहा कि वह गंभीर राजनेता नहीं हैं और अच्छा होता यदि कांग्रेस नेता इसके बजाय बाढ़ प्रभावित कर्नाटक और पंजाब का दौरा करते, जहां किसान संकट में हैं।

भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने गांधी को यह भी याद दिलाया कि सार्वजनिक जीवन में कोई विराम नहीं होता। प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी को उनकी छुट्टियों के लिए शुभकामनाएं। जब कोई नेता गंभीर नहीं होता है, तो यह बात तो स्वाभाविक ही है- अब बहुत काम कर लिया है। अब थोड़ा आराम कर लूं। मैं राहुल गांधी को याद दिला दूं कि सार्वजनिक जीवन में कोई ब्रेक नहीं होता। उन्होंने कहा कि यदि आप नेता हैं तो आपको लोगों के हितों के लिए उपलब्ध रहना होगा। प्रसाद ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भी आलोचना की, जिन्होंने कथित तौर पर एक किसान को डांटा था, क्योंकि किसान ने उन्हें बताया था कि कांग्रेस शासित कर्नाटक के कलबुर्गी में भारी बारिश के कारण उसके चार एकड़ खेत में फसल नष्ट हो गई। खरगे ने अपने पारंपरिक राजनीतिक क्षेत्र के किसान से कहा कि उन्हें स्वयं अपने 40 एकड़ के खेत में नुकसान हुआ है। प्रसाद ने कहा कि यह कैसा अहंकार है? उन्होंने कहा कि किसान अपना दर्द साझा करने के लिए उनसे मिलने गया था।

### राहुल गायब होने की कला में निपुणता हासिल करने में व्यस्त

भाजपा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने दावा किया था कि गांधी मलेशिया के लैंगकावी में गोपनीय तौर पर छुट्टी पर गए हैं। उन्होंने कहा कि लगता है बिहार की राजनीति की गर्मी और धूल कांग्रेस युवराज के लिए बहुत ज्यादा हो गई, इसलिए उन्हें छुट्टी पर जाना पड़ा। या फिर यह उन गुप्त बैठकों में से एक है, जिनके बारे में किसी को पता नहीं चलना चाहिए? उन्होंने कहा कि वैसे भी, जब लोग वास्तविक मुद्दों से जूझ रहे हैं, राहुल गांधी गायब होने और छुट्टियां मनाने की कला में निपुणता हासिल करने में व्यस्त हैं।

# ऑपरेशन राहत: बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में पुनर्वास प्रयासों में जुटी सेना

**चंडीगढ़, एजेंसी**

भारतीय सेना की पश्चिमी कमान ऑपरेशन राहत के तहत पंजाब, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) मिशन चला रही है। इन राज्यों में प्रकृति के प्रकोप से कई लोगों की मौत हुई है और भारी तबाही मची है।

15 दिन के दौरान 17 इंजीनियर कार्यबलों समेत सेना की 59 टुकड़ियों को तैनात करके 82 एचएडीआर मिशन चलाए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 6,000 से अधिक लोगों को बचाया गया है। इन टुकड़ियों में अर्धसैनिक बलों के 300 जवान हैं। 13,000 से अधिक लोगों को चिकित्सा सहायता मिली है। सोमवार को एचएडीआर ऑपरेशन के बारे में कहा गया कि दवाइयां, पानी और 48 टन राशन समेत आवश्यक सामग्री हवाई व जमीनी रास्ते से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचाई गई है। मिशन में तीन उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर, छह एमआई 17, छह चीता हेलीकॉप्टर और चिनूक हेलीकॉप्टर शामिल हैं।

### यमुना का जल खतरे के निशान से नीचे

**नई दिल्ली।** पुराने रेलवे पुल पर यमुना का जलस्तर सोमवार सुबह सात बजे खतरे के निशान से नीचे 205.22 मीटर पर आ गया वहीं एक दिन पहले रविवार को यह 205.33 मीटर था। जलस्तर पिछले बृहस्पतिवार को 207.48 मीटर तक पहुंच गया था, जो इस मौसम का सबसे उच्चतम स्तर था। इसके बाद से गिरावट दर्ज की जा रही है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### गुयाना : इरफान अली बने दूसरी बार राष्ट्रपति

**मेक्सिको सिटी।** गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली ने पिछले सप्ताह हुए चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद रविवार को दूसरी बार पद की शपथ ली। चुनाव आयोग ने अली की जीत की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने भारी बहुमत से चुनाव जीता है और उनकी पीपुल्स प्रोग्रेसिव पार्टी ने संसद की 65 में से 36 सीट पर जीत हासिल की है। उनकी यह जीत ऐसे वक्त में हुई है जब यह दक्षिण अमेरिकी देश अपतटीय तेल और गैस उत्पादन से अप्रत्याशित लाभ कमा रहा है। ब्राजील, वेनेजुएला और सूरीनाम के बीच स्थित गुयाना ने एक दशक पहले अपतटीय क्षेत्र में खोजे गए विशाल तेल भंडारों और खनिज संपदा के कारण अधिकाधिक ध्यान आकर्षित किया है।

### तुर्की: पुलिस पर हमला दो अफसरों की मौत

**इस्तांबुल।** तुर्की के पश्चिमी बंदरगाह शहर इजमिर में एक पुलिस स्टेशन पर सोमवार को हुए हमले में दो पुलिस अधिकारी मारे गए और एक नागरिक सहित कम से कम तीन अन्य घायल हो गए। इजमिर के मेयर सेमिल तुगे ने एक्स पर कहा कि यह विश्वासघाती हमला बाल्कोवा जिले के सालिह इसगोरेन पुलिस स्टेशन पर हुआ। लोक अभियोजक अली येलदान ने बताया कि हमलावर एक 16 वर्षीय किशोर है और उसे हिरासत में लिया गया है। यह हमला एक नकाबपोश बंदूकधारी ने किया था, जिसके पास पंप-एक्शन शॉटगन थी।

### फ्रांस: पीएम फ्रांस्वा हार सकते हैं विश्वास मत

**पेरिस।** फ्रांस के प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू को मंगलवार को नेशनल असेंबली में अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ेगा जिसमें उनके हारने की संभावना है। बायरू को बर्खास्त किए जाने पर राष्ट्रपति मैक्रों दो साल में ही पांचवें प्रधानमंत्री की तलाश करनी पड़ेगी। बायरू का भाग्य पिछले महीने के अंत में विश्वास मत की अपनी योजना का खुलासा करने के बाद तय हो गया था, जब धुर वामपंथी फ्रांस अनबोड, धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली और मध्य-वामपंथी सोशलिस्ट पार्टी के नेताओं ने घोषणा की कि वे सरकार गिराने के लिए मतदान करेंगे।

### खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आठ आतंकवादी ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आईईडी विशेषज्ञ और विस्फोटक विशेषज्ञ सहित आठ आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सेना और स्थानीय पुलिस के एक संयुक्त अभियान में, रविवार को अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खारसीन, डोगा मचाह और दत्ता खेल इलाकों में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया गया।

## नेपाल का आग्रह, भारत-चीन रद्द करें लिपुलेख व्यापार समझौता

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल की सत्तारूढ़ सीपीएन-यूएमएल ने लिपुलेख दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने के लिए भारत और चीन के बीच हुए समझौते पर आपत्ति जताई है और दोनों देशों से इस व्यवस्था से हटने का आग्रह किया है।

भारत और चीन पिछले महीने लिपुलेख दर्रे और दो अन्य व्यापारिक बिंदुओं के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने पर सहमत हुए थे। नेपाल लिपुलेख को अपना क्षेत्र बताता है, जिसे भारत ने स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है और कहा है कि यह न तो उचित है और न ही ऐतिहासिक तथ्यों और साक्ष्यों पर आधारित है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि

- सत्तारूढ़ सीपीएन-यूएमएल ने लिपुलेख को बताया अपना क्षेत्र

पार्टी ने नेपाल सरकार से उच्च स्तरीय कूटनीतिक पहल के माध्यम से इस मुद्दे को सुलझाने का आग्रह किया है और कालापानी, लिम्पियाधुरा और लिपुलेख सहित काली नदी के पूर्व के क्षेत्र पर नेपाल के अधिकार होने की बात फिर दोहराई है। इसे ललितपुर जिले के गोदावरी नगर पालिका में 5-7 सितंबर को आयोजित प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाले सीपीएन-यूएमएल के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में पारित 28 सूत्री समकालीन प्रस्ताव में शामिल किया गया था। उन्होंने कहा कि पार्टी ने दोनों देशों से लिपुलेख व्यापार समझौते को वापस लेने का आग्रह किया।

## जटिल प्रक्रिया के जरिए होता है उपराष्ट्रपति चुनाव




देश मंगलवार को अपना 15वां उपराष्ट्रपति चुनने जा रहा है। 14वें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ स्वास्थ्य कारणों का जिक्र करते हुए 21 जुलाई की रात अचानक इस्तीफा दे दिया था जिसकी वजह से यह पद रिक्त हो गया था। चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन हैं जो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पृष्ठभूमि से हैं, जबकि विपक्षी गठबंधन इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है और दोनों उम्मीदवारों के बीच इस चुनाव में आमने-सामने का मुकाबला होना है। दिलचस्प यह है कि दोनों उम्मीदवार दक्षिण से हैं, इसलिए इस मुकाबले को दक्षिण बनाम दक्षिण भी कहा जा रहा है। लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत की वजह से मोटे तौर पर सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए का इस चुनाव में साफ तौर पर पलड़ा भारी दिखाई दे रहा है।

### किसको मताधिकार, कितने मत

- उपराष्ट्रपति पद का चुनाव संसद के दोनों सदन लोकसभा और राज्यसभा के निर्वाचित और मनोनीत सदस्यों को मताधिकार होता है।
- लोकसभा में 543 निर्वाचित और 2 मनोनीत सदस्य हैं, राज्यसभा में 233 निर्वाचित और 12 मनोनीत सदस्य हैं जो मतदान करेंगे।
- इस तरह उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल मिलाकर 788 सांसदों पर मतदाधिकार है, जिनमें 545 लोकसभा, 243 राज्यसभा के सदस्य हैं।

### बहुमत @ 395

चुनाव जीतने के लिए उम्मीदवार को वैध मतों में से 50% से अधिक मतों की जरूरत होगी। यानी अगर शत प्रतिशत मतदान होता है तो बहुमत 395 वोट होगा। अगर कुछ वोट अमान्य हों तो बहुमत की संख्या कुल वैध मतों पर निर्भर करेगी।

### चुनाव की प्रक्रिया

- उपराष्ट्रपति पद के चुनाव का संचालन भारत निर्वाचन आयोग करता है और इस चुनाव में गुप्त मतदान कराया जाता है।
- देश के दूसरे शीर्ष पद के चुनाव में अनुपातिक प्रतिनिधित्व और एकल हस्तांतरणीय मत प्रणाली इस्तेमाल होती है।
- लोकसभा और राज्यसभा के सांसद पहले, दूसरे, तीसरे विकल्प के रूप में सभी उम्मीदवारों को वोट देते हैं।
- सबसे कम मत पाने वाले प्रत्याशी को बाहर कर दिया जाता है, उसके वोट दूसरे विकल्प को ट्रांसफर हो जाते हैं।

### संख्या बल : भाजपा नीत एनडीए

- राज्यसभा की स्थिति के अनुसार अनुमानित तौर पर एनडीए के पास कुल मिलाकर 443 सांसदों का संख्या बल है।
- इनमें 293 सदस्य भारतीय जनता पार्टी के हैं जिनमें से लोकसभा के 240 और राज्यसभा के 53 सदस्य शामिल हैं।
- सहयोगी दल जेडीयू, टीडीपी, एलजेपी, शिवसेना शिंदे गुट और एआईएडीएमके आदि के 150 संसद सदस्य हैं।

### चुनाव में इंडिया गठबंधन की ताकत

- विपक्षी इंडिया के पास उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 332 सांसदों का संख्याबल है यानी एनडीए से 109 वोट कम।
- इनमें कांग्रेस के पास लोकसभा में 99 और राज्यसभा में 31 सांसद हैं, इस तरह कुल सदस्यों की संख्या 130 है।
- कांग्रेस के सहयोगी दल टीएमसी, डीएमके, सपा, राजद, सीपीआईएम और आप के पास 234 संसद सदस्य हैं।

### ईवीएम का इस्तेमाल नहीं

- ईवीएम इसलिए इस्तेमाल नहीं होती क्योंकि मतदान गुप्त होता है, साथ ही प्राथमिकता क्रम दर्ज करना होता है।
- ईवीएम इस तरह के प्राथमिकता वोटिंग सिस्टम को सपोर्ट नहीं करती। इसी कारण बैलेट पेपर से चुनाव होता है।
- ईवीएम को लोकसभा और विधानसभा जैसे प्रत्यक्ष चुनावों के लिए ही डिजाइन किया गया है।

# जेलेंस्की ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ लगाने का किया समर्थन

## मोदी ने हाल ही में की थी रूस-यूक्रेन युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान की पैरवी

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भारत का नाम लिए बिना कहा है कि रूस के साथ सौदा करने वाले देशों पर टैरिफ लगाना सही विचार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के 'दृढ़ और एक समान रुख' और शीघ्र शांति बहाली के प्रयासों के प्रति समर्थन को दोहराया था।

जेलेंस्की ने रविवार को एबीसी न्यूज के 'दिस वीक' कार्यक्रम में प्रसारित एक साक्षात्कार में कहा, मुझे लगता है कि उन देशों पर टैरिफ लगाना बिल्कुल ठीक है जो रूस के साथ सौदे करना जारी रखे हुए हैं, मुझे लगता है कि यह सही विचार है। जेलेंस्की से पूछा गया था कि क्या उन्हें लगता है कि तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की तस्वीरें देखकर प्रतिबंध लगाने की उनकी योजना उल्टी पड़ गई।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिया है, जिसमें रूसी कच्चे तेल की भारत द्वारा खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है।


रूस के ड्रोन हमले में क्षतिग्रस्त हुई कैबिनेट की इमारत का जायजा लेने पहुंचे जेलेंस्की।

### अमेरिकी वित्त मंत्री ने कहा- रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर द्वितीयक प्रतिबंध लगाने को तैयार

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेंसेंट का कहना है कि यदि वाशिंगटन और यूरोपीय संघ रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों पर द्वितीयक प्रतिबंध लगाते हैं तो इससे रूसी अर्थव्यवस्था पूरी तरह चरमरा सकती है। बेंसेंट ने



एनबीसी न्यूज को रविवार को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन के साथ सार्थक बातचीत की थी। इस दौरान अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा रूस पर और दबाव बनाने के संभावित उपायों पर चर्चा हुई। ट्रंप प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर पहले से लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क के अतिरिक्त 25 प्रतिशत का और शुल्क लगा दिया है। इस प्रकार नई दिल्ली पर कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है, जो 27 अगस्त से प्रभावी हुआ है। वित्त मंत्री ने कहा कि अमेरिका रूस पर दबाव बढ़ाने को तैयार है, लेकिन इसके लिए हमें अपने यूरोपीय साझेदारों का समर्थन चाहिए। बेंसेंट ने कहा, यह अब एक रेस बन गई है, एक तरफ यूक्रेनी सेना कितने समय तक टिक सकती है और दूसरी तरफ रूसी अर्थव्यवस्था कितने समय तक संभल सकती है। उन्होंने कहा, अगर अमेरिका और ईयू मिलकर प्रतिबंधों को और सख्त करते हैं और रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर द्वितीयक शुल्क लगाते हैं, तो रूसी अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाएगी और इससे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन वार्ता के लिए मजबूर होंगे।

### ट्रंप ने अरबों डॉलर की विदेशी सहायता रोकने को सुप्रीम कोर्ट से मांगा आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने विभिन्न देशों को दी जाने वाली अरबों अमेरिकी डॉलर की सहायता पर रोक लगाने के लिए सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से आपातकालीन आदेश जारी करने का अनुरोध किया। इस कानूनी लड़ाई का मूल मुद्दा कांग्रेस (अमेरिकी संसद) द्वारा स्वीकृत लगभग 5 अरब अमेरिकी डॉलर की सहायता है, जिसके बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने कहा था कि वह इसे खर्च नहीं करेंगे। उन्होंने उस विवादित प्राधिकार का हवाला देते हुए यह कहा, जिसका पिछली बार उपयोग लगभग 50 वर्ष पहले तत्कालीन राष्ट्रपति द्वारा किया गया था। पिछले हफ्ते, अमेरिकी जिला न्यायाधीश आमिर अली ने फैसला सुनाया कि रिपब्लिकन प्रशासन का धनराशि रोकने का निर्णय संभवतः अवैध है। ट्रंप ने 28 अगस्त को अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन को लिखे एक पत्र में बताया कि वह संसद द्वारा स्वीकृत 4.9 अरब अमेरिकी डॉलर की विदेश सहायता राशि खर्च नहीं करेंगे।

### मदर मैरी का रथ जुलूस



कर्नाटक के बेंगलुरु में सोमवार को सेंट मैरी बेसिलिका में सेंट मैरी के वार्षिक भोज और उत्सव के समापन के दौरान मदर मैरी के रथ जुलूस में भाग लेने के लिए भारी संख्या में इकट्ठे हुए लोग।

### गाजाः इजराइली सेना के हमले में 50 की मौत

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना द्वारा कम से कम 50 फलस्तीनी मारे गए हैं। फलस्तीनी सरकारी समाचार एजेंसी वाफा ने यह जानकारी अपनी रिपोर्ट में दी है।

वाफा के अनुसार रविवार को मारे गये लोगों में से 46 लोग परिक्षेत्र के उत्तरी भाग के निवासी थे। गाजा नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने एक बयान में कहा कि रविवार सुबह से इजराइली सेना ने 50 से ज्यादा इमारतों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है और 100 से ज्यादा अन्य को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिनमें हज़ारों नागरिकों के आवास वाली ऊंची इमारतें भी शामिल हैं।

## जापान : प्रधानमंत्री पद के लिए सत्ताधारी दल में मचा घमासान

**टोक्यो, एजेंसी**

शिगेरू इशिबा के पद से इस्तीफा देते ही जापान के सत्ताधारी दल लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी में प्रधानमंत्री पद के लिए घमासान शुरू हो गया है। पूर्व विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने इस पद के लिए दावा जताते हुए कहा कि वह अपना सारा राजनीतिक अनुभव देश और पार्टी के सेवा के लिए समर्पित करने को कृत-संकल्प हैं।

मंत्रिमंडलीय मुख्य सचिव योशिमासा हयाशी ने भी इस पद की उम्मीदवारी के लिए दावा किया है। रिपोर्ट के अनुसार एलडीपी मंगलवार को चुनाव के लिए मतदान की

- शिगेरू इशिबा के इस्तीफा देने के कारण खाली हुआ है पद

प्रक्रिया का निर्धारण करेगी। मोतेगी और हयाशी दोनों ने पिछली बार भी प्रधानमंत्री पद के लिए दावेदारी की थी। मोतेगी एलडीपी पॉलिसी प्रमुख के रूप में भी काम कर चुके हैं। इसके अलावा अन्य दावेदारों में पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची और कृषि मंत्री शिंजिरो कोइजुमी भी शामिल हैं। इशिबा ने रविवार को इस्तीफा दिया था क्योंकि जुलाई में उच्च सदन में पार्टी की हार के बाद से उनसे हार की जिम्मेदारी लेने और पद से इस्तीफा देने की लागातार मांग हो रही थी।

## ब्रिटेन : अवैध प्रवासी वापस न लेने वाले देशों को दी वीजा निलंबन की चेतावनी

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन की नवनियुक्त गृह सचिव शबाना महमूद ने सोमवार को आव्रजन पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन देशों के वीजा निलंबन की चेतावनी दी जो अवैध प्रवासियों को वापस लेने और उनके साथ सहयोग करने से इनकार करते हैं।

पिछले हफ्ते गृह मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद से अपने एक प्रमुख कार्यक्रम में दक्षिण एशियाई मूल की मंत्री ने खुफिया जानकारी साक्षा करने के उद्देश्य से गठित 'फाइव आइज' समूह के सदस्य देशों की लंदन में आयोजित एक बैठक में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और कनाडा के अपने समकक्षों की



- नई गृहमंत्री शबाना महमूद का आव्रजन पर सख्त रुख

मेजबानी की। इस बैठक से करीब एक सप्ताह पहले 1,000 से अधिक प्रवासी छोटी नौका के जरिये अवैध रूप से ब्रिटेन के तटों पर पहुंचे थे।

महमूद ने कहा, जो देश सहयोग नहीं करते, हमारे लिए इसका मतलब भविष्य में वीजा में कटौती की संभावना है, बस इतना कहना है कि हम उम्मीद करते हैं कि देश सहयोग करेंगे, नियमों का पालन करेंगे।

### पाकिस्तानः बारिश से रणजीत सिंह के पिता का स्मारक ढहा

**लाहौर।** पाकिस्तान के गुजरांवाला में भारी बारिश के कारण महाराजा रणजीत सिंह के पिता सरदार महान सिंह के स्मारक का एक हिस्सा ढह गया है।

इवैक्यूई प्रॉपर्टी ट्रस्ट बोर्ड (ईपीटीबी) के प्रवक्ता गुलाम मोहिउद्दीन ने सोमवार को कहा, हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण, लाहौर से लगभग 80 किलोमीटर दूर गुजरांवाला के शेरांवाला बाग में स्थित सरदार महान सिंह की समाधि का एक हिस्सा ढह गया है। सौभाग्य से, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ईटीपीबी पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के पवित्र स्थलों की देखभाल करता है। उन्होंने कहा, सिख समुदाय के एक प्रमुख नेता सरदार महान सिंह को उपमहाद्वीप व सिख विरासत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति माना जाता है। उनकी समाधि का जीर्णोद्धार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर असाधारण महत्व रखता है। मोहिउद्दीन ने कहा कि ईटीपीबी के अधिकारियों ने एक तकनीकी टीम के साथ घटनास्थल का दौरा कर हालात का जायजा लिया।

## यरुशलम में फलस्तीनी हमलावरों ने गोलियां चलाकर छह की हत्या की, 12 लोग घायल

**यरुशलम, एजेंसी**

उत्तरी यरुशलम में भीड़भाड़ वाले एक चौराहे पर एक बस स्टॉप पर फलस्तीनी हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में छह लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। इजराइली पुलिस के मुताबिक हमलावरों ने बस स्टॉप पर इंतजार कर रहे लोगों पर गोलियां चलाईं। घटनास्थल पर मौजूद एक सुरक्षा अधिकारी और एक नागरिक ने हमलावरों को मार गिराया।

गाजा में युद्ध के बाद से इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक और इजराइल दोनों जगह हिंसा में वृद्धि हुई है। फलस्तीनी उग्रवादियों ने इजराइल और पश्चिमी तट पर इजराइलियों पर हमला किया है

- मारे गए दोनों हमलावर, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू मौके पर पहुंचे

और उनकी हत्या की है। सोमवार को हुई गोलीबारी यरूशलम के उत्तरी प्रवेश बिंदु के निकट एक प्रमुख चौराहे पर हुई, जो पूर्वी यरूशलम में स्थित यहूदी बस्तियों की ओर जाने वाली सड़क पर स्थित है। हमले की फुटेज में सुबह के व्यस्त समय में भीड़भाड़ वाले चौराहे पर स्थित एक बस स्टॉप से कई लोग भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक बस, जिसका शीशा गोलियों से छलनी था, एक बस स्टॉप पर खड़ी थी, और लोगों का सामान सड़क पर बिखरा पड़ा था।

घटनास्थल पर पहुंचे पैरा चिकित्सकों ने बताया कि इलाके में अफरा-तफरी मची हुई थी और टूटे हुए शीशे बिखरे पड़े थे, सड़क पर और बस स्टॉप के पास फुटपाथ पर लोग घायल और बेहोश पड़े थे। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गोलीबारी के लगभग दो घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंचे।

नेत न्याहू को सोमवार को उनके भ्रष्टाचार के मुकदमे के लिए अदालत में उपस्थित होना था, लेकिन सुरक्षा कारणों से यह सुनवाई स्थगित कर दी गई। उन्होंने चेतावनी दी कि इजराइल कई मोर्चों पर युद्ध लड़ रहा है, जिसमें गाजा, वेस्ट बैंक और इजराइल शामिल हैं। नेतन्याहू ने हमलावर को मारने वाले सैनिक की भी प्रशंसा की, जो अतिरूढ़िवादी सैनिकों के लिए नवगठित इकाई से था।

### अमेरिका में भारतीय युवक की गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़।** हरियाणा के जींद जिले के एक युवक कि अमेरिका के कैलिफोर्निया में कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब उसने एक स्थानीय को उस दुकान के बाहर सड़क पर पेशाब करने से रोका, जहां वह काम करता था।

जींद के बराह कलां गांव के प्रधान सुरेश गौतम ने बताया कि उनके गांव के युवक कपिल (26) की शनिवार को हत्या कर दी गई, जो करीब तीन साल पहले डंकी रूट से अमेरिका गया था। गांव के मुखिया ने पीड़ित परिवार के हवाले से फोन पर बताया, "कपिल को एक स्थानीय निवासी ने तब गोली मार दी जब उसने उसे सार्वजनिक स्थान पर पेशाब करने से रोकने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि कपिल अमेरिका में एक दुकान में सुरक्षा कर्मी के तौर पर काम करता था।



## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 सितंबर, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया 18.28 तक तत्पश्चात तृतीया।

**मेष** – आज उच्च अधिकारियों से तनाव हो सकता है। जीवनसाथी के लिए समय अवश्य निकालें। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को थोड़ी परेशानी हो सकती है। सेहत का पर्याप्त साथ नहीं मिलेगा। थकान और अनिद्रा की शिकायत हो सकती है।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में लोग आपके प्रति आकर्षित रहेंगे। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। लोग आपके सुझावों पर अमल करेंगे। धर्म-कर्म में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। ऑनलाइन शॉपिंग में आपको भारी छूट का लाभ मिल सकता है।

**मिथुन** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप जिस कार्य को हाथ में लेंगे उसे समय पर पूर्ण कर लेंगे। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। कारोबार के लिए आपको रणनीति बनानी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ प्राप्त होगा।

**कर्क** – आज व्यवसाय में धन लाभ के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। विचारों की अभिव्यक्ति में खुलेपन के कारण लोग आपके विरोध में आ सकते हैं। बौद्धिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। अपनी बातों और विचारों को लेकर दृढ़प्रतिज्ञ रहेंगे।

**सिंह** – आज लोग आपके जिद्दी व्यवहार के कारण नाराज हो सकते हैं। छोटी-छोटी बातों पर क्रोध न करें। पुराने लोन को लेकर परेशानी हो सकती है। विरोधियों को कमजोर समझने की भूल करना भारी पड़ सकता है। विवादित मामलों पर चर्चा करने से बचें।

**कन्या** – आज मन में उदासीनता का भाव रहेगा। प्रतिस्पर्धा पर आपको विजय प्राप्त हो सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। संपत्ति के मामले काफी अनुकूल रहेंगे। संगीत और अभिनय को लेकर आप रुचि ले सकते हैं।

**तुला** – आज छोटे-मोटे खर्चों को लेकर अधिक तनाव न लें। व्यापारी वर्ग को कारोबार के नए अनुबंध करने पड़ सकते हैं। किसी पुराने कर्ज को चुका सकते हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन उत्तम रहने वाला है। शरीर में चुस्ती और स्फूर्ति रहेगी।

**वृश्चिक** – आज व्यावसायियों की दैनिक आय में वृद्धि की संभावना बन रही है। परिवार में आपसी तालेमल बेहतरीन रहेगा। दृढ़ इच्छाशक्ति के बलबूते कठिन कार्य भी आसानी से पूर्ण कर लेंगे। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ने की संभावना है।

**धनु** – आज मौसम में आ रहे बदलावों को लेकर सावधान रहें। धन खर्च करते समय कंजूसी न करें। मानसिक अशांति से छुटकारा मिलेगा। परिजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यापार में कुछ तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

**मकर** – आज शीघ्रता में सभी काम निपटाने का प्रयास करेंगे। प्रेम-संबंधों को लेकर भावुक रहेंगे। जॉब को लेकर थोड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।आपकी कोई इच्छा पूर्ण हो सकती है। शेयर मार्केट से अपेक्षित धन लाभ प्राप्त होगा।

**कुंभ** – आज पारिवारिक वातावरण सुखमय रहेगा। युवा अपने करियर को लेकर अत्यंत गंभीर रहेंगे। सम्मानित लोगों का मार्गदर्शन मिल सकता है। किसी परिजन के ऊपर आपको धन खर्च करना पड़ेगा। अपनी योजनाओं को सार्वजनिक न करें।

**मीन** – आज पूर्व में लिए गए निर्णय आपको लाभ पहुंचाएंगे। छोटे स्तर पर किया गया व्यवसाय लाभप्रद होगा। दूसरों पर आपको निर्भर रहना पड़ेगा। उच्च अधिकारियों से पुरस्कार मिल सकता है। दोपहर के बाद परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होने लगेंगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 18.07 तक तत्पश्चात रेवती।

## सुडोकू -94

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 9 | | 2 | | 3 | |
| | 3 | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | | | 5 | 4 | |
| 6 | | 2 | | 8 | | 3 | | |
| | | 1 | | | 3 | 9 | | |
| | | 4 | | 7 | | | | 2 |
| 5 | 8 | | | | | 2 | | |
| 7 | | | | | | | 1 | |
| | 1 | | 3 | | 6 | 4 | | |

### सुडोकू - 93 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 |




> टीम को अपने व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम से बेहतर तरीके से निपटना सीखना होगा। बेन डकेट, जेमी स्मिथ और हैरी ब्रुक इस गर्मी में अब तक इंग्लैंड के 15 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों में लगातार मौजूद रहे हैं। तीनों खिलाड़ी अगले हफ्ते आयरलैंड दौरे पर नहीं जाएंगे। **-ब्रेंडन मैकुलम**


# स्टेडियम

बरेली, मंगलवार, 9 सितंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### अनन्या और दिव्यांशी ने युगल खिताब जीता

**स्कोपिया (मैसेडोनिया) :** अनन्या मुरलीधरन और दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में झाओ वैंगकी और ल्यु झिलिंग की चीन की जोड़ी को हराकर डब्ल्यूटीटी युवा स्टार कंटेंडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट में अंडर-15 लड़कियों के युगल वर्ग का खिताब जीता। कड़े मुकाबले में अनन्या और दिव्यांशी ने अपना धैर्य बरकरार रखते हुए चीन की जोड़ी के खिलाफ 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से जीत दर्ज की। दबाव को झेलने और तनावपूर्ण क्षणों में आक्रामक जवाब देने की क्षमता भारतीय जोड़ी को पोडियम पर शीर्ष स्थान दिलाने में निर्णायक साबित हुई।

### भारतीय टेबल टेनिस का भविष्य उज्जवल

**नई दिल्ली :** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता राष्ट्रीय कोच संदीप गुप्ता ने सोमवार को कहा कि दिग्गज खिलाड़ी शरत कमल के हाल ही में संन्यास लेने के बावजूद प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का अच्छा पूल होने के कारण भारतीय टेबल टेनिस का भविष्य उज्जवल नजर आता है। गुप्ता फिलहाल राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में व्यस्त हैं, जो 13 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद दिल्ली में आयोजित की जा रही है। स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा के बचपन के कोच गुप्ता ने कहा कि इस टूर्नामेंट में लगभग 3000 प्रतिभागियों का शामिल होना, पूरे भारत में इस खेल के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है।

### तीरंदाजी के क्वार्टर फाइनल में मिली हार

**ग्वांगजू :** भारत की स्वर्ण पदक विजेता कंपाउंड टीम के सदस्य ऋषभ यादव, अमन सैनी और प्रथमेश फुगे विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। इस हार के मायने हैं कि भारत विश्व चैंपियनशिप में पुरुष कंपाउंड वर्ग का व्यक्तिगत स्वर्ण बरकरार रखने में नाकाम रहा। ओजस देवताले बर्लिन में 2023 में विश्व चैंपियन बने थे। इस बार ट्रायल में कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण वह भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके। महिला व्यक्तिगत वर्ग के मुकाबले अभी होने हैं। तीनों ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।

### भारत ने शूट आउट में ओमान को हराया

**हिसोर (ताजिकिस्तान) :** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ने सोमवार को यहां ओमान को पेनल्टी शूट आउट में 3-2 से हराकर सीएएफए नेशन्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। भारत ने पश्चिम एशिया के अपने प्रतिद्वंद्वी को इतिहास में पहली बार शिकस्त दी। भारतीय टीम ने किसी अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल मैच में ओमान को पहली बार हराया है। नियमित और अतिरिक्त समय के बाद मुकाबला 1-1 से बराबर था जिसके बाद नतीजे के लिए शूट आउट का सहारा लिया गया। शूट आउट में बेहतर रैंकिंग वाली टीम ओमान ने अपने शुरुआती दो मौके गंवा दिए जबकि गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने अंतिम पेनल्टी को रोककर तीसरे-चौथे स्थान के क्लासीफिकेशन मुकाबले में भारत की जीत सुनिश्चित की।

# अल्काराज ने सिनर पर अपनी श्रेष्ठता फिर से साबित की

- यूएस ओपन में कार्लोस अल्काराज ने यानिक सिनर को हराकर बेहतर किया रिकार्ड
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आने के कारण हजारों प्रशंसक स्टेडियम के बाहर घंटों फंसे रहे

न्यूयॉर्क, एजेंसी

कार्लोस अल्काराज ने यानिक सिनर पर अपना दबदबा बरकरार रखते हुए चार सेट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीत लिया।

इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अमेरिकी ओपन का फाइनल फ्रेंच ओपन में चैंपियनशिप का फैसला करने वाले उनके मुकाबले जितना लंबा, रोमांचक और नाटकीय नहीं था, जहां अल्काराज चैंपियन बने थे। यह विंबलडन के फाइनल जितना सार्थक और कथानक आधारित भी नहीं था, जहां सिनर ने फ्रेंच ओपन की हार का बदला चुकता किया था। फिर भी रविवार को दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज की नंबर एक सिनर पर 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से जीत वाकई अहम रही। अल्काराज ने गत चैंपियन पर अपनी श्रेष्ठता फिर से स्थापित की, एटीपी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया और टेनिस प्रशंसकों को उनके अगले मुकाबले का बेसब्री से इंतजार करने पर मजबूर कर दिया। यह दोनों खिलाड़ी टेनिस के इतिहास में एक ही सत्र में लगातार तीन ग्रैंड स्लैम फाइनल में एक दूसरे का सामना करने वाले पहले दो पुरुष खिलाड़ी हैं। पुरस्कार समारोह के दौरान अल्काराज ने मजाक में कहा मैं आपको अपने परिवार से ज्यादा देख रहा हूं।

मैच की शुरुआत लगभग आधे घंटे देर से हुई, जबकि हजारों प्रशंसक आर्थर ऐश स्टेडियम के बाहर फंसे रहे और उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा से गुजरना पड़ा, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मैच देखने के लिए प्रायोजक के सुइट में बैठे थे।

> विंबलडन की हार के बाद ही मैंने अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। मैंने उस मैच को देखा और अपने कोच के साथ मिलकर अपनी गलतियों पर काम किया। मुझे खुशी है कि मैं यहां ट्रॉफी जीतने में सफल रहा। **-कार्लोस अल्काराज**

> मैं उन्हें पूरा श्रेय देता हूं क्योंकि उन्होंने मेरी तुलना में परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाया। उन्होंने महत्वपूर्ण अवसरों पर बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और जब जरूरत थी तब अंक हासिल किए। **-यानिक सिनर**


यूएस ओपन की ट्रॉफी के साथ कार्लोस अल्काराज (दाएं) व उपविजेता यानिक सिनर।

### 2.42 घंटे लंबा चला मुकाबला

- **न्यूयॉर्क :** दो घंटे 42 मिनट की इस जीत से स्पेन के अल्काराज़ ने इटली के सिनर के खिलाफ अपना रिकॉर्ड भी और बेहतर कर दिया। इन दोनों के बीच जितने मुकाबले खेले गए हैं उनमें अल्काराज़ का रिकॉर्ड 10-5, ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 6-4 और अमेरिकी ओपन में 2-1 हो गया है। अल्काराज़ का यह छठा ग्रैंड स्लैम खिताब है। अल्काराज़ ने शुरू से ही खेल पर नियंत्रण बना दिया। सिनर ने कुछ अवसरों पर वापसी की कोशिश की। अल्काराज़ ने दोगुने विनर्स (42-21) के साथ मैच समाप्त किया जिससे मैच में उनके दबदबे का पता चलता है।

# खिताब की प्रबल दावेदार है टीम इंडिया

## एशिया कप टी-20 : आज शुरू हो रहा है टूर्नामेंट, भारत कल अफगानिस्तान के खिलाफ भिड़ेगा

दुबई, एजेंसी

सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम मंगलवार से शुरू हो रहे एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट पाकिस्तान और श्रीलंका के मौजूदगी के बावजूद खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा।

टूर्नामेंट की शुरुआत अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच अबू धाबी में होने वाले मैच से होगी, लेकिन सभी की निगाहें दुबई पर टिकी होंगी, जहां सितारों से सजी भारतीय टीम बुधवार को अपने पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात पर बड़ी जीत हासिल करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। एशिया कप इससे पहले टी-20 विश्व कप के लिए ड्रेस रिहर्सल के रूप में काम करता था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। इसके बावजूद भारतीय टीम एशिया में अपना दबदबा बनाए रखने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

भारत का एशिया कप में रिकॉर्ड अच्छा रहा है और इस बार तो पूरा शक्ति संतुलन उसके पक्ष में झुका हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में उसे हराना किसी भी टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। भारतीय टीम को लेकर आत्मविश्वास इतना अधिक है कि चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने एक बार भी एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा स्वीकृत 17 सदस्यीय टीम चुनने पर विचार नहीं किया। इसके बजाय उन्होंने आईसीसी प्रतियोगिताओं की तरह 15 खिलाड़ियों को चुना, भले ही इसका मतलब श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ियों को बाहर रखना हो।

नौवीं बार महाद्वीपीय खिताब जीतने से (सात बार वनडे प्रारूप में और वर्ष 2016 में एक बार टी-20 प्रारूप में) न तो सूर्यकुमार को और न ही गंभीर को कोई अतिरिक्त श्रेय मिलेगा। लेकिन ट्रॉफी से कम कुछ भी आलोचनाओं को आमंत्रित करेगा, क्योंकि साढ़े चार महीने बाद भारत और श्रीलंका टी-20 विश्व कप की संयुक्त मेजबानी करेंगे।

सूर्यकुमार की टीम विश्व कप से पहले लगभग 20 मैच खेलेगी जिसमें एशिया कप का फाइनल भी शामिल है। भारत इन मैच से विश्व कप के लिए सही संयोजन तैयार करना चाहेगा। भारत इस प्रारूप में इतना मजबूत है कि वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तीन टीम उतार सकता है। सूर्यकुमार अब तक शानदार कप्तान रहे हैं और उनका जीत का रिकॉर्ड 80 प्रतिशत है, लेकिन अब नेतृत्व समूह में उप-कप्तान शुभमन गिल होंगे। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि टी-20 कप्तान और टेस्ट कप्तान किस तरह एकमत होकर एक ही राग अलापते हैं। जिस तरह से भारतीय बल्लेबाजों ने टी-20 बल्लेबाजी को नया स्वरूप प्रदान किया है तथा आईपीएल के अनुभव को देखते हुए पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी टीमों के लिए उसकी बराबरी करना मुश्किल हो गया है, जो डेढ़ दशक पहले तक बराबरी पर थीं। पाकिस्तान ने अपने अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को टीम में नहीं चुना है। उसकी सफलता काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगी कि शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ और हसन अली आक्रामक भारतीय बल्लेबाज़ी के सामने कैसी गेंदबाज़ी करते हैं। पाकिस्तान ने त्रिकोणीय श्रृंखला के कम स्कोर वाले फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हरा दिया।


अबू धाबी में अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय टीम। एजेंसी

### भारत से टक्कर आसान नहीं

- एशिया कप में दिलचस्पी इस बात को लेकर कम है कि इसे कौन जीत सकता है, बल्कि इस बारे में अधिक है कि भारत को कौन रोक सकता है। पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों की टीम परिवर्तन के दौर से गुजर रही हैं और उनके लिए भारत की मजबूत टीम का सामना करना मुश्किल होगा। ग्रुप बी में हांगकांग के अलावा बांग्लादेश दूसरी ऐसी टीम है जिसके शुरुआती चरण में बाहर होने की पूरी संभावना है।

# सिराज महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित

- इंग्लैंड दौरे के पांचवें टेस्ट में शानदार प्रदर्शन का मिला लाभ
- न्यूजीलैंड के मैट हेनरी व वेस्टइंडीज के जेडन सील्स भी सूची में शामिल

दुबई, एजेंसी

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को सोमवार को इंग्लैंड दौरे के पांचवें और अंतिम टेस्ट में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी के अगस्त महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। सिराज के साथ न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स भी इस सूची में शामिल है।

सिराज ने इंग्लैंड में पांच मैचों की सीरीज के सभी मैचों को खेला और 23 विकेट चटकाए। जून के अंत में शुरू यह श्रृंखला अगस्त की शुरुआत में खत्म हुई। सिराज ने पांचों टेस्ट में 185.3 ओवर डाले और अपनी रफ्तार कम किए बिना युवा और कम अनुभव वाले भारतीय टीम को 2-2 से ड्रॉ करने में मदद की। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा मोहम्मद सिराज ने अगस्त में सिर्फ एक मैच खेला, लेकिन उस मैच में उनकी शानदार गेंदबाजी उन्हें नामांकन दिलाने के लिए काफी थी। इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के अंतिम टेस्ट में इस भारतीय तेज गेंदबाज ने 21.11 की औसत से नौ विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में सिराज ने बहुत दृढ़ संकल्प के साथ आक्रमण का नेतृत्व किया। श्रृंखला के शुरुआती चार मैच खेलने के बावजूद उन्होंने दो पारियों में 46 से अधिक ओवर डाले। आईसीसी ने कहा उन्होंने पहली पारी में चार विकेट लिए और उसके बाद दूसरी पारी में शानदार पांच विकेट लिए। दूसरी पारी में उनके निर्णायक स्पैल ने भारत को जीत दिलाई, जिससे सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई। इस शानदार प्रयास के लिए सिराज को इस मैच का प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। न्यूजीलैंड के हेनरी को जिम्बाब्वे में टेस्ट सीरीज में जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन के लिए नामांकित किया गया है।



# रिकॉर्ड 35 भारतीय पदार्पण करेंगे

- विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक होगी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के रिकॉर्ड 35 एथलीट 27 सितंबर से पांच अक्टूबर तक यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदार्पण करेंगे।

पदार्पण करने वाले एथलीट में महेंद्र गुर्जर भी शामिल हैं जिन्होंने इस साल स्विट्जरलैंड में नोटविल ग्रां प्री में पुरुष एफ42 भाला फेंक स्पर्धा में 61.17 मीटर के प्रयास के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया था। अभी पटियाला में ट्रेनिंग कर रहे गुर्जर विश्व चैंपियनशिप में पहली बार शिरकत करते हुए अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक हैं।




पहली बार भाग लेने वालों में अतुल कौशिक (चक्का फेंक एफ57), प्रवीण (चक्का फेंक एफ46), हैनी (चक्का फेंक एफ37), मित पटेल (लंबी कूद टी44), मंजीत (भाला फेंक एफ13), विशु (लंबी कूद टी12), पुष्पेंद्र सिंह (भाला फेंक एफ44), अजय सिंह (लंबी कूद टी47), शुभम जुयाल (गोला फेंक एफ57), बीरभद्र सिंह (चक्का फेंक एफ57), दयावंती (महिला 400 मीटर टी20), अमीषा रावत (महिला गोला फेंक एफ46), आनंदी कुलंथायसामी (क्लब थ्रो एफ32) और सुचित्रा परिदा (महिला भाला फेंक एफ56) शामिल हैं। भारत की अब तक की सबसे बड़ी पैरा खेल मानी जा रही इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक देशों के 2200 से अधिक खिलाड़ी और अधिकारी 186 पदक स्पर्धाओं में भाग लेंगे।

## राइफल और पिस्टल मिश्रित टीम विश्व कप कल से

**निंगबो (चीन) :** भारत के मिश्रित टीम राइफल और पिस्टल निशानेबाज मंगलवार से यहां शुरू हो रहे आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेंगे। राइफल और पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धायें निंगबो ओलंपिक खेल केंद्र पर होंगी।

भारत ने 24 सदस्यीय टीम भेजी है जिसमें राष्ट्रीय रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान के निशानेबाज भाग लेंगे। पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियन और ओलंपियन रमिता जिंदल जूनियर विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता उमामहेश मेदिनेनी के साथ खेलेंगी।

# नीतीश कुमार विजेता टीम के प्रत्येक सदस्य को 10 लाख देंगे

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एशिया कप 2025 जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के प्रत्येक सदस्य को 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। भारत ने रविवार को राजगीर में पुरुष हॉकी एशिया कप के फाइनल में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि राजगीर स्थित खेल परिसर में पहली बार आयोजित एशिया कप 2025 में भारतीय हॉकी टीम ने शानदार जीत दर्ज की। इस जीत से पूरा देश गौरवान्वित है। मुख्यमंत्री ने लिखा एशिया कप 2025 की विजेता भारतीय टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 10 लाख रुपये और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ सदस्य को 5 लाख रुपये का मानदेय दिया जाएगा।

भारतीय टीम इससे पहले 2017 में ढाका में, 2007 चेन्नई में और 2003 में कुआलालंपुर में आयोजित एशिया कप पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर चुकी है। इस जीत के साथ ही भारत ने अगले साल एफआईएच विश्व कप के लिये भी क्वालीफाई कर लिया है।

## जैसमीन विश्व मुक्केबाजी के क्वार्टर फाइनल में

**लिवरपूल (इंग्लैंड) :** राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैसमीन लंबोरिया ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पहले पदक की ओर कदम बढ़ाते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि भारत के दो अन्य मुक्केबाज हारकर बाहर हो गए।

जैसमीन ने महिलाओं के 57 किलो वर्ग के अंतिम 16 में ब्राजील की दो बार की ओलंपियन जूसीलेन सेरकीरा रोमेउ को 5.0 से हराया। दोनों में जुलाई में अस्ताना टूर्नामेंट में भी स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला हुआ था जिसमे जैसमीन जीती थीं।

# महिला एशिया कप में भारत ने सिंगापुर को 12-0 से रौंदा

हांगझोउ (चीन), एजेंसी

नवनीत कौर और मुमताज खान की हैट्रिक की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को एशिया कप के पूल बी मैच में सिंगापुर को 12-0 से रौंदा।

नवनीत (14वां, 18वां, 28वां मिनट) और मुमताज खान (दूसरा, 32वां और 38वां मिनट) के अलावा, नेहा (11वां मिनट, 38वां मिनट) ने दो जबकि लालरेम्सियामी (13वां मिनट), शर्मिला देवी (45वां मिनट) और रुतुजा पिसल (52वां मिनट) ने भी भारत के लिए गोल दागे।

विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज भारत ने अपने पहले मैच में थाईलैंड को 11-0 से हराया था, जबकि गत चैंपियन जापान के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था। भारत अपना अगला मैच सुपर चार चरण में पूल ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगा।

विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज सिंगापुर के खिलाफ भारतीय टीम ने दो मिनट के अंदर ही गोल कर शानदार शुरुआत की। मुमताज के सर्कल के कोने से लगाए जोरदार रिवर्स शॉट का सिंगापुर की रक्षापंक्ति के पास कोई जवाब नहीं था। भारतीय खिलाड़ियों ने मैच पर अपना दबदबा कम नहीं होने दिया और आठवें मिनट में टीम ने पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन यह प्रयास जाया हो गया। टीम ने 11वें से 14 वें मिनट के अंदर तीन गोल कर पहले क्वार्टर में ही सिंगापुर को बैकफुट पर धकेल दिया।


एशिया कप में सिंगापुर के खिलाफ गोल का प्रयास करतीं भारतीय खिलाड़ी।

## हॉकी टीम में युवा खिलाड़ियों को मौका देने का मिला लाभ

**राजगीर (बिहार) :** भारतीय हॉकी टीम के लिए कुछ अनुभवी खिलाड़ियों को हटाकर युवा खिलाड़ियों को मौका देने का दांव एशिया कप में सही साबित हुआ। जिसके फाइनल में टीम ने दक्षिण कोरिया को 4-1 के बड़े अंतर से हराकर आठ साल बाद इस खिताब जीतने के साथ अगले साल होने वाले विश्व कप का टिकट पक्का किया।

यह जीत टीम को भविष्य में और बदलाव कर युवाओं को अधिक मौके देने के लिए प्रेरित करेगी। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के तीन खिलाड़ियों, शमशेर सिंह, गुरजंत सिंह और नीलकंठ शर्मा को की जगह मिडफील्डर राजिंदर सिंह और स्ट्राइकर शिलानंद लकड़ा को टीम में शामिल किया गया था। यह कदम एक मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ।

**अगला लक्ष्य** — हॉकी एशिया कप जीतने के बाद कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सभी खिलाड़ियों को सराहा

# अब हमारा पूरा ध्यान विश्व कप पर

राजगीर (बिहार), एजेंसी

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हीरो एशिया कप 2025 का खिताब जीतने के बाद सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि अब हमारा पूरा ध्यान अगले साल अगस्त में होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप पर होगा।

हरमनप्रीत सिंह ने कहा सभी खिलाड़ी पूरी तरह से एकाग्र थे। हम जानते थे कि हमें यह मैच जीतना है और हमने खुद से कहा कि विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का यही एकमात्र रास्ता है। आज एशिया की नंबर एक टीम के रूप में टूर्नामेंट में उतरते हुए, हम अपनी उम्मीदों पर खरा उतरना चाहते थे। हालांकि हमने अपनी उम्मीदों के मुताबिक शुरुआत नहीं की, खासकर पिछले तीन मैचों में, हमने अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया और यही हमारे प्रदर्शन का स्तर है। इसने हमें एक टीम के रूप में अपनी क्षमता का एहसास दिलाया।

कोरिया के खिलाफ टीम के प्रदर्शन के बारे में दिग्गज ड्रैगफ्लिकर ने कहा हर मैच से कुछ न कुछ सीख मिलती है। कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ एक ऐसा झटका था, जिससे हम उबरना चाहते थे और हमने फाइनल में इसे पलट दिया। मैं टीम की रक्षापंक्ति की खास तौर पर सराहना करूंगा। हर खिलाड़ी ने मजबूत डिफेंस में योगदान दिया। हमारे फॉरवर्ड ने कई मौके बनाए और गोल में तब्दील किए। अब, हमारा ध्यान विश्व कप पर है और हमारे पास तैयारी के लिए एक साल है। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा गर्म परिस्थितियों में 10 दिनों में सात मैच खेलना आसान नहीं है। यह वाकई मुश्किल है, लेकिन मुझे टीम पर बहुत गर्व है और उन्होंने सचमुच चैंपियन की तरह खेला है। हालांकि हमने सुपर चार में कोरिया के साथ मैच ड्रॉ किया था, पर उनके मुकाबले हमारे आंकड़े तिगुने थे, हम उस रात मैच खत्म नहीं कर पाए। लेकिन इसने हमें फाइनल के लिए तैयार कर दिया।



कप्तान हरमनप्रीत सिंह। एजेंसी

### हर मैच को पूरी गंभीरता से लिया

- भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह कहा हमने हर मैच को पूरी गंभीरता से लिया। मलेशिया के साथ मैच क्वार्टर फाइनल की तरह और चीन के साथ मैच सेमीफाइनल की तरह खेला और उस मैच ने हमें सचमुच दिखाया कि हम क्या कर सकते हैं। फुल्टन ने कहा 2026 की शुरुआत में प्रो लीग सीजन शुरू होने से पहले सुल्तान अजलान शाह टूर्नामेंट, दक्षिण अफ्रीका दौरा और फिर हॉकी इंडिया लीग है। हमारे पास विश्व कप की अच्छी तैयारी के लिए एक साल है, लेकिन फिलहाल हम इस जीत का पूरा आनंद लेंगे।